✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 129 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 5 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



मुंगेर में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार




## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिम चंपारण में पिछले 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मझौलिया के परसा गांव में ठनका गिरने से सुदामा देवी व उनकी पोती नंदनी कुमारी की मौत शनिवार की दोपहर हो गयी। वहीं योगापट्टी में एस्बेटस के घर पर पेड़ गिरने से प्रेमशीला कुमारी तथा जगदीशपुर के हरदीपट्टी में पेड़ गिरने से पानमती देवी की मौत हो गयी।

### पानी से भरे गड्ढे में गिरी स्कॉर्पियो, मां-बेटी की मौत

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** सबौर थाना क्षेत्र के अलंग गांव के पास एक स्कॉर्पियो के पानी से भरे गड्ढे में गिरने से उसमें सवार चार साल की एक बच्ची और उसकी मां की मौत हो गई जबकि तीन अन्य बच्चों समेत 7 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। मृतक महिला की पहचान बैजलपुर गांव के रहने वाले मिथिलेश कुमार की 24 साल की पत्नी प्रियंका कुमारी और उनकी चार साल की बेटी रचना भारती के रूप में हुई है। हादसे की सूचना के बाद सबौर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और मां-बेटी की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### आइपीएस आदित्य कुमार तीन साल बाद निलंबन मुक्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** तीन साल से सस्पेंड चल रहे आइपीएस आदित्य कुमार को बिहार चुनाव से पहले बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने उन्हें निलंबन मुक्त कर दिया है। हालांकि डीजीपी को हाई कोर्ट जज के नाम पर फर्जी कॉल कराने के आरोपों की विभागीय जांच चलती रहेगी। आइपीएस आदित्य कुमार पर साल 2022 में गंभीर आरोप लगे थे। अक्टूबर 2022 में उन्हें तत्काल प्रभाव सेसस्पेंड कर दिया गया था। अब तीन साल बाद उन्हें राहत देते हुए गृह विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक 3 अक्टूबर 2025 से आदित्य कुमार निलंबन मुक्त रहेंगे। पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान देने को कहा गया है।

### गेहूं के समर्थन मूल्य में वृद्धि

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया गया है। सरकारी क्रय केंद्रों पर अब किसानों से इसी मूल्य पर खरीद की जाएगी। गेहूं के मूल्य पर 160 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इस वर्ष पैक्सों में गेहूं बेचने पर किसानों को 2585 रुपये मिलेंगे। पिछले वर्ष 2425 रुपये मिला था। केंद्रीय कैबिनेट ने एक अक्टूबर को इसकी मंजूरी दे दी है। वहीं चना पर 225 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

## प्रधानमंत्री ने बिहार समेत देश की युवा आबादी को दिया 62 हजार करोड़ की योजनाओं का उपहार

# युवाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही सरकार : मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को युवा संवाद के तहत देश भर के नौजवानों को संबोधित किया। उन्होंने करीब 62 हजार करोड़ की योजनाओं का उपहार युवा आबादी को दिया जिसमें बिहार पर विशेष फोकस रहा। अपने संबोधन में नरेंद्र मोदी बिहार के सीएम नीतीश कुमार की उपलब्धियां गिनाते दिखे। पीएम ने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार ने लगातार बिहार के शिक्षण संस्थानों को आधुनिक बनाने में जुटी है। आईआईटी पटना में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार का काम शुरू हो गया है। आज बिहार में कई बड़े शिक्षण संस्थानों के आधुनिकीकरण का काम शुरू हुआ। एनआईटी पटना के बिहटा सेंटर को खोल दिया गया है। पटना यूनिवर्सिटी, बीए मंडल यूनिवर्सिटी, जय प्रकाश विश्वविद्यालय नालंदा, ओपन यूनिवर्सिटी, इन सभी संस्थाओं में नए एकेडमिक इंफ्रास्ट्रक्चर की नींव रखी गई है। पीएम ने कहा अच्छे संस्थानों के साथ-साथ नीतीश जी की सरकार बिहार की नौजवानों की पढ़ाई का खर्च भी कम कर रहे हैं। बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए मदद कर रही है। क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले एजुकेशन लोन पर ब्याज समाप्त कर दिया गया है। विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप भी डबल कर दिया गया है। भारत दुनिया के युवा देशों में से एक है और बिहार उन राज्यों में शामिल है जहां आबादी के अनुपात में सबसे अधिक युवा हैं। इसलिए बिहार के युवाओं को समर्थ बढ़ता है तो देश की ताकत बढ़ती है। युवाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता से सरकार काम कर रही है। पीएम ने कहा कि राजद के शासनकाल की तुलना में यहां का शिक्षा बजट कई गुना बढ़ा दिया गया। आज बिहार में करीब-करीब हर गांव में एक स्कूल बन



चुका है। इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेजों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। हाल में ही केंद्र सरकार ने बिहार के छोटे जिलों के लिए 19 केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दी गयी है। एक समय था जब बिहार में स्पोर्ट्स से जुड़ा एक भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय संस्थान नहीं था। आज बिहार में भारत के नेशनल, इंटरनेशनल इवेंट हो रहे हैं। बीते दो दशकों में बिहार सरकार ने 50 लाख नौजवानों को रोजगार दिया है। बीते कुछ सालों में करीब 10 लाख पक्की सरकारी नौकरी दी गई। शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर लाखों की संख्या में भर्ती हुई। बिहार सरकार अब नए लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। राज्य सरकार ने कितने रोजगार 20 साल में बढ़ाए। नीतीश जी ने बताया आनेवाले 5 सालों में एक करोड़ रोजगार, नौकरी देने का लक्ष्य है। बिहार के नौजवानों को बिहार में ही काम देने का संकल्प है। यह समय बिहार के युवाओं के लिए डबल बोनस का है। देश में जीएसटी बचत उत्सव चल रहा है। बहुत सारे युवा धनतेरस में बाइक व स्कूटर खरीदने जा रहे हैं। जरूरत की ज्यादातर चीजों पर जीएसटी कम हो गए हैं। पीएम ने कहा कि स्किल बढ़ने से देश आत्मनिर्भर होता है, लोग आत्मनिर्भर होते हैं। 2014 से पहले भारत को फ्रेजाइल फाइव इकोनॉमी कहा जाता था। आज भारत विश्व की टॉप थर्ड इकोनामी बनने की तरफ बढ़ गया है। मैन्युफैक्चरिंग बढ़ रही है, रोजगार बढ़ रहे हैं, मोबाइल फोन इलेक्ट्रॉनिक गुड्स और डिफेंस सेक्टर में भी मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट बढ़े हैं। एमएसएमी सेक्टर भी आगे बढ़ा है। इन सब का बड़ा लाभ हमारे युवाओं को खासकर आईटीआई की स्किल वाले युवाओं को होनेवाला है। मुद्रा स्कीम ने भी करोड़ जवानों को अपना रोजगार शुरू करने में मदद की। भारत सरकार ने 1 लाख करोड रुपए की प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना लागू की है। इससे 3.5 करोड़ नौजवानों को प्राइवेट सेक्टर में रोजगार पाने में मदद मिलेगी। यह समय देश के हर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## नोखा से भाजपा के प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे अमित पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नोखा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव को लेकर जहां लगभग सभी राजनीतिक दलों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गयी है वहीं संभावित प्रत्याशियों द्वारा लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा टिकट के लिए प्रमुख दावेदार अमित कुमार पटेल ने क्षेत्र में अभी से ही पूरी ताकत झोंक दी है। एनडीए के वरिष्ठ नेता गुड्डू पटेल ने कहा है कि यदि भाजपा नेतृत्व अमित कुमार पटेल को नोखा से प्रत्याशी बनाती है तो इस सीट पर एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। श्री पटेल ने बताया कि नोखा विधानसभा क्षेत्र में पटेल समाज की जनसंख्या सबसे अधिक है और अमित कुमार पटेल उस वर्ग में खासे लोकप्रिय हैं तथा लगातार लोगों से मिल



रहे हैं। युवा होने के साथ क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने के कारण जनसंपर्क के दौरान उन्हें स्थानीय नागरिकों का पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अमित कुमार पटेल युवाओं और किसानों के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं तथा संगठनात्मक रूप से भी सक्रिय रहे हैं। श्री पटेल ने विश्वास जताया कि यदि भाजपा उन्हें प्रत्याशी बनाती है तो क्षेत्र में उन्हें अप्रत्याशित समर्थन मिलेगा।

## देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा बिहार : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवा संवाद तथा बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी युवा केन्द्रित योजनाओं के शुभारंभ, उद्घाटन, शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुये। आज के कार्यक्रम में पुनर्निर्मित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ, वर्ग 9-10 के 25 लाख विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 450 करोड़ रूपये की छात्रवृति राशि का हस्तांतरण, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये बिहार युवा आयोग का शुभारंभ, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के लाभुकों को राशि का वितरण, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन एवं एनआईटी, पटना के बिहटा कैंपस का लोकार्पण प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। साथ ही पीएम-उषा अभियान के तहत बिहार के चार विष्वविद्यालयों- पटना विश्वविद्यालय पटना, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा, जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय पटना में नई शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाओं का शिलान्यास तथा नवचयनित 3942 युवाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने बिहार में 19 नये केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति दी है। शुरू से ही बिहार में युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के लिए काम किया है। वर्ष 2015 में सात निश्चय के तहत युवाओं के लिए बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम चलाए गए जिनका अब विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया और अबतक 10 लाख नौकरी और 40 लाख रोजगार दे दिया गया है। सभी को मिलाकर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## वज्रपात से तीन की मौत

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रतनी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना में दर्जन भर अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रतनी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शकूराबाद एवं सदर अस्पताल जहानाबाद में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान 14 वर्षीय सूरज कुमार एवं 40 वर्षीय सीताराम बिंद के रूप में हुई है। घटना रतनी प्रखंड के उत्तर पट्टी गांव की बताई जाती है। वहीं वज्रपात की एक दूसरी घटना में रतनी प्रखंड के ही ललसा बिगहा गांव में खेत में काम कर रही एक महिला देवंती देवी पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

## अरवल व दाउदनगर में होगा बाईपास का निर्माण : नितिन गडकरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली / पटना।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी फ़ेसबुक वाल पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर दो नए बाईपासों अरवल और दाउदनगर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है। गडकरी ने कहा कि अरवल बाईपास के निर्माण पर 665.50 करोड़ रुपये और दाउदनगर बाईपास के निर्माण पर 288.28 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से क्षेत्र में सड़क अवसंरचना को नई गति मिलेगी और स्थानीय लोगों को जाम,



प्रदूषण व भारी वाहनों के दबाव से राहत मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-139 बिहार का एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जो पटना को औरंगाबाद होते हुए झारखंड से जोड़ता है। इस मार्ग पर अरवल और दाउदनगर के बीच अक्सर भारी यातायात के कारण जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती थी। बाईपास बनने से अब भारी वाहनों को शहर के अंदर से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम, शोर और वायु प्रदूषण में कमी आएगी। गडकरी ने अपने पोस्ट में लिखा है कि इन बाईपास परियोजनाओं में सिटी साइड सर्विस रोड के निर्माण का भी प्रावधान किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों और छोटे वाहनों की आवाजाही अधिक सुरक्षित और सहज होगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से पटना, अरवल, दाउदनगर और औरंगाबाद के बीच सड़क संपर्क बेहतर होगा, जिससे व्यापार और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। परियोजना से न सिर्फ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी नए अवसर खुलेंगे। अरवल और दाउदनगर जैसे शहरों के लिए यह बाईपास एक नई जीवनरेखा साबित होंगे, जो आने वाले वर्षों में यातायात व्यवस्था और शहरी जीवन दोनों को बेहतर बनाएंगे। गडकरी ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सड़क अवसंरचना को आधुनिक बनाने के प्रयास जारी हैं, और बिहार इन योजनाओं से बड़े पैमाने पर लाभान्वित हो रहा है।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पटना पहुंचने पर विधान परिषद में मुख्य सचेतक एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

## रेल के माध्यम से कश्मीर घाटी पहुंची ऑटोमोबाइल की पहली खेप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल ने कश्मीर घाटी में ऑटोमोबाइल की पहली खेप पहुंचाकर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 3 अक्टूबर को 100 से अधिक वाहनों को लेकर यह ट्रेन घाटी के अनंतनाग गुड्स टर्मिनल पहुंची। यह खेप हरियाणा के मानेसर से चलकर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब आर्च ब्रिज को पार करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंची। यह ना केवल इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है बल्कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना की उपलब्धि का भी प्रत्यक्ष प्रमाण है जिसका उद्घाटन इस वर्ष की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इस परियोजना ने आखिरकार कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से रेलमार्ग से जोड़ दिया है जिससे दशकों का अलगाव खत्म हो गया है और यह सही मायनों में राष्ट्रीय रेलवे ग्रिड का हिस्सा बन गया है।



यूएसबीआरएल परियोजना के उद्घाटन होने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस पहली बार घाटी पहुंची जिससे लोगों को आधुनिक और तेज यात्रा का अनुभव मिला। इसके तुरंत बाद 15 सितंबर 2025 को घाटी में सेब उत्पादकों के लिए रेलवे द्वारा समर्पित पार्सल ट्रेन सेवाएं शुरू की गईं। बड़गाम और दिल्ली के बीच शुरू हुई इस दैनिक सेवा से यह सुनिश्चित हुआ कि कश्मीर से सेब राजधानी के थोक बाजारों में सबसे अनुकूल व्यापारिक समय पर पहुंचें। इससे किसानों की (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे किसान सलाहकार : शिवराज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि विभाग द्वारा राज्यस्तरीय वासंतिक (रबी) कार्यशाला सह किसान सलाहकारों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम शनिवार को बापू सभागार, पटना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर लगभग 4000 किसान सलाहकारों ने भाग लिया। श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि किसान सलाहकार कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी से कृषि योजनाएँ जमीनी स्तर तक पहुंच



रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है, जिसमें किसान सलाहकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान सलाहकार योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 से किसान सलाहकारों का मानदेय 13,000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 21,000 रुपये प्रतिमाह किए जाने की सराहना की। मानदेय में यह 8,000 रुपये की वृद्धि किसान सलाहकारों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसान सलाहकार किसानों और विभाग के बीच सेतु की तरह कार्य कर रहे हैं। पंचायत स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका से प्रगतिशील किसानों का नेटवर्क तैयार हो रहा है और उन्नत कृषि तकनीकों का प्रसार तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिया गया हालिया निर्णय किसान सलाहकारों के हित में होने के साथ-साथ राज्य की कृषि प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

CMYK

# दक्षिणी मध्य बिहार बैंक में जीविका दीदियों का हंगामा

## 10 हजार रुपये की निकासी बनी परेशानी का सबब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार के तहत जीविका दीदीयों को उनके खाते में 10 हजार अंतरित के बाद लगातार विभिन्न बैंकों में जीविका दीदीयों की इस कदर भीड़ उमड रही है कि आए दिन बैंकों में हो हंगामा हो रहा है। ऐसे में उन जीविका दीदीया के लिए 10 हजार की निकासी करना परेशानी का सबब बन चुका है। ऐसे मे दक्षिणी बिहार ग्रामीण बैंक में शनिवार को उस वक्त हो हंगामा होना शुरू हो गया जब बैंक का सर्वर फ़ेल हो गया, महिलाओं ने घंटों जमकर हो हंगामा किया, यही नहीं बैंक मैनेजर के साथ बदस्लुकी गाली गलौज और गेट बंद करने की कोशिश की। बैंक मैनेजर ने आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची धनरूआ पुलिस ने स्थिति को संभाला और सभी हंगामा कर रहे लोगों को खदेड़ा, दरअसल सर्वर फ़ेल हो जाने की वजह से सभी बैंकों में परेशानी बढ़ गई है वहीं दूसरी ओर जीविका दीदीयों के लिए पैसा निकासी करना इन दोनों परेशानी का सबब बनते जा रहा है। धनरूआ की राजमणि देवी, सरस्वती देवी, सुकंाति देवी आदि जीविका दीदीयों ने कहा की बैंक में बहुत भीड़ उमड़ रही है। बहुत परेशानी बढ़ गई है हम लोग को अभी पता भी नहीं चल पा रहा है कि मेरे खाते में पैसा आया है कि नहीं। यह पता करने के लिए हम बैंक में जा रहे हैं लेकिन कभी लिंक फ़ेल हो जा रहा है तो कभी कोई परेशानी हो जा रही है। वहीं बैंक मैनेजर रजनीकांत कुमार ने बताया कि बराबर सर्वर डाउन हो जाने की वजह से काम नहीं हो पा रहा है। बहरहाल जीविका दीदीयों को पैसा निकासी और खाते में पैसा का पता करना इन दोनों परेशानी का सबब बनते जा रहा है।




# खेत खलिहानों से निकल कर सूरज ने कारपोरेट जगत में किया सारण का नाम रोशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** बिहार की मिट्टी हमेशा ऐसे सपूत जन्म देती है, जो कठिनाइयों को अवसर में बदल देते हैं। सारण जिले के कराह गाँव के किसान परिवार में जन्मे सूरज कुमार सिंह की कहानी इसी जज़्बे की मिसाल है। गाँव की गलियों और खेत-खलिहानों से सीखी सादगी, धैर्य और ईमानदारी ने उनके जीवन की दिशा तय की। यही संस्कार आगे चलकर उनके संघर्षों और सफलताओं की असली पूँजी बने। सुरज कुमार सिंह ने भारतीय नौसेना में 15 वर्षों तक सेवा देकर देश की सुरक्षा में योगदान दिया। नौसेना ने उन्हें अनुशासन, नेतृत्व और त्याग का सबक दिया, जिसे उन्होंने अपने जीवन के हर क्षेत्र में उतारा। रिटायरमेंट के बाद भी उन्होंने अपनी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखा और अपने पेंशन से कराह गाँव में निकुंभेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना कर सामाजिक मूल्यों को मजबूत किया। मुंबई पोस्टिंग के दौरान उनका रुझान शेयर बाज़ार की ओर हुआ। शुरुआती वर्षों में घाटे सहने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। सीख को अवसर में बदलते हुए 2020 की महामारी के समय मार्केट में ऐसी रणनीति अपनाई, जिसने उन्हें 100 करोड़ रुपये का मुनाफा दिलाया। यही नहीं, रियल एस्टेट सेक्टर में उन्होंने हिमालय ग्रुप के साथ कई सफल प्रोजेक्ट पूरे किए और 2023 में कर्णिका इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड को आईपीओ के ज़रिये बाज़ार में उतारकर कंपनी को महज़ दो साल में 1100 करोड़ रुपये का मार्केट कैप दिला दिया।

# दो शराब सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के अहलावलपुर गांव के समीप 62 लीटर अवैध देशी शराब के साथ दो देसी शराब सप्लायर को एक्साईज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल बहरावां चकिया से लखना बाइक पर चार बड़े पॉलिथीन में देसी शराब भरकर सप्लाई करने जा रहा था, जहां गुप्त सूचना के आधार पर उसे छापेमारी दल ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दो शराब सप्लायर में दीपलाल मांझी उम्र 25 वर्ष पिता संजय मांझी लखना सालिमपुर एवं दूसरा गुड्डू मांझी उम्र 22 वर्ष पिता जगन मांझी सलीमपुर लखना का रहने वाला है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय चौधरी ने बताया कि चार बड़े पॉलिथीन में देसी शराब भरकर गंतव्य स्थान पर ले जा रहा था।



## समाहरणालय, औरंगाबाद

(जिला योजना कार्यालय)

Email:aurangabaddpo@gmail.com, Phone No:-06186-222096

–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री राजा राम सिंह, माननीय सांसद, काराकाट द्वारा श्री मुकेश कुमार, पिता–श्री रामनरेश प्रसाद, ग्राम+पो0–तरार, प्रखंड–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद को Artificial Limb Leg प्रदान करने हेतु प्राप्त अनुशंसा के आलोक में Artificial Limb Leg क्रय/आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित निविदाताओं से अलग–अलग लिफाफों में मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक 11.10.2025 को 03:00 बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त किये जाएंगे एवं उसी दिन अप0 03:30 बजे अध्यक्ष, निविदा/क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निश्चित तिथि एवं समय समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा की विशिष्टियाँ एवं शर्तें औरंगाबाद जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

:- Artificial Limb Leg dh विषिष्टियाँ :–

| Components | Description |
|---|---|
| Advance Vacuum Socket Technology. | • Strong linkage with residual limb.<br>• Vacuum Provides better Stump Containment in the Socket.<br>• Greater suspension and feeling of security. |
| Advance Hydraulic Knee Joint. | • Rotary Hydraulic Swing and Stance Control function.<br>• Fully waterproof and corrosion -resistant; usable in fresh, salt , and chlorinated water.<br>• Manual Lock that Inproves safety and Greater comfort while prolong standing.<br>• Cadence Responsive-Adapts to Speed Change.<br>• Gait Adaptability: Supports walking d ownstairs and inclines with near-physioligical gait.<br>• Weight Limit-150 Kg. and can be used for high y ielding activities like Gym, Hiking and other recreational activity.. |
| Complete Carbon Fibre Constructed Foot with Footshell. | • C-Shape-Carbon Spring with triple layer carbon plates.<br>• High Energy st oring foot that enables to walk longer by minimizing the energy expenditure.<br>• Powerful toe spring wigh extreme energy return.<br>• Stiffness customize to amputee weight.<br>• Water proof- Fresh, Salt and Chlorinated Water.<br>• Comfortbale, Strong and durable.<br>• Higher weight Limit-125Kg. |

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

जिला योजना पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 016603 (Planning) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


# लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** चक्रवात के प्रभाव तथा बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दोपहर से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने देखते ही देखते पूरे शहर को पानी-पानी कर दिया। लगातार हो रही बारिश के चलते मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. बारिश के कारण सड़कें कीचड़मय हो गईं, और जगह-जगह पानी भराव से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, मसौढ़ी के रेलवे गुमटी के किनारे वार्ड नंबर 15 की सडकें बदहाल हाल हो गई है। रहमतगंज रोड, गांधी मैदान रोड, मेन रोड, स्टेशन रोड, सब्जी मंडी रोड, आदी जगहो पर जल जमाव की स्थिति बनी रही। सबसे ज्यादा सब्जी मंडी के पास स्थिति बनी हुई है जहां पर सड़के झील में तब्दील हो गई हैं, पूरी सब्जी मंडी कीचड़ से सन गया है कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



# विधायक ने 43 सड़कों का किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड मे 43 नये सड़को का शिलन्यास और दो सड़को का उद्धाटन स्थानीय विधायक गोपाल रविदास ने किया। विधायक गोपाल रविदास ने शनिवार को एक साथ बेहरावा पंचायत के पुरैनिया बिरद माझी चौक पर 43 नये सड़क का शिलन्यास और बेहरावा एवं पुरैनीय मे दो सड़को का उद्धाटन किया। इसके साथ ही पांच वर्षो का विकास कार्य का हिसाब दिया। विधायक ने कहा है कि हमारे पांच वर्षो का विकास कार्य को देखते हुए फुलवारी शरीफ़ मे वर्षो से राज करने वाले का विकास कार्य का तुलना कर, आने वाले चुनाव मे महागठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष मे मजबूती से खड़ा रहेंगे। गरीबों का वोट छीनने वाले को इस बार जनता सबक सिखाएगी और बिहार मे महागठबंधन कि सरकार बनाएंगी। युवा अपने भविष्य को देखते हुए रोजगार और नौकरी देने वाले तेजस्वी सरकार बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है। इस बार महिला, पुरुष, गरीब, छात्र, नौजवान और किसान सभी ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है। इस अवसर पर विधायक के साथ पुनपुन प्रखंड सचिव मोहन, जय प्रकाश पासवान, सत्यनारायण प्रसाद, विजय प्रसाद, अनंदी पासवान, योगेंद्र केवट, श्रीकंात दास, साधुसरण, हरेंद्र दास, विद्या पासवान, सहित सैकड़ो लोग




# ओला इलेक्ट्रिक ने शुरू किया 'ओला सेलिब्रेट्स इंडिया' कैंपेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने फ़ेस्टिव सीज़न को ध्यान में रखते हुए नया कैंपेन 'ओला सेलिब्रेट्स इंडिया' लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत कंपनी ने 'ओला मुहूर्त महोत्सव' की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत ग्राहक मात्र 49,999 रुपए की शुरुआती कीमत पर ओला स्कूटर्स और मोटरसाइकिलें खरीद सकते हैं। यह ऑफर 23 सितंबर से शुरू होकर अगले 9 दिनों तक चलेगा। कंपनी ने बताया कि इस अवधि में वह प्रतिदिन सीमित यूनिट्स 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर उपलब्ध कराएगी। प्रत्येक दिन के लिए निर्धारित मुहूर्त टाइम स्लॉट्स ब्रांड के सोशल मीडिया हैंडल्स पर सुबह घोषित किए जाएंगे। स्कूटर्स और बाइक पर आकर्षक ऑफर मुहूर्त महोत्सव के तहत एस1 एक्स (2 केडब्लयूएच) और रोडस्टर एक्स (2.5 केडब्लयूएच) की कीमत 49,999 रुपए तय की गई है। वहीं, एस1 प्रो+ (5.2 केडब्लयूएच) और रोडस्टर एक्स+ (9.1 केडब्लयूएच) की कीमत 99,999 रुपए रखी गई है। सभी मॉडलों में कंपनी की नई पीढ़ी की 4680 भारत सेल बैटरी दी गई है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ल्लओला सेलिब्रेट्स इंडिया के ज़रिए हम प्रगति, संस्कृति और पहुँच को एक सूत्र में पिरो रहे हैं। यह कैंपेन सिर्फ आकर्षक कीमतों तक सीमित नहीं, बल्कि इस साझा विश्वास का उत्सव भी है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र सीडीपीओ कार्यालय मसौढी में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत रंगोली व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईसीडीएस की आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। जिसमें मतदाता जागरूकता व महिला सशक्तिकरण से जुड़े संदेशों को दर्शाया गया। रंगोलियों में ल्लसशक्त नारी, मजबूत लोकतंत्रङ्क, ल्लमहिला की भागीदारी, लोकतंत्र की जिम्मेदारीङ्क, ल्लपहले मतदान, फिर जलपानङ्क और ल्लमतदान है नारी का अधिकारङ्क जैसे प्रेरक स्लोगन शामिल थे। सीडीपीओ अनीता कुमारी ने सभी रंगोलियों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों की सराहना की। आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं को मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए शपथ दिलाई गई। कहा कि आने वाले दिनों में मतदाता जागरूकता को और व्यापक बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक, खेल प्रतियोगिता व प्रभात फ़ेरी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक मतदाता लोकतांत्रिक पर्व में सक्रिय भागीदारी निभा सके।कार्यक्रम मे कुमारी नीलू सिन्हा, संजुक्ता प्रसाद, कुमारी रुबी, अर्चना कुमारी महिला पर्यवेक्षक, सुनीता कुमारी, ललती कुमारी, शारधा कुमारी, बिंदु कुमारी उपस्थित थे।



# कहलगांव में की गई उद्योग स्थापित कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** प्रदेश भाजपा के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिलीप मिश्रा ने जिले के कहलगांव प्रखंड में बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिग्रहीत जमीन पर उधोग धंधे स्थापित कराने का अनुरोध राज्य के उद्योग मंत्री से किया है। सह संयोजक श्री मिश्रा ने राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा को लिखे पत्र में कहा है कि करीब एक दशक पहले एनटीपीसी के कहलगांव बिजली संयंत्र के आसपास बड़े पैमाने पर उद्योग धंधे की स्थापना के लिए कहलगांव प्रखंड के राम जानीपुर गांव के पास बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बियाडा) के द्वारा 1058 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था। परंतु आज तक कोई उद्योग नहीं लग पाया है। किसान मुआवजे में हुए विसंगति का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कहलगांव क्षेत्र में उद्योग लगने से बेरोजगारी दूर होगी और पलायन भी रुकेगा साथ ही क्षेत्र की आर्थिक पिछड़ापन की समस्या दूर होगी। किसी भी बड़े छोटे उद्योग के लिए एनटीपीसी के बिजली संयंत्र से 24 घंटे बिजली उपलब्ध है। बगल में गंगा नदी के कारण पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है तथा ईसीएल की राजमहल परियोजना से कोयले की भी उपलब्धता है। सह संयोजक ने कहा कि ऐसे में बियाडा की जमीन पर कृषि आधारित उद्योग और अन्य किसी प्रकार का भी उद्योग लगाया जा सकता है। खासकर, सीमेंट उद्योग के लिए कच्चे सामग्री के तौर पर एनटीपीसी के कहलगांव बिजली संयंत्र से राख की आपूर्ति आसानी से होगी। ऐसे में यहां सभी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित है और कोई भी उधोग लग सकते हैं।



# मानसिक रोगी उमेश सिंह गायब, 20 दिन बाद भी थाना में कोई कार्रवाई नहीं

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेउर थाना क्षेत्र के तेज प्रताप नगर रोड नंबर-2 स्थित सेवा कुटीर-2 में रह रहे मानसिक रोगी उमेश सिंह के रहस्यमय ढंग से गायब होने का मामला सामने आया है। परिजन का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। परिजन अब भी अपने भाई की सलामती को लेकर चिंतित हैं और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शेखपुरा बगीचा, थाना शास्त्रीनगर निवासी रमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि उनका सहोदर भाई उमेश सिंह पहले कोईलवर मानसिक अस्पताल में थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर मजबूती को लेकर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के मदारपुर ग्राम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड और जिला स्तर के नेतागण और सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास, जनता की भलाई और भविष्य की योजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया।इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र विचार-विमर्श हुआ एवं नीतीश सरकार के बीते 20 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही 2025 में 225 फिर से नीतीश के लक्ष्य को लेकर व्यापक संवाद स्थापित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक,विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, जदयू पटना जिला ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह, पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष अनिल कुमार सहनी, मुरारी यादव, प्रकाश कुमार पासवान, सरोज कुमार सिंह अध्यक्ष, पटना ग्रामीण जिला शत्रुधन सिंह (पालीगंज, पटना जिला महासचिव), दिलीप कुमार, सत्येंद्र कुमार, विटवा सागर प्रसाद, शैलेंद्र कुमार शर्मा, रमेश ठाकुर, लालमोहन सिंह, रवि शंकर कुशवाह, सत्येंद्र सिंह, राजीव सिंह, गोपाल यादव, अनिल कुमार, शैलेश पटेल, रामभवन ठाकुर, योगेंद्र प्रसाद सिंह, अंजनी सिंह, मनीष कुमार आदी शामिल रहे।





बिहार सरकार

**जिला समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला सामान्य शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

1. एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग एवं पर्यटन विभाग, बिहार पटना द्वारा आयोजित औरंगाबाद जिला अन्तर्गत सभी महोत्सव आयोजन हेतु स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुती दिया जाना है। उक्त सभी महोत्सव के आयोजन हेतु ऑडिशन दिनांक–18.10.2025 को अनुग्रह नारायण सिंह नगर भवन, औरंगाबाद में आयोजन किया गया है।
2. जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025–26 अंतर्गत समूह लोक गीत तथा समुह लोक नृत्य की प्रतियोगिता दिनांक–19.10.2025 को अनुग्रह नारायण सिंह नगर भवन औरंगाबाद में आयोजित की जाएगी।
3. जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025–26 अंतर्गत चित्रकला, कहानी–लेखन, कविता– लेखन एवं वकतृता का प्रतियोगिता योजना भवन सभागार, औरंगाबाद में दिनांक–07.10.2025 को आयोजित किया जाएगा।

अतः स्थानीय कलाकारों से अनुरोध है कि जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025–26 (समुह लोक गीत एव समुह लोक नृत्य) एवं सभी महत्वस्व का ऑडीशन हेतू विहित प्रपत्र जिला के वेबसाइट से डाउनलोड करके दिनांक–16.10.2025 तक आवेदन भरकर जिला सामान्य शाखा, औरंगाबाद में पदस्थापित लिपिक श्री सचिन कुमार (मो0 न0–9263796457) एवं श्री रमेश कुमार, लिपिक (मो0 न0–7277628605) से सम्पर्क स्थापित कर अपना आवेदन पंजीकृत करा सकते हैं। साथ ही युवा उत्सव 2025–26 चित्रकला, कहानी–लेखन, कविता–लेखन एवं वकतृता हेतु प्रतिभागी सीधा अपना आवेदन कार्यक्रम स्थल पर 09:00 बजे पुर्वाह्न जमा करेंगें।

PR- 016647 ( ART ) 2025-26

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी
औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।




## Mines and Geology Department

District- Aurangabad.

**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**

(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों में कराये गये ई–नीलामी में भून्य निविदा प्राप्त तथा PR-006658(Mines)2025-26 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में एकल निविदा प्राप्त एवं प्रत्यार्पित बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

**ई–नीलामी कार्यक्रम:–**

| क्र0स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदादाताओं द्वारा अपलोड किये गये तकनीकी निविदा को खोले जाने की तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 11-B | सोन | 20.10.2025 | 09.11.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 09.11.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 15.11.2025 | 17.11.2025 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 17.11.2025 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | Aurangabad Son 14-A | | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 19-C | | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 27-A | | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 30 | | | | | | | |
| 19 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | | |
| 20 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | | |
| 21 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | | |
| 22 | Aurangabad MOEF SON 1-F | | | | | | | |
| 23 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | | |
| 24 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | | |
| 25 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | | |
| 26 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | | |
| 33 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | | |
| 34 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | | |
| 35 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | | |
| 36 | Aur Pun-01 to 05 | पुनपुन, नदी | 20.10.2025 | 09.11.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 09.11.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 15.11.2025 | 17.11.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 17.11.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 37 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | | |
| 38 | Aur Pun-09 to 17 | | | | | | | |
| 39 | Aur Pun-18 to 23 | | | | | | | |
| 40 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | | |
| 41 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | | |
| 42 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | | |
| 43 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | | |
| 44 | AUR BA 01 to 03 | बटाने, नदी | 20.10.2025 | 09.11.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 09.11.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 15.11.2025 | 17.11.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 17.11.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 45 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | | |
| 46 | AUR BA 06 | | | | | | | |
| 47 | AUR BA 07 | | | | | | | |
| 48 | AUR BA 08 | | | | | | | |
| 49 | AUR BA 09 | | | | | | | |
| 50 | AUR BA 10 | | | | | | | |
| 51 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | | |
| 52 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | | |
| 53 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | | |
| 54 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 20.10.2025 | 09.11.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 09.11.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 15.11.2025 | 17.11.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 17.11.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 55 | Madar 22 to 32 | | | | | | | |
| 56 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 20.10.2025 | 09.11.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 09.11.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 15.11.2025 | 17.11.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 17.11.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |

1. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
2. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
3. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
4. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
5. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना–800001 दूरभाष संख्याः 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 016769 ( Mines ) 2025-26

समाहर्त्ता, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।




# प्रधानमंत्री के प्रयासों से खादी की बिक्री बढ़ कर 1.70 लाख करोड़ : अमित शाह

## हर परिवार सालाना 5000 रुपये की खादी खरीदे, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में होगा बड़ा कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रोहतक।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'खादी कारीगर महोत्सव' में देशवासियों से अपील की कि हर परिवार सालाना 5000 रुपये की खादी जरूर खरीदे, ताकि इसका सीधा लाभ कारीगरों तक पहुंचे और देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान खादी को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनाया था, लेकिन बाद की सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खादी को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया और आज इसकी बिक्री 33,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,70,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। अमित शाह ने कहा कि जब हम खादी पहनते हैं तो केवल वस्त्र नहीं, बल्कि स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की भावना धारण करते हैं। उन्होंने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग अब लाखों बुनकरों के लिए आजीविका और सम्मान का माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री के 'खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन और खादी फॉर ट्रांसफॉर्मेशन' के मंत्र को अपनाकर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त किया है। कार्यक्रम में अमित शाह ने 2298 खादी कारीगरों को मशीनें और टूलकिट वितरित किए जिनमें विद्युत चालित चाक, चरखा, सिलाई मशीन, अगरबत्ती मशीन, लेदर रिपेयरिंग किट और मोबाइल-एसी रिपेयरिंग टूलकिट शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने पांच वरिष्ठ खादी कारीगरों को सम्मानित किया और वर्चुअल माध्यम से 33.66 करोड़ रुपये की लागत से देशभर में केवीआईसी की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित 'खादी मॉल', गोरखपुर में केवीआईसी कार्यालय का उद्घाटन, 762 वर्कशेड, 35 नवीनीकृत सेल्स आउटलेट और महाराष्ट्र के वर्धा में ऑर्गेनिक कॉटन पूनी प्लांट शामिल हैं। इसके अलावा 301 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी और 741.16 करोड़ रुपये की लागत से शुरू 8310 नई पीएमईजीपी इकाइयों का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कृष्ण पाल गुर्जर और केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार मौजूद थे। नायब सैनी ने इस आयोजन को स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का उत्सव बताया, वहीं मनोज कुमार ने कहा कि अमित शाह खादी और स्वदेशी के सबसे बड़े प्रेरक हैं जिन्होंने 'हर घर स्वदेशी' अभियान को नई ऊर्जा दी है। कार्यक्रम के अंत में केवीआईसी अध्यक्ष ने अतिथियों को चरखा मेमेंटो भेंट किया और सीईओ रूप राशि ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# वज्रपात से 5 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

## मृतकों के आश्रितों को अविलंब चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** वज्रपात से पश्चिम चम्पारण में 2, भोजपुर में 1, जहानाबाद में 1 और किशनगंज में 1 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

# राजेश राम ने इलेक्शन कमीशन की गहन वोटर सूची पर उठाए कई प्रश्न

## जनता के वोटर अधिकारों की सुरक्षा पर जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित विशेष प्रेस वार्ता में बिहार में गहन वोटर पुनरीक्षण और वोटर अधिकारों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से बात की। राजेश राम ने प्रेस वार्ता की शुरूआत में सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह वार्ता दुर्गा पूजा और विजय दशमी के समापन के तुरंत बाद आयोजित की गई ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले जनहित के मुद्दों को उजागर किया जा सके। उन्होंने इलेक्शन कमीशन का स्वागत किया, लेकिन उनके गहन वोटर पुनरीक्षण की प्रक्रिया और उसमें हुई विसंगतियों पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि 1 अगस्त 2025 को एसआईआर के माध्यम से लगभग 65,64,000 नाम हटाए गए और 30 सितंबर 2025 को लगभग 68,60,000 नाम काटे गए जिनमें 3,66,000 नाम पुनः अंकित किए गए। इसके अलावा फॉर्म 6ए के माध्यम से 21,53,000 नए वोटर जोड़े गए जिनमें कई 65 से 70 वर्ष के मतदाता शामिल हैं। उन्होंने आधार जोड़ने की प्रक्रिया में हुई देरी और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे मान्यता मिलने पर सवाल उठाए।

# भाजपा घोषणा पत्र के लिए सुझाव अभियान आज से शुरू : प्रेम कुमार

▸ बिहार के एक करोड़ से अधिक लोगों का लिया जाएगा सुझाव ▸ घोषणा पत्र के लिए विभिन्न संगठनों से भी लिए जाएंगे सुझाव : सुरेश रूंगटा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा की मेनिफेस्टो कमिटी के सदस्य और बिहार के मंत्री प्रेम कुमार ने आज कहा कि बहुत जल्द बिहार विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा होने वाली है। उसके पहले पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों में हमें क्या करना है, इसकी तैयारी की जा रही है। घोषणा पत्र को लेकर पार्टी द्वारा सुझाव अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 5 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। भाजपा अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी करने से पूर्व पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ से अधिक लोगों से सुझाव एकत्रित करने का निश्चय किया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि पार्टी इसके लगभग 3000 से अधिक सुझाव पेटियां 243 विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर रखेगी जिसमें लोग अपना सुझाव दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आज के इस तकनीकी युग में लोगों से मिसकॉल एवं ईमेल के माध्यम से भी सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। इस अभियान की शुरूआत भाजपा कल 5 अक्टूबर को प्रदेश कार्यालय पर करेगी। इसमें विभिन्न जिलों में जाने वाले रथों को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, और विजय कुमार सिन्हा द्वारा झंडा दिखलाकर रवाना किया जाएगा। इसके अलावा एक वेबसाइट की भी लांचिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुझाव पेटियां हर चौक-चौराहे, स्टेशन, बस स्टैण्ड, मॉल और बाजारों में रखी जाएंगी। उन्होंने बताया कि भाजपा के विभिन्न मंच और मोर्चा के कार्यकर्ता अपने-अपने मंचों के माध्यम से समुदाय के सभी वर्गों के बीच जाकर उनके सुझाव एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र में बिहार को विकसित बिहार बनाने को लेकर सभी सुझावों को सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि इस अभियान से जुड़े और अपने बहुमूल्य सुझाव जरूर दें। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और मेनिफेस्टो कमिटी के सदस्य सुरेश रूंगटा ने कहा कि भाजपा मेनिफेस्टो के लिए सुझाव अभियान की शुरूआत कल यानी शनिवार से होगी। उन्होंने 8980243243 नंबर जारी करते हुए कहा कि इस नंबर पर मिस्ड कॉल करेंगे, और फिर यहां से फोन जाएगा और उनसे सुझाव लिया जाएगा। इसके अलावा लोगों से व्हाट्सअप नंबर के जरिए भी सुझाव मांगे जाएंगे। इसके अलावा बिहार चैम्बर्स, बिहार इंडस्ट्रीज ऑफ एसोसिएशन, टेम्पो चालक संघ, रजक एसोसिएशन और इसी तरह के अन्य संगठनों से भी सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। इसके अलावा सभी प्रमंडलों और जिलों में इस अभियान को लेकर प्रेस वार्ता की जाएगी। प्रेस वार्ता में शामिल राज्यसभा सांसद मनन मिश्रा ने कहा कि भाजपा घोषणा पत्र जारी करने के पहले व्यापक विचार विमर्श करने का निर्णय लिया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि ऐसी कोई पार्टी नहीं होगी जो घोषणा पत्र जारी करने के पहले इतना विचार विमर्श करती है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य जनता की समस्याओं को जानना और उनके हल के लिए अगले पांच वर्षों तक काम करना है। आज के इस प्रेस वार्ता में विधान पार्षद देवेश कुमार, पूर्व मंत्री सीता सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु भी उपस्थित रहे।

# निर्माण श्रमिक से योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी

## श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर की गई त्वरित कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत पंजीकृत एक निर्माण श्रमिक से वस्त्र सहायता योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में विभाग की ओर से पटना के साइबर थाना में आधिकारिक शिकायत दर्ज करा दी गई है। यह मामला रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड के ग्राम बरताली कला निवासी कामेश्वर सिंह के पुत्र शैलेश कुमार से जुड़ा है, जो श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत एक निबंधित निर्माण श्रमिक हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने शैलेश कुमार को फोन कर यह कहते हुए ठगी की है कि उन्हें श्रम संसाधन विभाग की वस्त्र सहायता योजना के तहत राशि दिलाई जाएगी। लेकिन इसके लिए उन्हें एक हजार रुपए की फीस देनी होगी। इसके बाद उस व्यक्ति ने श्रमिक के वाट्स एप्प नंबर पर एक बैंक खाते का क्यूआर कोड भेजकर भुगतान करने को कहा गया। श्रमिक ने विश्वास में आकर 500 रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी, लेकिन बाद में जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने तुरंत श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को इसकी सूचना दी और ठगों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। उल्लेखनीय है कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा हाल ही में लगभग 16 लाख निबंधित निर्माण श्रमिकों को पांच हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा प्रदान की गई थी। यह राशि वस्त्र सहायता योजना के तहत दी गई है जिसके लिए किसी भी प्रकार की फीस या अतिरिक्त भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# स्नातक पास युवक-युवतियों को मिलेगा मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश के स्नातक पास युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ मिलेगा। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को संयुक्त रूप से राज्य के एक हजार लाभुकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से योजना की राशि भेजकर की। उक्त जानकारी योजना एवं विकास विभाग बिहार सरकार के प्रधान सचिव के सेंथिल कुमार ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि सुशासन के कार्यक्रम 2015-20 एवं राज्य सरकार के 7 निश्चय में से एक 'आर्थिक यवाओं को बल' के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता योजना का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इस योजना का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2016 को किया गया था। इस योजना के तहत राज्य के 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियां , जो आगे की पढ़ाई नहीं कर सकीं उन्हें रोजगार तलाशने के दौरान दो वर्ष तक ( एक हजार रुपये प्रतिमाह) की दर से सहायता भत्ता की राशि प्रदान की जाती है। राज्य सरकार ने सात निश्चय-2 में भी इस योजना को जारी रखते हुए वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक विस्तारित किया है। ताकि बेरोजगार युवक-युवतियों को इसका लाभ मिल सके।

**स्नातक पास युवक - युवतियों को लाभ देने के लिए किया गया योजना का पुनर्गठन**

प्रधान सचिव ने कहा कि राज्य के स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण युवक-युवतियों को स्वयं सहायता भत्ता का लाभ देने के लिए पूर्व से संचालित 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का पुनर्गठन किया गया है। इस योजना के तहत 20 से 25 वर्ष के आयु वाले वैसे युवक - युवतियों जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानों से स्नातक (कला. विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण हों और वे स्वरोजगार, सरकारी, निजी, गैर सरकारी नियोजन (अनुबंध, स्थायी या अस्थायी रूप से) प्राप्त नहीं किये हैं।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय के पहले कुलपति होंगे दीपक आनन्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार में युवाओं के कौशल विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से राज्य के पहले कौशल विश्वविद्यालय 'जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय' की स्थापना का एलान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन से युवा संवाद और कौशल दीक्षांत समारोह को ऑनलाइन संबोधित किया। इस कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना बिहार में युवाओं के कौशल विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से की गई है। इसके लिए बिहार सरकार ने अपनी आधिकारिक अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है। अधिनियम- 2025 की धारा-11 के प्रावधानों के तहत श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद को इस विश्वविद्यालय का पहला कुलपति नियुक्त किया गया है। वहीं, राज्य के श्रम आयुक्त राजेश भारती को जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का का रजिस्ट्रार नियुक्त करने की अधिसूचना भी पहले ही जारी कर दी गई है। प्रारंभिक स्तर पर इसका संचालन दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान से किया जाएगा। गौरतलब है कि बिहार विधानमंडल ने सर्वसम्मति से 'जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक-2025' को स्वीकृति दी गई थी। यह विश्वविद्यालय राज्य में चल रहे सात निश्चय पार्ट-1 और पार्ट-2 के कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करते हुए युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

# पीएम के संवाद से युवाओं का भरोसा एनडीए के प्रति हुआ और पुख्ता : मंगल पाण्डेय

## कर्पूरी ठाकुर स्कील यूनिवर्सिटी जननायक का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवा संवाद के जरिए एनडीए के प्रति युवाओं के भरोसा को और पुख्ता किया है। इस दौरान युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं की शुरूआत में बिहार के युवाओं को प्राथमिकता दी गई है। कर्पूरी ठाकुर स्कील यूनिवर्सिटी जननायक का सम्मान है। 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश से देशभर के 1000 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विकास के लिए पीएम -सेतु योजना का शुभारंभ किया जाना करोड़ों युवाओं के रोजगारपरक प्रशिक्षण का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी ने बिहार के 4 विश्वविद्यालयों में नई शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला भी रखी। इसके साथ ही बिहटा एनआईटी के नए परिसर का लोकार्पण किया गया। युवाओं के लिए मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना की शुरूआत से इंटर और स्नातक युवाओं को दो साल तक प्रति महीने एक हजार रुपये की सहायता मिलेगी। इससे प्रदेश के करीब 5 लाख युवाओं को जो नौकरी की तलाश में लगे हैं को तत्काल फायदा मिलेगा। बिहार की एनडीए सरकार की प्राथमिकता में महिलाएं एवं युवा हैं। एक करोड़ महिलाओं को रोजगार के लिए 10-10 हजार रुपये देने के साथ ही 10 लाख से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी और 40 लाख से ज्यादा को रोजगार मुहैया कराया गया है। विपक्ष जहां खोखले वादों से जनता को भ्रमित कर रहा है, वही एनडीए सरकार अपनी हर घोषणा को धरातल पर उतार कर जन-जन को लाभान्वित कर रही है।

# विश्व अहिंसा दिवस पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का 156 वा जयंती एवं सादगी और ईमानदारी के प्रतीक भारत के पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज सर्वोदय भवन आदिवासी कॉलोनी, पटना में 10 बजे से बिहार सर्वोदय मंडल, बिहार नशाबंदी परिषद, लोक समिति एवं अखी भारत चरखा संघ के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए बताया कि इस वर्ष पूरे देश में चरखा संघ का शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है क्योंकि गांधी जी के द्वारा 1925 में सदाकत आश्रम पटना में चरखा संघ का स्थापना किया गया था, उसी समय से पूरे देश में चरखा और खादी का कार्य का शुरूआत माना जाता है।

# विभिन्न स्टेशनों पर कचरा प्रबंधन एवं उसके निपटान के लिए चला विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** स्वच्छता पखवाड़ा 01 अक्तूबर से 15 अक्तूबर 2025 तक मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक विशेष पहल है, जो स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और सामुदायिक भागीदारी और जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। यह पखवाड़ा हर साल अन्य संस्थाओं के साथ-साथ भारतीय रेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में पूरे भारतीय रेल में भी 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मनाया जाता है। इसके साथ ही कार्यालयों, स्टेशनों एवं प्रशासनिक भवनों में साफ सफाई, कचरा प्रबंधन एवं वेस्ट मटेरियल के डिस्पोजल एवं वेस्ट टू आर्ट के अंतर्गत वेस्ट मटेरियल को किसी क्रिएटिव आइटम में कन्वर्ट किए जाने के लिए ही 31 अक्टूबर 2025 तक एक विशेष अभियान 5.0 भी चलाया जा रहा है। इन दोनों अभियान को साथ में लेकर चलते हुए दानापुर मंडल के मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पटना साहिब, पाटलिपुत्र जंक्शन, राजेंद्रनगर टर्मिनल, बक्सर, आरा इत्यादि स्टेशनों पर स्वच्छता से संबंधित गतिविधियाँ जैसे, स्टेशन परिसर तथा कार्यालयों की मशीनों के द्वारा सघन सफाई, स्टेशन पर लगे प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनों का संचालन सुनिश्चित करना, सूखा कचरा एवं गिला कचरा हेतु स्टेशनों पर डस्टबिन की सफाई एवं उपलब्धता, स्टेशन बिल्डिंग के छतों पर लगे सोलर पैनलों की सफाई, स्टेशन पर पानी के निकास हेतु उपलब्ध नाले की सफाई कराई गई। इसके साथ ही आमजनों तथा यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु प्रभात फेरी आयोजित की गई। स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को एक जीवन शैली के रूप में अपनाना और भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाना है।

# नवीन गुप्ता बने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के प्रख्यात व्यापारी एवं समाजसेवी नवीन गुप्ता को राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से पटना सहित पूरे बिहार के व्यापारिक समाज में हर्ष की लहर है। नवीन गुप्ता लंबे समय से व्यापारियों की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रहे हैं। वे विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों से भी जुड़े रहे हैं और व्यापारियों के हित में लगातार कार्य करते आए हैं। उनकी नियुक्ति से व्यापारियों को उम्मीद है कि उनकी आवाज अब और मजबूती से केंद्र तक पहुंचेगी। स्थानीय व्यापारिक संगठनों ने भी उनके चयन पर खुशी जताई है और विश्वास व्यक्त किया है कि गुप्ता अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारियों की बेहतरी में अहम भूमिका निभाएंगे। नवीन गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंधी सहित समस्त केन्द्रीय नेतृत्व का आभार जताया है।

# 50 करोड़ की लागत से बनने वाला रिवर फ्रंट क्षेत्रवासियों के लिए बनेगा वरदान : श्रवण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में वुडको मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सात विकास योजनाओं का शिलान्यास शनिवार को ग्रामीण विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 50 करोड़ की लागत से बनने वाला रिवर फ्रंट परियोजना क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगा। यह न केवल क्षेत्र की सुंदरता में वृद्धि करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को स्वच्छ, आधुनिक और सुसज्जित वातावरण भी उपलब्ध कराएगा।

*शिलान्यास किए गए कार्यों में —*

वार्ड संख्या 47 में खरजम्मा पथ मोड़ से काको बिगहा, साठोपुर पंचानन नदी देवी सराय पुल तक नाली निर्माण कार्य (राशि 2 करोड़ 1 लाख)।

वार्ड संख्या 48 में मघड़ा दक्षिण कुशवाहा टोला से जोरारपुर पक्की सड़क तक पीसीसी ढलाई (राशि 59 लाख 33 हजार)।

वार्ड संख्या 48 में मघड़ा चुआंपर से रविदास टोला भाया पचौरी पक्की सड़क तक पीसीसी ढलाई (राशि 3 करोड़ 4 लाख)।

वार्ड संख्या 47 में साठोपुर पासवान टोला से वियावानी पंचानन नदी पुल तक पीसीसी ढलाई कार्य (राशि 69 लाख 52 हजार)।

विजवनपर तुंगी रोड से नालंदा दूध फैक्ट्री के पीछे भोला राय के घर से उदय सिंह के मकान तक पीसीसी ढलाई कार्य (राशि 73 लाख 88 हजार)।

वार्ड संख्या 49 में दीपनगर थाना न्यू एरिया राणा बिगहा दक्षिण एनएच बाईपास से पश्चिम सड़क में ईंट सोलिंग, नाली निर्माण व पीसीसी ढलाई कार्य (राशि 49 लाख 90 हजार)।

वार्ड संख्या 49 में न्यू एरिया राणा बिगहा चापातर राजगीर रोड से जितेंद्र कुमार के घर से पिंटू कुमार के घर नवादा रोड तक नाला निर्माण, ईंट सोलिंग व पीसीसी ढलाई कार्य (राशि 1 करोड़ 4 लाख)।

इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की 25 लाख महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 2500 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर कर स्वावलंबन की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में बिहार भय और अराजकता का प्रतीक बन चुका था, लेकिन नीतीश सरकार ने सुशासन की नींव रखकर राज्य में सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा का वातावरण स्थापित किया। मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार घोषणाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि हर वादा पूरा करते हैं — चाहे 125 यूनिट फ्री बिजली की बात हो, पेंशन राशि 1100 रुपये करने की, हर घर की महिला को रोजगार से जोड़ने की या युवाओं को नौकरी देने की। उन्होंने बताया कि बिहार के सभी 534 प्रखंडों में 96 लाख की लागत से 10 हजार वर्गफुट में बनने वाले आधुनिक सब्जी केंद्रों में कोल्ड स्टोरेज, गोदाम, शेड और पैकेजिंग की सुविधा होगी, जिससे किसानों को भंडारण, मार्केटिंग और बेहतर मूल्य मिलेगा। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, युगल किशोर मुखिया, जयंत शर्मा, विश्वास सिंह, बिट्टू कुशवाहा, डॉ. बी.पी. भारती, संजय राम, नवीन राउत, धनपत पासवान, रंजीत सिंह, सुधीर कुमार, उपेंद्र, दिलवाला रामजन्म, रविदास, राजेंद्र मुखिया, आकाश कुमार, काजल, अनुज कुशवाहा, दिवाकर कुमार, धनंजय मुखिया, प्रमोद यादव, प्रदीप मुखिया, इंदू चौहान, धर्मेंद्र यादव, मनोज मुखिया, दिनेश साव, मुन्ना पासवान, राजू साव समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल बिहारशरीफ में लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर प्रसव कक्ष के स्वास्थ्यकर्मियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना और प्रसव के दौरान दी जाने वाली सेवाओं को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रशिक्षक के रूप में चंडीगढ़ से आई डॉक्टर रुचि ने स्वास्थ्यकर्मियों को लक्ष्य प्रमाणीकरण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लक्ष्य कार्यक्रम के तहत मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल इकाइयों में सेवा गुणवत्ता को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस प्रमाणीकरण में मुख्य रूप से स्वच्छता, मरीज सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण, दस्तावेजों का रखरखाव, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल, रोगी संतुष्टि और आपातकालीन सेवाओं की तत्परता जैसे पहलुओं का मूल्यांकन किया जाता है।

# हिलसा में सीएम का आगमन आज

## डीएम ने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे तैयारियों का लिया जायज़ा, अधिकारियों को दिए कई दिशा निर्देश


तैयारी जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को हिलसा पहुंचेंगे और रामबाबु हाईस्कूल के मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वे लाभुकों से जनसंवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वहीं सीएम के कार्यक्रम स्थल पर चल रहे तैयारियों का नालंदा डीएम कुंदन कुमार ने जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हेलीपैड से लेकर सभास्थल तक पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। वहीं एसडीओ अमित कुमार पटेल ने बताया कि मंच व हेलीपैड का निर्माण पुरी कर ली गई है। इधर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। टिकट के दावेदारों ने समर्थकों को सम्मेलन में लाने के लिए संपर्क साधने में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री हिलसा के बाद एकंगरसराय होते हुए इस्लामपुर के कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

# नगर निगम की बैठक में छठ घाटों की सफाई से लेकर सड़क सुरक्षा तक पर मंथन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। नगर निगम कार्यालय में शनिवार को महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा, सभी पार्षदगण, उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक लोक अपशिष्ट स्वच्छता पदाधिकारी, अभियंतागण और कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में महापौर ने दशहरा पर्व के दौरान नगर निगम द्वारा की गई सफाई और व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने सभी पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी मेहनत से नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिला। बैठक में आगामी त्योहारों दीपावली और छठ को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बोर्ड ने नगर क्षेत्र के सभी 28 छठ घाटों और पहुंच पथों की पूरी तरह सफाई कराने, घाटों पर आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा चुना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके अलावा, शीत ऋतु को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र के गरीब और असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण करने का निर्णय भी लिया गया। इसके तहत नियमानुसार कंबलों की खरीद कर जरूरतमंदों तक वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। नगर निगम बोर्ड ने सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए नाला रोड और महलपर में 'भेंड़िंग जोन' निर्माण पर सहमति जताई। साथ ही सभी वार्ड पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्रों में उपयुक्त स्थल चिन्हित करने का अनुरोध किया गया, ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से हो सके। बैठक में लिए गए निर्णय न केवल नगर की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि आगामी त्यौहारों में नागरिकों को सुव्यवस्थित और सुरक्षित माहौल भी प्रदान करेंगे। नगर निगम अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि तय किए गए कार्यों का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा और नागरिकों से सफाई एवं सुरक्षा अभियानों में सहयोग की अपील की।

# जनसुराज पार्टी ने शुरू की प्रत्याशी चयन की रायशुमारी, 137 वरिष्ठ नेताओं को मिली जिम्मेदारी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। बदलाव की चाहत रखने वाले जनसुराज के संस्थापक सदस्यों और ग्रासरूट कार्यकर्ताओं के जुनून और जी-तोड़ मेहनत से मात्र एक साल के अंदर जनसुराज पार्टी बिहार के राजनैतिक क्षितिज पर एक प्रकाश पुंज के रूप में जगमगा रही है। जनसुराज पार्टी प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने शनिवार को रजौली विधान सभा क्षेत्र के तारगीर बाजार में शहीद जगदेव स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यह बातें कहीं। समारोह की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार "चुननू" ने की। मसीह उद्दीन ने इस सम्मेलन में केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में अपने विचार को व्यक्त करते हुए कहा कि जनसुराज पार्टी के संविधान के अनुसार विधान सभा उम्मीदवारों के चयन में संबंधित क्षेत्र के संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों से विचार-विमर्श और रायशुमारी की जानी है और इस कार्य के लिए पार्टी ने भारत के वाइस चीफ औफ आर्मी स्टाफ रहे लेफ्टिनेंट जनरल एस.के.सिंह सहित 137 वरिष्ठ नेताओं को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त करते हुए उन्हें उम्मीदवारों के चयन की इस प्रक्रिया को पूरा करने का दायित्व सौंपा है। उन्होने बताया कि पूर्व आई.ए.एस.अरविंद सिंह,ललन यादव, ए.के.द्विवेदी और एन.पी. मंडल तथा पूर्व आई.पी.एस.आर. के.मिश्रा,जीतेंद्र मिश्रा और बिनोद चौधरी,पूर्व मंत्री सीता राम यादव,पूर्व विधायक मीना द्विवेदी और विनिता विजय,जाने-माने शिक्षाविद के.सी. सिंहा,वरिष्ट अधिवक्ता वाई.वी.गिरी और बसंत चौधरी,पार्टी के वरिष्ठ नेता सैयद मसीह उद्दीन, सुभाष कुशवाहा, सर्वर अली, सुधीर शर्मा, डा.शहनवाज अलम, डा.अरूण कुमार, डा.राजीव कुमार, डा.राज नारायण यादव, प्रो.संजय सुमन, प्रो. कुमार शांतनु, प्रो.सुरेंद्र मोहन यादव, ओबैदुर्रहमान, प्रीतम सिंह, अमजद हसन, राम लखन दांगी, आर.एन. सिंह, वसीम नैयर, शुभ्रदरा साहनी, उर्मिला सिंह, माधुरी कुशवाहा और नरेश मांझी आदि नेताओं को विभिन्न जिलों के अलग-आलग विधान सभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है और गत 3 अक्टूबर से पूरे बिहार में इस तरह से रायशुमारी हो रही है और आगामी 8 अक्टूबर तक यह कार्यक्रम जारी रहेगा। इस सम्मेलन में संबंधित विधान सभा क्षेत्र के सभी संभावित उम्मीदवार अनिवार्य रूप से भाग लेंगे और अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में अपनी बात रखेंगे जिस के पश्चात पार्टी के संस्थापक और प्राथमिक सदस्य अनुशासित रूप में अपनी राय देंगे अथवा बंद लिफाफे में भी अपनी राय केंद्रीय पर्यवेक्षक को सौंपेंगे।

समारोह का संचालन पार्टी के जिला प्रवक्ता मो.गुलाम मुस्तफ़ा ने किया।इस अवसर पर पार्टी के सह केंद्रीय पर्यवेक्षक उदय शंकर,जिला अभियान समिति के संयोजक सूर्यदेव वर्मा,किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह,सुखदेव प्रसाद,मो. सफीर आलम,बाल्मीकि राम,रजौली विधान सभा के प्रभारी कमल किशोर बिन्दु,रजौली प्रखंड के अध्यक्ष राजा पांडेय, सुबोध सिंह,सत्येंद्र यादव, पिंकी देवी,सुमंत कुमार सिंह, रिंकू देवी,गीता देवी, जीतेंद्र कुमार और रामदेव चौधरी (सिरदला), रामानंद राज(मेसकौर) और नरहट के प्रखंड अध्यक्ष प्रत्युष यादव भी मंचासीन रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के युवाओं को दी बड़ी सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने कौशल दीक्षांत समारोह के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूबरू होकर बिहार के युवाओं को बहुत बड़ी सौगात दिए जिसमें बिहार के पांच लाख स्नातक युवाओं को मिलेगा हर माह 1000 मासिक भत्ता, छात्रों को अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से 4 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण एवं बिहार युवा आयोग का गठन (युवाओं की आवाज के लिए अलग मंच) प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का भारत कौशल को प्राथमिकता देता है और राष्ट्र निर्माण में कौशल की अहम् भूमिका रहा हैं।आज देश के युवा नौजवानों के लिए 60 हजार करोड़ रूपये की लागत नए स्किल योजनाओ की शुभारंभ हुई है जिसमे प्रधानमंत्री सेतु योजना जिसका उद्देश्य बिहार के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालयों और 200 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं भी खोले गए है । भाजयुमो के बैनर तले विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाजयुमो के कार्यकर्त्ता एवं सैकड़ो युवाओं के द्वारा बुक वर्मा लाइब्रेरी डोभरा पर पार नवादा में इस कार्यक्रम में भाग लिया और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और कौशल विकास के क्षेत्र में अपना योगदान के लिया संकल्प लिया। इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजित शंकर, भाजयुमो जिला प्रभारी प्रकाश आनंद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, युवा महामंत्री विकाश चौधरी, युवा उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार, बीजेपी सोशल मिडिया जिलाध्यक्ष संदीप कुमार, युवा प्रवक्ता राहुल पाण्डेय, अमित कुमार, किशन, राहुल कुमार, गौरी, राहुल यादव, शरीक अली, फरदीन अंसारी, अफसर आलम, शमशाद आदि सैकड़ों युवा साथी मौजूद थे।

# अर्थ कम्पेनियंस फाउंडेशन ने सोनू कुशवाहा को बनाया ब्रांड एम्बेसडर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर योगदान और हरियाली के प्रति समर्पण को देखते हुए अर्थ कम्पेनियंस फाउंडेशन ने सोनू कुशवाहा को संगठन का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। यह सम्मान उन्हें उनके लगातार पर्यावरण के प्रति लगाव, समाज में जागरुकता फैलाने के प्रयास और धरातल पर किए गए सराहनीय कार्यों के आधार पर दिया गया है। सोनू कुशवाहा राजनीति से जुड़े हुये हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के साथ रहते हुये फिलहाल रालोमा के जिलाध्यक्ष के पद पर हैं साथ हीं लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान जैसे जनहितकारी कार्यों से भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने राजनीति से समय निकाल कर न सिर्फ स्वयं हजारों पौधे लगाए हैं, बल्कि समाज के लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया है। उनके द्वारा चलाई जा रही हर घर हरियाली और स्वच्छ परिवेश सुंदर भविष्य जैसी मुहिमों को स्थानीय स्तर पर काफी सराहना मिली है। अर्थ कम्पेनियंस फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सोनू कुशवाहा जैसे युवाओं की प्रेरणा से आज समाज में हरियाली और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर नई सोच विकसित हो रही है। उनके कार्यों ने यह साबित किया है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो एक व्यक्ति भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है। ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने पर सोनू कुशवाहा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ प्रेरणा का स्रोत भी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वे और भी अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

# विद्यालय के दरवाजे पर ग्रामीणों व छात्रों ने जड़ा ताला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरनारायणपुर में विद्यालय में शनिवार को विद्यालय के दरवाजे पर ग्रामीण व छात्रों ने ताला जड़ दिया। इसके पीछे ग्रामीणों व छात्रों की नराजगी गांव के एक शिक्षक को लेकर तालाबंदी की। ग्रामीण इस विद्यालय के शिक्षक अल्लाउदीन के रवैये के लेकर स्थान्तरण करने की मांग करने में लगे रहे। ग्रामीण वरीय अधिकारियों को बुलाने पर अड़े रहे। उक्त शिक्षक हरनारायणपुर गांव के निवासी हैं। इस दौरान स्कूली बच्चों हाथों में तख्ती लेकर नारा लगाते हुए विरोध जताया। इस दौरान काफी संख्या में अभिभावक रहे। छात्रों के हाथ में तख्तियों में लिखा था- तालाबंदी का शौक नहीं, यह हम सब की मजबूरी है। हम सब बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है। इस सूचना पर इस पंचायत के मुखिया दिनेश कुमार भी वहां पहुंचे। मुखिया ने कहा कि ऐसे शिक्षक के व्यवहार को लेकर ग्रामीणों व बच्चों में नाराजगी है। उन्हें यहां से स्थानांतरित किया जाए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद ने कहा कि विद्यालय के एक शिक्षक को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। इसी को लेकर लोगों ने ताला लगा दिया है।

# बस-बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर जोरावरडीह गांव से आगे नीमिया मोड़ के पास शनिवार की शाम बस एवं बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव निवासी सुरेन्द्र चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार अपने एक रिश्तेदार के घर चोंगवा से वापस अपने घर सोखोदेवरा लौट रहा था। तभी विपरीत दिशा से तीव्र गति से जा रहे जय मां चामुंडा नामक बस से उसकी सीधी टक्कर हो गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद उसे स्थानीय लोगों द्वारा कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। इधर घटना के बाद वाहन चालक बस को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद कौआकोल पुलिस ने घटनास्थल से बस को जब्त कर कौआकोल थाना ले आई है।

# प्लास्टिक थैला बना मौत की वजह, सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। वेना थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 42 वर्षीय बाइक सवार राजेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा टोल प्लाजा के पास उस समय हुआ जब उनकी बाइक के पिछले पहिये में पीछे बंधा प्लास्टिक का थैला फंस गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। मूल रूप से जमुई जिले के अरहा गांव निवासी राजेश कुमार वर्तमान में दीपनगर थाना क्षेत्र के पहड़पुरा में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। वे एयरटेल कंपनी में वाई-फाई तकनीकी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। शनिवार को हरनौत से बिहारशरीफ लौटते समय यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ठोकर इतनी जोरदार थी कि राजेश कुमार का सिर डिवाइडर से जा टकराया और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि हेलमेट न पहनने के कारण हादसा और भी घातक हो गया। उन्होंने कहा कि अगर मृतक हेलमेट पहने होते तो उनकी जान बच सकती थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।

# डूबे तीन किशोरों में से दो के शव बरामद, तीसरे की तलाश जारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। मूर्ति विसर्जन के दौरान शुक्रवार को पंचाने नदी हथियाखाड़ में डूबे तीन किशोरों में से दो के शव शनिवार दोपहर बरामद कर लिए गए, जबकि एक की तलाश अब भी जारी है। इस हादसे से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर आगजनी की। सभी किशोर बिहार थाना क्षेत्र के झींगनगर मोहल्ले के निवासी थे। मृतकों की पहचान 17 वर्षीय मोहित (पिता–मनोज कुमार) और 16 वर्षीय मंदीप (पिता–प्रमोद लाल) के रूप में हुई है। जबकि लापता सागर (16 वर्ष) चांदो महतो का पुत्र है। बताया जाता है कि तीनों झींगनगर काली पूजा समिति के सदस्य थे और प्रतिमा विसर्जन में शामिल होने नदी गए थे। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और देर रात तक रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण अभियान रोकना पड़ा। शनिवार सुबह दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। दोपहर करीब 2 बजे मोहित और मंदीप के शव बरामद किए गए। सागर की तलाश में एसडीआरएफ की तीन टीमें और स्थानीय गोताखोर लगातार जुटे हैं। रेस्क्यू अभियान में देरी और प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी फूट पड़ी। दोपहर बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने बिहारशरीफ–राजगीर फोरलेन को जाम कर आगजनी की।

# अखंड कीर्तन से पहले महिलाओं ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड के सुपासंग पंचायत स्थित चंदौरा गांव में शनिवार को देवी स्थान मंदिर परिसर में 48 घंटे के अखंड कीर्तन कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। 201 महिला श्रद्धालुओं और कन्याओं की सहभागिता से निकली इस शोभायात्रा में गाजे-बाजे और भक्ति गीतों की गूंज के बीच श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शोभायात्रा में हरनौत विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार भी शामिल हुए और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। महिलाएं भक्ति गीतों पर झूमती-नाचती धमौली डीह स्थित ब्रह्म स्थान मंदिर पहुंचीं, जहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद बख्तियारपुर से लाए गए पवित्र गंगाजल को कलश में भरकर श्रद्धालु धमौली बाजार मार्ग होते हुए पुनः देवी स्थान मंदिर परिसर लौटीं, जहां कलशों की स्थापना की गई। कार्यक्रम के आयोजक अविनाश महतो, रोशन कुमार और अमित कुमार ने बताया कि चंदौरा और इमली बीघा गांव के सहयोग से लगभग 6 लाख रुपये की लागत से देवी मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया है। इसी उपलक्ष्य में तीन दिवसीय भक्ति अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। रविवार सुबह से 48 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ होगा। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गांव में सुख, समृद्धि, शांति और सामूहिक एकता को बढ़ावा देना है, ताकि क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण और मजबूत हो। कार्यक्रम में पप्पू कुमार, धनंजय महतो, डॉ. जगदीश प्रसाद, परवीन कुमार, संतोष कुमार, बलराम पासवान, बिरजू यादव, बबलू पंडित, शिशुपाल कुमार, भूषण पंडित, राजेश, शंभू, अंजनी, रामुचित, उदय सहित सैकड़ों ग्रामवासी सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान युवक डूबा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के तुंगी महादेव स्थान तालाब में शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गंजपर मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय अजीत कुमार के रूप में की गई है परिजनों के अनुसार, अजीत अपने दोस्तों के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए तालाब गया था। प्रतिमा विसर्जन के बाद सभी युवक तालाब में स्नान कर रहे थे, तभी अजीत अचानक गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल सका। उसके दोस्तों ने तत्काल उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह गहराई में डूब गया। स्थानीय लोगों ने देर तक उसकी खोजबीन की, लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण अभियान रोकना पड़ा। रात भर परिजन और ग्रामीण उसे ढूंढते रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में अजीत का शव तैरते देखा। घटना की सूचना तुरंत दीपनगर थाना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष राजमणि अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस हादसे ने क्षेत्रवासियों में शोक की लहर फैला दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या की आशंका




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक का शव अर्धनिर्मित मकान से बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मघड़ा मोहल्ला निवासी घनश्याम पासवान के पुत्र राहुल कुमार (19) के रूप में की गई है। युवक की मौत संदिग्ध हालात में हुई है, जबकि परिजनों ने उसकी हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। मृतक के भाई राजा के अनुसार, शुक्रवार की शाम राहुल घर आया था। करीब 7 बजे किसी का फोन आने पर वह घर से बाहर निकला और देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने जब उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, तो फोन स्विच ऑफ मिला। शनिवार सुबह परिजनों की तलाश के दौरान एक अर्धनिर्मित मकान में उसका शव पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि राहुल के मुंह से सफेद झाग निकल रहा था और मौके पर खून के छींटे भी पाए गए। उसका टी-शर्ट भी वहीं पड़ा मिला। उनका आरोप है कि राहुल को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या की गई और उसके मोबाइल व पैसे लूट लिए गए। घटना की सूचना मिलते ही दीपनगर थानाध्यक्ष राजमणि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। बताया जाता है कि राहुल बाढ़ में रहकर एक झूला कंपनी में काम करता था और शुक्रवार को ही घर लौटा था। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

# बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनरों को किया जा रहा प्रशिक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 को गयाजी जिले में स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त और तकनीकी खराबी रहित चुनाव सम्पन्न करने के लिए जिला प्रशासन ने अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले में प्रथम राउंड में सुपर मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। दूसरे राउंड में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण देने का कार्य जारी है। हरिदास सेमनरी गयाजी स्थित प्रेक्षागृह में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु गया जिले के अलग-अलग विधान सभाओं से आए मास्टर ट्रेनरों का सिड्यूल बनाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में होने वाले मतदान के दौरान इवीएम में किसी प्रकार के तकनीकी खराबी नहीं हो या खराबी होने पर उसे तत्काल ठीक कर दिया जाय, इसके लिए सुपर मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मास्टर ट्रेनरों को इवीएम से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सुपर मास्टर ट्रेनरों ने मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण के दौरान इवीएम का हैंड्स ऑन करवाया गया। पीठासीन पदाधिकारियों को विशेष रूप से मोबाइल एप की जानकारी दी गई। इस संबंध में जिलाधिकारी गया जी शशांक शुभंकर ने बताया कि मतदान कार्य में लगने वाले सभी अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित करने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम राउंड की ट्रेनिंग समाप्त हो गई है। आगे मतदान होने तक मतदान कर्मियों का प्राधिक्षण जाती रहेगा।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी (गयाजी)।** समेकित जांच चौकी डोभी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो पिकअप से 708.120 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अनिल कुमार (पिता- जनार्दन सिंह, साकिन-बाघा टिल्ला, थाना-बेली रोड, जिला-पटना, उम-लगभग 40 वर्ष) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बोलेरो पिकअप से शराब परिवहन किया जा रहा था। जांच के दौरान वाहन से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। छापेमारी दल में मद्य निषेध विभाग के रामप्रती कुमार के नेतृत्व में रवनीत कुमार, हलेन्द्र कुमार, विजय कुमार सहित अन्य जवान शामिल थे। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है तथा अभियुक्त के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को आगे कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

## एक नजर

### अज्ञात महिला का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के अहियापुर मोड़ के पास शनिवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव देखकर डायल 112 को सूचना दी जिसके बाद कोंच पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गया मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 40 वर्ष है और उसने सलवार सूट पहन रखा था। महिला के सिर के पास चोट का निशान पाया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि वह सड़क पर चलते समय गिर गई होगी या किसी वाहन की चपेट में आ गई होगी। पुलिस ने यह भी बताया कि मृतका विक्षिप्त प्रतीत होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार वह अक्सर आसपास घूमती दिखती थी। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। कोंच पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### मनरेगा प्रोग्राम पदाधिकारी की भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू प्रखण्ड स्थित मनरेगा कार्यालय में वर्षों से प्रोग्राम पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित मिथिलेश कुमार की भावभीनी विदाई सह आगंतुक प्रोग्राम पदाधिकारी संजय कुमार सिंह के सम्मान में एक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रखण्ड के कई पंचायत प्रतिनिधियों के अलावे मनरेगा कर्मी एवं प्रखण्ड सह अंचल के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पदाधिकारी द्वय को बुके भेंट कर एवं माल्यार्पण किया गया। पंचायत समिति प्रतिनिधि सह फांफर गांव निवासी समाजसेवी समीर शेखर मोनू ने कहा कि पूर्व मनरेगा पीओ मिथिलेश कुमार का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। गौरतलब है कि मिथिलेश कुमार का तबादला रोहतास जिला के तिलौथू प्रखण्ड में हुआ है और उनके स्थान पर कोंच प्रखण्ड में मनरेगा पीओ के पद पर पदस्थापित संजय कुमार सिंह को गुरारू का प्रभार दिया गया है।

### कोंच प्रखंड क्षेत्र में 11वीं उर्स का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में शनिवार को 11वीं शरीफ बड़े श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सूफी संत हजरत अब्दुल कादिर जिलानी (रह.) की याद में नजर-नियाज पेश किए और अमन-चैन, भाईचारा एवं खुशहाली की दुआएं मांगीं। घरों में मीठे पकवान बनाए गए और लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पूरे उत्साह से त्योहार की खुशियां साझा कीं। मस्जिदों और दरगाहों में कुरान की तिलावत, फातेहा व विशेष दुआ का आयोजन किया गया। धर्मप्रेमियों ने बताया कि हजरत अब्दुल कादिर जिलानी (रह.) ने हमेशा इंसानियत, शांति और एकता का संदेश दिया। उनके बताए मार्ग पर चलना सच्ची इबादत है। इस मौके पर समाज में सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

### घर में घुस चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांके बाजार।** स्थानीय थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह घटना शुक्रवार की देर शाम बांके बाजार थाना क्षेत्र के तिलैया गांव में घटी जब गांव निवासी दुखन प्रसाद के घर में चोरी की कोशिश की जा रही थी। गिरफ्तार चोरों की पहचान डिहरी ऑन सोन निवासी सुखाड़ी सिंह और गया जिले के बेला निवासी करन गुलगुलिया के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को घर के भीतर से पकड़ लिया। तलाशी लेने पर इनके पास से दो चांदी का बिछिया और 1500 रुपये नकद बरामद किया गया। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों आरोपी पिछले कई दिनों से गांव में तंबू लगाकर डेरा डालकर रह रहे थे।

### मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के चन्दैनी गांव में दुर्गा पूजा समिति के सौजन्य से एकादशी को भव्य दशहरा मेले का आयोजन किया गया। मेले में शुक्रवार की रात्रि 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई जो शनिवार की सुबह 5 बजे तक चला। कार्यक्रम का उद्घाटन आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान ब्यास पूजा पाण्डेय और बिट्टू तिवारी के बीच दुगोला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# स्वास्थ्य उपकेंद्र डोभी से सरकारी सामान की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/ गयाजी।** गयाजी जिला के डोभी प्रखंड के अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र करमौनी (डोभी) से अज्ञात चोरों द्वारा सरकारी सामानों की चोरी कर ली गई। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ. रंजनिश कुमार देव ने डोभी थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि 3 अक्टूबर की सुबह जब वे उपकेंद्र पहुंचे तो देखा कि परिसर का ताला टूटा हुआ था। अंदर प्रवेश करने पर कई महत्वपूर्ण सरकारी सामग्रियां गायब पाई गईं। चोरी गए सामानों में ट्यूबलर बैटरी (2 पीस), इन्वर्टर (1 पीस), एचपी प्रिंटर (1 पीस), चार टेबल फैन (2 पीस), थर्मामीटर (1 पीस), ग्लूकोमीटर (1 पीस), बीपी मशीन (2 पीस) सहित अन्य दवाइयां और आवश्यक उपकरण शामिल हैं।

# गया की दसों विधानसभा सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की विजय का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यालय में आज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा बागवानी प्रकोष्ठ के सह-संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर रणनीति तैयार की गई तथा गया जिला के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों की प्रचंड विजय सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने यह संकल्प लिया कि गया जिले की दसों विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर बिहार में पुनः एनडीए की सरकार स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा के विसर्जन के बाद आज हम सभी ने संकल्प लिया है कि बिहार के विकास और खुशहाली के लिए पुनः एनडीए सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करेंगे और जनता के बीच केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाकर एनडीए की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने 'फिर एक बार एनडीए सरकार' का नारा लगाते हुए एकजुटता का परिचय दिया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी पश्चिम के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, अति पिछड़ा आयोग के सदस्य अमित कुमार डांगी सहित कई प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शेरघाटी में मृतक दीपक गुप्ता को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के ब्लॉक के निकट शनिवार को मृतक दीपक गुप्ता के प्रति श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके चाहने वाले परिजन और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपक गुप्ता को गुरुवार की रात्रि में सम्पति के लालच में आकर उसे गोली मारकर हत्या कर दिया था जिससे क्षेत्र में गम का माहौल व्याप्त है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दीपक गुप्ता के सामाजिक योगदान और मिलनसार स्वभाव को याद करते हुए कहा कि उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष चिंटू सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन किशोर, राजद नेता प्रमोद वर्मा, समाजसेवी विकास कुमार, रौशन कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। श्रद्धांजलि के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, व्यापारी वर्ग और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीस सूत्री बैठक में मनरेगा, पीडीएस, जीविका आदि मुद्दे छाए रहे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में शनिवार को आयोजित बीस सूत्री बैठक में विभिन्न विभागों की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें कई विभागों की लापरवाही उजागर हुई। बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने पर प्रतिनिधियों ने असंतोष जताया। वहीं पीएचइडी विभाग के खिलाफ भी तीखी नाराजगी व्यक्त की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कई सार्वजनिक स्थलों पर चापाकल खराब हैं और उनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है जिस पर विभाग कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। अंचल कार्यालय की लापरवाही पर भी सवाल उठे। आरोप लगाया गया कि मोटी रकम लेकर बिहार सरकार की जमीन पर रसीद काट दी गई जबकि यह जमीन पूर्व सीओ द्वारा अस्पताल निर्माण हेतु दी गई थी। इसी क्रम में शेरघाटी अनुमंडल अस्पताल की बदहाली पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि अस्पताल में वेंटिलेटर मशीनें तो स्थापित हैं, लेकिन चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण इलाज संभव नहीं हो पाता। साथ ही अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने पर भी सवाल खड़े हुए। बैठक में अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई की मांग उठी। कल्याण पदाधिकारी के पास लंबित 74 मुआवजा मामलों की समीक्षा की गई और यह पूछा गया कि अब तक कितनों को भुगतान किया गया। इसके अलावा खराब अनाज वितरण, गैस एजेंसी द्वारा अतिरिक्त वसूली, स्कूलों में शिक्षकों के दुर्व्यवहार तथा बीआरसी के अकाउंटेंट व शिक्षा विभाग में अवैध वसूली के मामलों को भी गंभीरता से उठाया गया। बैठक के दौरान विधायक मंजू अग्रवाल, अध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष राधेश्याम सिंह, बीडीओ स्नेहिल आनंद, सीओ उषा कुमारी, थानाध्यक्ष अजित कुमार, सांसद प्रतिनिधि टूटू खान, रवि सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# सरबहदा में चौदहवें दिन भी जारी रहा सत्याग्रह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** अतरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चौदहवें दिन भी अनिश्चित कालीन सत्याग्रह जारी रहा। आजादी के सात दशक बाद भी किसी बाबू सफेदपोश नेतृत्व कर्ता का दीर्घा दृष्टि अतरी विधान सभा क्षेत्र के किसानों की समस्या पर न पड़ा। यहां के किसान आज भी अपनी बेबसी का मासूम चेहरा लिये खड़ा है कोई हाल जानने वाला नहीं दर्जनों समस्याओं के निराकरण को लेकर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सरबहदा बाजार बस स्टैंड यात्री शेड में जिला किसान सभा एवं समाज सेवी सूर्यदेव सिंह उर्फ सूरज यादव के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह तेरहवें दिन भी जारी रहा। सभा को संबोधित करते हुए सूर्यदेव सिंह उर्फ सूरज यादव ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन कमजोर होती चली जा रही है। सरकार किसानों के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं कर रही है किसान हमारी अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। फिर भी किसान समस्याओं में उलझा हुआ है किसान हमेशा सिंचाई बीज खाद उचित मूल्य का आभाव रहता है प्राकृतिक आपदाएं बिचौलियों का शोषण सरकार की उदासीनता कर्ज का बोझ बिजली विल दाखिल खारिज जमाबन्दी में लूट खसोट इन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर कर रखा है। यादव ने यह भी कहा कि हमारी मांगें पूरी होने तक अनिश्चित कालीन जंसत्याग्रह जारी रहेगा हमारी छह सूत्री मांगों में खिजरसराय प्रखंड के फल्गु नदी से निकले बड़की पाइन नैली पाइन विहटा मंडाई आदि तमाम पइनों की सफाई महमूदा नहर को आदमपुर नादरा जगडीहा शेख विगहा हेमारा विहटा इत्यादि गांव से नहर निकल कर तेहैइया गांव के समीप छिलका निर्माण कर सिंचाई का प्रबंध करना, प्रखंड के सभी आहार पइन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाये समस्त गांव में पेयजल की व्यवस्था किया जाए फर्जी बिल माफ हो तमाम गांव सड़क लिंक पथ का निर्माण किया जाना शामिल है। मौके पर सीताराम यादव, चंदेश्वर यादव, रामदेव अर्जुन यादव, गोपाल ठठेरा, ओमप्रकाश चौधरी, विंदेश्वर मोची, वसंत चौधरी, रामबालक जमादार, अर्जुन विद्यार्थी, कांति देवी, सोनी देवी, क्रांति देवी, रामबली यादव आदि सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मिट्टी का मकान गिरने से घर में सो रहे बुजुर्ग की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के डिह भुजैना गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। भारी बारिश के दौरान मिट्टी का मकान गिरने से घर में सो रहे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा तब हुआ जब परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। अचानक तेज बारिश के बीच मिट्टी की दीवार गिरने लगी। आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य जैसे-तैसे भाग निकले, लेकिन 58 वर्षीय राम आधार राम भाग नहीं सके और पूरा मकान उनके ऊपर गिर पड़ा। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने शोर मचाया तो पड़ोसी मौके पर पहुंचे और मिट्टी हटा कर बुजुर्ग के शव को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के डिह भुजैना गांव निवासी स्वर्गीय सोती राम के पुत्र राम आधार राम के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र जोगिंदर राम ने बताया कि जब हादसा हुआ, तब घर के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे। तेज बारिश के कारण मकान की दीवार कमजोर हो गई थी और देखते ही देखते पूरा घर गिर गया। उन्होंने कहा कि हम लोग किसी तरह बाहर निकल पाए, लेकिन मेरे पिता अंदर ही दब गए।घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है ताकि मृतक के परिवार का भरण-पोषण हो सके। वहीं पुलिस प्रशासन ने कहा है कि रिपोर्ट तैयार कर जिला आपदा प्रबंधन विभाग को भेजी जाएगी ताकि सरकारी मुआवजा दिलाया जा सके।

# शराब छापेमारी के दौरान उत्पाद पुलिस पर हमला, आधा दर्जन ग्रामीण हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के चिताबकला गांव में शनिवार को शराब की छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर गांव में छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस दल पर अचानक हमला बोल दिया। हमले में पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए और कर्मियों के साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना अध्यक्ष एवं प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में दल बल के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब बरामद की है।

# भीतरीबांध में पहाड़ के रिसाव से बनी बाढ़ की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामपुर प्रखंड के भीतरी बांध गांव में पिछले एक महीने से पहाड़ से लगातार पानी के रिसाव के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गांव के महादलित बस्ती की गलियों में दो फीट तक पानी जमा है। लगातार दो-तीन दिनों से हो रही बारिश ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। ग्रामीणों के अनुसार सैकड़ों घर बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं और कई घरों में पानी घुस गया है। अब तक 30 से 40 मिट्टी के घर बारिश और जलजमाव के कारण गिर चुके हैं। महादलित बस्ती में चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। सैकड़ों एकड़ में खड़ी धान की फसल पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है। ग्रामीणों को घुटने भर पानी पार कर रोजमर्रा के काम करने पड़ रहे हैं। पीड़ित उषा देवी, सिंघासन राम, प्रीति देवी, रमुनी देवी, मालती देवी और सुनील राम सहित अन्य ने बताया कि इस बाढ़ से करीब 50 से अधिक महादलित परिवार प्रभावित हैं। पिछले एक महीने से पानी गलियों में जमा है, जिससे आवागमन बेहद कठिन हो गया है। कई परिवारों को अपने घर छोड़कर दूसरे स्थानों पर शरण लेना पड़ा है। ग्रामीण महिलाओं ने पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने पर प्रशासन के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाकर विरोध जताया। उनका कहना है कि एक सप्ताह पूर्व विधायक और लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी और बीडीओ दृष्टि पाठक ने गांव का दौरा कर स्थिति की जानकारी ली और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीण अब प्रशासन से तत्काल राहत और स्थायी जल निकासी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस सं0–**
**34 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/ डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं0–13–डीडीयू–व0 मं0इंजी0– III–25–26 वरीय मंडल इंजीनियर/III/डी0डी0यू0के अधिकार क्षेत्र के तहत सीटीआर (एस/पी)–3.482 ट्रैककि0मी0, टीआरआर (पी)–4.199 ट्रैककि0मी0, टीआरआर (एस) –17.053 ट्रैककि0मी0 और टीएसआर (पी)–3.352 ट्रैककि0मी0 और रेल का आकस्मिक नवीनीकरण (प्राथमिक)–1.3 ट्रैककि0मी0 **(ii) कार्य का अनुमानित लागत:** रू0 35591750.67 **(iii) धरोहर राशि:** रू0 328000.00 **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 31.10.2025 को 12:00 बजे तक **(v) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in **नोट:–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1081/डीडीयू/टी/25–26/32



**रेलवे भर्ती सेल**
**पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

**वर्ष 2025–26 के लिए स्काउट–गाइड कोटा के अंतर्गत भर्ती**
**रोजगार सूचना सं. एनईआर/आरआरसी/एसजी/2025–26 दिनांक 30.09.2025**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय | 01.10.2025, 10:00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय | 30.10.2025, 18:00 बजे |

वर्ष 2025–26 के लिए स्काउट–गाइड कोटा के अंतर्गत लेवल–2 (ग्रेड पे–1900) में ग्रुप 'सी' के 03 पदों (पूर्वोत्तर रेलवे–02 पदों एवं बीएलडब्ल्यू/वाराणसी–01 पदों) तथा लेवल–1 (ग्रेड पे–1800) में पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी' के 08 पदों (पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर, लखनऊ एवं वाराणसी मण्डलों तथा बीएलडब्ल्यू/वाराणसी, प्रत्येक में 02 पदों) के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

विस्तृत सूचना के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** देखें।

मुजाधि/आर.आर.सी–02 — अध्यक्ष, रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर



**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**

बिहार सरकार

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, RCD, ROAD DIVISION No. 1, Aurangabad
Email ID:- eercdaurangabad01@gmail.com, Mob:- +91-9470001281
SBD BASED DETAILED NOTICE INVITING E-TENDER
**(Through e-procurement mode only https://www.eproc2.bihar.gov.in)**
NIT No.- RCD / AURANGABAD/SBD/08/2025-26

1. **Designation And Address of The Advertiser** :- **Executive Engineer, R.C.D., Road Division No. 1 Aurangabad**
2. Date Of Issue of Notice Inviting Tender :- **24.09.2025**
3. Period For Download of Tender Document :- From **24.10.2025** to **06.11.2025** Up to 15:00 hrs. **(From Website:** https://www.eproc2.bihar.gov.in **) Only.**
4. Date, Time & Place of Pre-Bid Meeting :- **30.10.2025** at 11:00 hrs. at Office of The Chief Engineer, South, RCD, Bihar, Patna
5. Last Date & Time for Uploading Tender Document By Bidder :- **06.11.2025** Up to 15:00 hrs. **On Website**: (https://www.eproc2.bihar.gov.in) Only.
6. Date, Time & Place Of Opening Of Technical Bid :- Date- **06.11.2025** after 15:30 hrs. **On Website :** https://www.eproc2.bihar.gov.in
7. Details Of Works:

| Group No. | Name of work | Estimated Cost ( Rs in Lakh) | Amount of Earnest money ( Rs in Lakh) | Cost of B.O.Q (to be paid through online mode) (non-refundable) (in Rs.) | Bid Processing Fee (to be paid through online mode) (non-refundable (in Rs.) | Time of completion of work (in month) Including monsoon period. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Widening and Strengthening of Old G.T. Road Jasoiya More to Ramesh Chowk from Ch. 0.00 to 1.80 km and Construction of new RCC Drain on the Level of Road for the year 2025 -26 under RCD, Road Division No. 1, Aurangabad | 1682.88102 | 26.83 | 10,000.00 | As appeared on e-proc2 | 06 Months |

8. Date, Time & Place of opening of Financial Bid :- To be announced after approval of Technical Bid by Competent Authority **(on Website :** https://www.eproc2.bihar.gov.in **)**
9. Bid Validity :- 120 Days

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad**

PR- 016607 (RCD) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

संपादकीय

# सड़क पर कसैला हो रहा कश्मीर का सेब

बीते कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन की मार से बेहाल, धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर पर संकट मंडरा रहा है कि कहीं यहां का किसान सेबफल की बागवानी से तौबा न कर ले. पहले देर तक गर्मी पड़ी, फिर कम बर्फबारी और वह भी अल्प दिनों के लिए, इस सब विपदाओं से जूझते हुए जब शरद ऋतु के पतझड़ में उम्मीद के सेबफल आए तो रास्तों में लगे लम्बे जाम ने पूरे साल की मेहनत को सड़क पर फेंकने को मजबूर कर दिया. हालांकि इस साल कश्मीर का सेब दिल्ली तक रेल से लाने का प्रयोग हुआ है, पर इस सेवा का लाभ बहुत कम लोगों तक पहुंच पा रहा है.

भादों माह विदा हुआ तो पुलवामा, सोपोर, शोपियां जैसे जिलों में बर्फ गिरने से पहले पेड़ों पर लाल-गुलाबी और सुनहरे सेबफल झूमने लगे. इस समय सारा परिवार एकजुट होकर पहले सेब तोड़ता है, फिर उसे छंटता है और लकड़ी की पेटियों में सुरक्षित पैक करता है. फिर इन्हें ट्रकों में चढ़ा दिया जाता है. इस साल अगस्त के आखिरी हफ्ते में जम आकर बरसात हुई और कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाली एकमात्र 270 किलोमीटर आल वेदर रोड पर नासिरी, उधमपुर सहित दर्जनों जगह इतना भूस्खलन हुआ कि कोई तीन हफ्ते रास्ता बंद रहा.

इस बीच कोई दस हजार ट्रक सड़कों पर फंसे रहे. जिन गाड़ियों से बदबू आने लगती, सेब को आसपास की घाटी में लुढ़का कर निराश लोग वापस आने की सोचते. उधर पुराना मुगल रोड इसके लायक नहीं रहता कि बरसात में उससे भारी वाहन ले जाए जा सकें.

सोपोर को सेबफल की सबसे बड़ी मंडी कहा जाता है. कभी यहां इस समय कंधे छीलने वाली भीड़ और लोगों का शोर होता था, लेकिन इस समय सन्नाटा है. जो लोग हैं भी तो उनके चेहरे पर खुशी नहीं है. बम्पर फसल लेकर आए किसानों को चिंता है कि दाम सही मिलेगा या नहीं, कारण कि रास्ते बंद हैं और ऐसे में सड़क पर माल फेंकने से बेहतर है बड़े डीलर को औने-पौने दाम पर बेच दिया जाए.

कश्मीर में कोई 35 लाख लोग सेबफल के उत्पादन से जुड़े हैं जिसका सालाना व्यापार 11 हजार करोड़ रु. का है. बदलते मौसम का मिजाज किस तरह आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, इसकी कड़वी सच्चाई कश्मीर के बागानों में दिख जाती है. कुछ लोग सुझाव देते हैं कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज क्षमता बढ़ाई जाए. इस समय शोपियां, अनंतनाग, श्रीनगर और पुलवामा में कोई 85 कोल्ड स्टोरेज हैं जिनकी क्षमता चार लाख मीट्रिक टन है. अब यहां 20 किलो की एक पेटी को चार महीने के लिए रखने का किराया 180 रुपए होता है. अधिकांश कोल्ड स्टोरेज को बड़े डीलर पूरा बुक कर लेते हैं और आम किसान को अवसर मिलता नहीं. जान लें कि सितंबर में यदि माल रखा तो उसे दिसंबर में उठाना होगा और उस समय भारी बर्फबारी के कारण फिर से सड़क-रास्ते बंद होते रहते हैं और फलों की खपत भी कम हो जाती है.

बागान से बाजार के बीच निराशा में घुट रहे सेबफल के किसानों को राहत तभी मिल सकती हैं जब सेब का रस, सिरका और ऐसे ही उत्पादों के लघु उद्योग ग्रामीण स्तर पर शुरू किए जाएं. इसके साथ ही कश्मीरी सेब के विदेशों में निर्यात की संभावना, श्रीनगर से सीधे उन्हें बाहर भेजने के लिए हवाई कार्गो आदि पर काम किया जाए. साथ ही आधुनिक जेनेटिक तकनीक से अधिक समय तक न सड़ने वाली नस्लों के शोध और प्रचार पर भी काम करने की जरूरत है.

# अभी भी गर्मी बढ़ाने में लगे हैं दुनिया के 17 बड़े देश

**इस समय दुनिया में चल रहे दो भीषण युद्ध ने हालात बदल दिए हैं। नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि वर्ष 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का उपयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत और चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन चालीस देशों ने कोयले का इस्तेमाल बंद कर देने का भरोसा दिया था। वहीं, बीस देशों ने विश्वास दिलाया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्र बंद कर दिए जाएंगे, मगर ऐसा कुछ हुआ नहीं।**

प्रमोद भार्गव

जलवायु परिवर्तन पर कुछ समय पहले आई एक रपट में चेतावनी दी गई है कि पेरिस जलवायु समझौते के दस साल बाद भी कई देश जीवाश्म ईंधन के उत्पादन को बढ़ावा दे रहे हैं, जो चिंताजनक है। इसमें कहा गया है कि अनेक देशों की सरकारें वर्ष 2030 तक कोयला, तेल और गैस के उत्पादन की योजना बना रही हैं, जो वायुमंडल में तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए जरूरी ईंधन से दोगुने से अधिक हो सकता है। यह उत्पादन लक्ष्य से 120 फीसद अधिक है। पेरिस समझौते के अब दस साल पूरे होने जा रहे हैं। इसके मुताबिक, दुनिया भर के देशों ने तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित रखने की प्रतिबद्धता जताई थी। दुबई में आयोजित 'सीओपी 28' में विभिन्न देशों ने ऊर्जा प्रणालियों में जीवाश्म ईंधन से दूसरे स्रोतों की ओर रुख करने के आह्वान पर पूरी तरह सहमति व्यक्त की थी।

स्टाकहोम एनवायरमेंट इंस्टीट्यूट और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड क्लाइमेट एनालिटिक्स की 'उत्पादन अंतराल रपट 2025' के अनुसार, जीवाश्म ईंधन का उपयोग कम करने के बजाय कई देशों की सरकारें अब सामूहिक रूप से वर्ष 2035 तक कोयला उत्पादन, 2050 तक गैस उत्पादन और सदी के मध्य तक तेल उत्पादन में निरंतर वृद्धि की योजना बना रही हैं।

ऐसे में जो चुनौतियां खड़ी होंगी, उसके मद्देनजर कहा जा सकता है कि आने वाले दशकों में जीवाश्म ईंधन के उत्पादन में और भी कमी लाने के लिए कदम उठाने होंगे। यह काम निश्चित रूप से चुनौती भरा होगा। इस रपट में अमेरिका, चीन, रूस, सऊदी अरब, भारत और आस्ट्रेलिया सहित बीस प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देशों को शामिल कर एक विश्लेषण किया गया है। इसमें पता चला है कि सत्रह देश अभी भी 2030 तक जीवाश्म ईंधन का उत्पादन बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। यानी कोयला, तेल या गैस का उत्पादन पहले की



तुलना में कहीं अधिक होगा।

रपट में बताया गया है कि वर्ष 2030 तक कोयला उत्पादन 1.5 डिग्री सेल्सियस के अनुरूप स्तर से 500 फीसद अधिक होगा। इसी तरह तेल इकतीस और गैस का उत्पादन बानबे फीसद से अधिक होगा। जबकि वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इन देशों ने वर्ष 2040 तक कोयले का उपयोग लगभग समाप्त करने और 2050 तक तेल एवं गैस उत्पादन में तीन चौथाई कटौती करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

धरती पर रहने वाले संपूर्ण जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन से वर्तमान और भविष्य में पैदा होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। मनुष्य के जीवन और जलवायु परिवर्तन के बीच दूरी निरंतर कम हो रही है। पर्यावरण विज्ञानियों के मुताबिक, औद्योगिक विकास से उत्सर्जित कार्बन और शहरी विकास से घटते जंगल से वायुमंडल का तापमान बढ़ रहा है। यह पृथ्वी के लिए घातक है। स्वाभाविक रूप से इससे न केवल मानव सभ्यता पर असर पड़ेगा, बल्कि धरती पर हर जीव-जंतु प्रभावित होंगे।

ऐसा ही रहा तो इस सदी के अंत तक पृथ्वी पर गर्मी 2.7 फीसद बढ़ जाएगी, जिस कारण कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है। इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए प्रतिवर्ष एक अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन (सीओपी) आयोजित किया जाता है। इसकी पिछली बैठक दुबई में हुई थी। पेरिस समझौते के तहत भागीदार देशों ने जो वचनबद्धता जताई थी, उसके अंतर्गत वास्तव में अभी तक छप्पन देशों ने ही संयुक्त राष्ट्र मानदंडों के अनुसार पर्यावरण सुधार की घोषणा की है। इनमें यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन, जापान और भारत भी शामिल हैं। मगर रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के कारण कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के लिए जो कार्य किया जाना चाहिए था और नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जाना था, वह उम्मीद के अनुरूप नहीं हो रहा है। क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयले से ऊर्जा उत्पादन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उन्हें अब फिर से चालू करने की तैयारियां हो रही हैं। गौरतलब है कि ब्रिटेन में हुई पहली औद्योगिक क्रांति में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दरअसल, 1500 ईसवीं में बड़े पैमाने पर कोयला उत्खनन की शुरुआत हुई थी। इसके बाद जिन देशों में भी कारखाने लगे, उनमें लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल लंबे समय तक होता रहा। दुनिया भर में रेलगाड़ियां कोयले से ही लंबे समय तक चलती रही हैं। भोजन पकाने, ठंड से बचने और उजाले के उपाय भी लकड़ी जला कर किए जाते रहे हैं। धुएं के बड़ी मात्रा में उत्सर्जन और धरती के तापमान में वृद्धि की शुरुआत औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखने के साथ ही आरंभ हो गई थी। इसके बाद जब इन दुष्प्रभावों का अनुभव पर्यावरणविदों ने किया, तो 14 जून 1992 में रियो डी जनेरियो में पहला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप 16 फरवरी, 2005 को जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए क्योटो अंतरराष्ट्रीय संधि अस्तित्व में आई। इसमें शामिल देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दुनिया के वैज्ञानिकों ने एकमत होकर कहा कि मानव निर्मित गैस सीओ-2 के उत्सर्जन से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इस संधि पर 192 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं।

इस समय दुनिया में चल रहे दो भीषण युद्ध ने हालात बदल दिए हैं। नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि वर्ष 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का उपयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत और चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन चालीस देशों ने कोयले का इस्तेमाल बंद कर देने का भरोसा दिया था। वहीं, बीस देशों ने विश्वास दिलाया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्र बंद कर दिए जाएंगे, मगर ऐसा कुछ हुआ नहीं। इन बदले हालात में अगर हमें जिंदा रहना है, तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। हर हाल में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी। अगर तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है, तो कार्बन उत्सर्जन में 43 फीसद कमी लानी होगी। आइपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है। अगर कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है, तो असमय सूखा, बाढ़ और जंगलों में आग की घटनाओं का निरंतर सामना करना पड़ सकता है। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर ही होगा, ऐसा नहीं है। इससे समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा, जिससे तटवर्ती क्षेत्रों के कई शहरों का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा।

अध्यात्म

## पाखंडी को परमात्मा नहीं मिलते



श्री कृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम इतना अधिक बढ़ गया था कि वह उनका वियोग एक क्षण भी नहीं सह सकती थी। श्री कृष्ण के वियोग में मूर्छित होने लगी। श्री कृष्ण ने अपने बाल मित्रों से कह दिया था कि किसी गोपी को मूर्छा आए तो मुझे बुलाना। मैं मूर्छा उतारने का मंत्र जानता हूं। किसी गोपी को मूर्छा आती तो शीघ्र ही कृष्ण को बुलाया जाता। श्री कृष्ण जानते थे कि इस गोपी के प्राण अब मुझ में ही अटके हैं। इसे कोई वासना नहीं है। यह जीव अत्यंत शुद्ध हो गया है एवं मुझसे मिलने के लिए आतुर है। अतः श्री कृष्ण उसके सिर पर हाथ फेरते और कान में कहते, शरद पूर्णिमा की रात्रि को तुझसे मिलूंगा। तब तक धीरज रख और मेरा ध्यान कर। यह सुनकर गोपी की मूर्छा दूर हो जाती। वृंदावन में एक वृद्धा महिला, जो कि एक गोपी की सास थी, उसे लगा कि इसमें कुछ गड़बड़ अवश्य है। इन छोकरियों को मूर्छा आती है तो कन्हैया इनके कान में कुछ मंत्र पढता है। मैं भी यह मंत्र जानना चाहती हूं। वृद्धा ने मूर्छित होने का ढोंग करके मंत्र जानने का निश्चय किया। काम करते-करते वह एकदम गिर गई। उसकी बहू को बहुत दुख हुआ। वह कन्हैया को बुलाने दौड़ी। श्री कृष्ण ने कहा - सफेद बाल वाले पर मेरा मंत्र नहीं चलता है। बाल सफेद होने पर भी दिल सफेद न हो, प्रभु के नाम की माला न जपे, तो ऐसा जीव मरे या जिए, इसमें कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं नहीं जाऊंगा। तू किसी दूसरे को बुला ले। किंतु गोपी ने बहुत आग्रह किया। गोपी का शुद्ध प्रेम था, अतः उसके आग्रह को मानकर श्री कृष्ण घर आए और वृद्धा को देखकर बोले, इसको मूर्छा नहीं आई है। इसे तो भूत लगा है। किंतु घबराओ मत नवनीत। भूत उतारने का मंत्र भी मुझे आता है। एक लकड़ी ले आओ। वृद्धा घबराई कि अब तो मार पड़ेगी। यह ढोंग तो मुझे ही भारी पड़ जाएगा। कृष्ण ने लकड़ी के दो चार हाथ मारे कि वृद्धा बोल उठी, मुझे मत मारो, मत मारो, मुझे न मूर्छा आई है, न भूत लगा है। मैंने तो ढोंग किया था। पाखंड भूत है। अभिमान भी भूत है। पाखंडी को परमात्मा नहीं मिलते।

# चिंता करने से आज की खुशी भी चली जाएगी...

**अगर जीवन को सही ढंग से जीना है और हम चाहते हैं कि हमारा परिवार खुशहाल जीवन व्यतीत करें, तो सबसे पहले लोगों की भेड़चाल में शामिल होने से बचना होगा। समझ लेना चाहिए कि चिंता एक चिता एक समान है और इससे जितना दूर रहा जाए, उतना ही अच्छा है। यह नहीं सोचने की जरूरत है कि कल क्या होगा। बल्कि आज को कैसे जिएं, इसके बारे में सोचना चाहिए। सबसे पहले सोचना छोड़ देना चाहिए कि कोई क्या कहेगा। मसलन, 'स्टेटस सिंबल' के सवाल को दिलोदिमाग से निकाल देने की जरूरत है, क्योंकि इसी के कारण हमारा अपने खर्चों पर कोई काबू नहीं है। अपने बच्चों को एक महंगे स्कूल में पढ़ाना या फिर सोशल मीडिया पर बिल्कुल अद्यतन रहना ही सब कुछ नहीं होता है। जरूरी है कि चिंता किए बिना जीवन जीने की कला को सीखा जाए, जिससे हमारा मन भी प्रसन्न रहेगा और हमारा परिवार एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकेगा।**

निधि गोयल

जीवन में चिंता उस दिन शुरू हो जाती है, जिस दिन हम होश संभालते हैं। लेकिन आज की स्थितियां कुछ अलग दिखने लगी हैं। अब तो बच्चा दो-तीन वर्षों में ही स्कूल जाने लगता है। मां-पिता से लेकर बच्चा, तीनों को ही चिंता होनी शुरू हो जाती है, क्योंकि तब बच्चे के स्कूल की पढ़ाई और गृहकार्यों से लेकर उसे स्कूल में क्या पहनकर जाना है, क्या खाना है, सभी चीजों पर चिंता दिलोदिमाग पर बैठने लगती है। आजकल के अभिभावक पहले जैसे नहीं रह गए हैं। पहले कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता था कि बच्चा किस स्कूल में जाएगा या फिर उस स्कूल का 'स्टेटस सिंबल' या 'ऊंची हैसियत का प्रतीक' भी कुछ है या नहीं। अब तो बच्चा पैदा होने के साथ ही माता-पिता की चिंता शुरू हो जाती है। शुरुआत से लेकर आगे तक के स्कूलों के चुनाव को लेकर 'स्टेटस सिंबल' का मानस काम करता है। इसी के साथ शुरू हो जाता है खर्चों का सिलसिला।

जब किसी को अपने और घर के खर्चे के साथ बच्चे को एक महंगे स्कूल में पढ़ाना है, तो चिंता स्वाभाविक है। इसके बाद अपने रहन-सहन से लेकर हर वह चीज, जो हमारी शानो-शौकत को दिखाती है, उसमें खर्चों की कोई गिनती नहीं रह जाती। मगर क्या हम गौर कर पाते हैं कि हैसियत के दिखावे की यह भूख हमें ऐसी जगह ले जा रही है, जहां एक समय आने पर हम चिंता के अंधकार में फंस जाते हैं और हमारा मन अशांत रहने लगता है।

आजकल हमने देखा होगा कि कई लोग बहुत कम उम्र में ही या तो हृदय रोग या फिर किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो जाते हैं। ऐसा क्यों है, यह हमें पता है। गलत खानपान और रहन-सहन के अलावा दिन प्रति दिन लोगों की होड़ सबको चिंता में जकड़ देती है। इससे कम आयु में ही हृदयाघात और गंभीर बीमारी हमारा पीछा करने लगती है और हमें पता भी नहीं चलता कि हम कब इनकी गिरफ्त में आ गए।

आजकल सोशल मीडिया के रूप में एक और चलन हर तरफ पसरा हुआ दिखाई देता है। यों तो सोशल मीडिया पर सक्रिय तमाम लोग लीन दिखते हैं, लेकिन आखिर यह भी चिंता का कारण क्यों बन रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों पर सक्रिय रहने के चक्कर में लोग अपना ढेर सारा वक्त और कई बार गेम खेलते हुए बहुत सारे पैसे गंवा देते हैं। जिन्हें इसकी लत लग जाती है, उन्हें बहुत कुछ खो देने के बावजूद चैन नहीं पड़ता है। इसमें सक्रिय रहने के लिए यह चिंता खाए जाती है कि फलां के पास सब कुछ है, लेकिन मेरे पास कुछ नहींज उसकी किस्मत कितनी अच्छी है और मेरी फूटी किस्मत। नकारात्मकता दिलोदिमाग में इस कदर बैठ जाती है कि हम अपना जीवन सिर्फ सोशल मीडिया को ही समझने लगते हैं। जब अभिभावक ही इस बात को नहीं समझेंगे, तो बच्चे क्या समझेंगे।

बच्चे इसकी गिरफ्त में फंस चुके हैं। माता-पिता की इच्छा को ध्यान में रखते हुए उनके भीतर दूसरे से आगे बढ़ने की भूख है। स्कूली पढ़ाई में नंबर भी अच्छे लाने है, डाक्टर या इंजीनियर ही



बनना है। यह सब तो उनके ऊपर बोझ है ही। साथ ही उन्हें सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहना है। यह बेहद चिंताजनक विषय है। बच्चे इसका और भी गलत इस्तेमाल करते हैं। आए दिन हम सुनते-पढ़ते हैं कि बच्चे गेम देख या खेल कर और आपत्तिजनक सामग्री देखकर किस तरह का बर्ताव करते हैं। पढ़ाई और गेम में जीतने की भावना उन्हें अंदर ही अंदर चिंताग्रस्त बनाए रखती है। उनका बचपन तो अब मानो खो ही गया है।

अगर जीवन को सही ढंग से जीना है और हम चाहते हैं कि हमारा परिवार खुशहाल जीवन व्यतीत करें, तो सबसे पहले लोगों की भेड़चाल में शामिल होने से बचना होगा। समझ लेना चाहिए कि चिंता एक चिता एक समान है और इससे जितना दूर रहा जाए, उतना ही अच्छा है। यह नहीं सोचने की जरूरत है कि कल क्या होगा। बल्कि आज को कैसे जिएं, इसके बारे में सोचना चाहिए। सबसे पहले सोचना छोड़ देना चाहिए कि कोई क्या कहेगा। मसलन, 'स्टेटस सिंबल' के सवाल को दिलोदिमाग से निकाल देने की जरूरत है, क्योंकि इसी के कारण हमारा अपने खर्चों पर कोई काबू नहीं है। अपने बच्चों को एक महंगे स्कूल में पढ़ाना या फिर सोशल मीडिया पर बिल्कुल अद्यतन रहना ही सब कुछ नहीं होता है। जरूरी है कि चिंता किए बिना जीवन जीने की कला को सीखा जाए, जिससे हमारा मन भी प्रसन्न रहेगा और हमारा परिवार एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकेगा। हमने यह पंक्ति खूब पढ़ी होगी कि चिंता छोड़ो, सुख से जियो। इसका मूल उद्देश्य है कि जीवन को इस तरह चिंता में न डुबोकर रखा जाए कि अपना जीवन ही व्यर्थ चला जाए। वर्तमान में जीवन जीने की कला होनी चाहिए, कल किसने देखा है।

दरअसल, दिखावा इंसान को अंदर तक चिंता में डुबो देता है। एक साधारण खानपान, व्यायाम और परिवार के साथ हर दिन खुशी-खुशी बिताना हमें सभी चिंताओं से दूर रखता है। यहां एक बात को समझना होगा कि हम अपनी आधी चिंता का अंत तुरंत कर सकते हैं, बशर्ते कि हम एक तरह का निजी स्वर्णिम पैमाना विकसित कर लें कि हमारे जीवन के संदर्भ में चीजों का मूल्य क्या है।

चिंता हमें समाप्त कर दें, उससे पहले हम चिंता से खत्म होने से खुद को बचा लें। 'कितनी अजीब है जीवन की यात्रा' में स्टीफन लीकाक ने लिखा है कि बच्चा कहता है, मैं जब बड़ा हो जाऊंगाज बड़ा होने पर कहता है, जब मेरी शादी हो जाएगीज शादी हो जाती है, तो वह पीछे मुड़कर अपनी जीवन यात्रा को देखता है और उसे ठंडी हवा से सिहरन होती है। न जाने कैसे उसने सब गंवा दिया और जीवन पीछे छूट गया। बहुत देर बाद समझ आता है कि जिंदगी हर पल जीने के लिए होती है, इसलिए हमें चिंता छोड़कर हर पल को जीना होता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज घर के छूटे कार्यों को लेकर तनाव हो सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**वृषभ**
कोई भी बड़ा निर्णय सोच-समझकर ही लें। अनावश्यक चर्चाओं से दूरी बनाकर रखें। अपने स्वभाव में लचीलापन रखना आवश्यक है।

**मिथुन**
पिछले कई दिनों से चली आ रही उलझनों से राहत मिलेगी। व्यवसाय में आपको बड़ा धन-लाभ हो सकता है। हार्डवेयर सम्बन्धी कारोबार में प्रगति होगी।

**कर्क**
प्रेम-सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आपकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों से नुकसान होगा। उच्च रक्तचाप के कारण समस्या होगी।

**सिंह**
नये प्रेम-सम्बन्धों को लेकर समस्या होगी। दार्शनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। निवेश के दौरान सावधानी रखें। अधिकारी वर्ग के साथ तनाव हो सकता है।

**कन्या**
महिलाओं को किचन में उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिये। अपनी गलतियों को छिपाने के बजाय उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

**तुला**
आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। मित्रों से आपको सहायता लेनी चाहिये। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। जॉब में स्थायीत्व बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
नयी साझेदारियों के लिये आज का दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता रहेगी। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। कारोबार में आपकी आय बढ़ेगी।

**धनु**
समाज में आपको उचित मान-सम्मान मिलेगा। रुका हुआ कार्य बनने से मानसिक अशान्ति दूर होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों की कड़वाहट दूर हो सकती है। ससुराल पक्ष से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**मकर**
अपनी उपलब्धियों का दिखावा करने से बचें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**कुंभ**
नवीन कार्ययोजनाओं को आरम्भ करने में सफलता मिलेगी। कारोबार में नयी शुरुआत कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति समर्पण भाव बढ़ेगा।

**मीन**
आज आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी राजनीतिक चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

# निजी जमीन बताकर भूमि मालिकों ने सरकारी भवन के शिलान्यास को रोका

## शिलान्यास स्थल से बैरंग लौटे अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के वीरपुर पूर्वी पंचायत में बुधवार भूमि पूजन सह शिलान्यास कार्यक्रम को जमीन मालिक ने रोक दिया। जमीन मालिक अशोक यादव ने बताया है कि ये जमीन मेरे बाप दादा के नाम पर है। जिस पर पंचायत के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी जबरदस्ती हड़पना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि वीरपुर अंचल के तत्कालीन अंचलाधिकारी ललिता कुमारी ने इस जमीन की जमाबंदी रद्द करने के लिए बेगुसराय के सक्षम पदाधिकारी को पत्र लिखी थी जिसको लेकर हम पटना उच्च न्यायालय में केश फाइल किया जो लंबित है। इसी बीच मेरे जमीन पर पंचायत के मुखिया पूनम देवी, प्रतिनिधि राम प्रवेश सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार अपने दल बल के साथ बुधवार के दोपहर में पंचायती राज विभाग के अंतर्गत पंचायत सरकार भवन तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना का लोकार्पण एवं शिलान्यास करवाने के लिए पहुंचे। इसका लोकार्पण एवं शिलान्यास नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बिहार के द्वारा विशिष्ट अतिथि सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा उप मुख्यमंत्री बिहार के द्वारा किया जाना था। जिसका ग्रामीणों के विरोध के बाद जमीन पर से बिना शिलान्यास किए ही शिलान्यास का बोर्ड हटा दिया गया। इसके संबंध में जानकारी लेने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर से फोन पर सम्पर्क किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि पदाधिकारी के आदेश पर हम वहां गए थे। लेकिन लोगों ने बताया कि ये जमीन निजी और विवादित है। विशेष जानकारी सीओ साहब देंगें। जिसके बाद जानकारी लेने के लिए वीरपुर अंचल अधिकारी भाई बीरेंद्र के फोन पर सम्पर्क करने का प्रयाय किया वो फोन रिसीव नहीं किए। इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी लेने के लिए वीरपुर पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम प्रवेश सिंह से फोन पर सम्पर्क किया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पंचायत सरकार भवन के लिए जो जमीन चिह्नित की गई है वो सरकारी जमीन ही है। उसका अवैध रूप से जमाबंदी अशोक यादव के परिवार के सदस्यों के नाम से पूर्व से चला आ रहा है। जिसको तत्कालीन अंचलाधिकारी ललिता कुमारी ने वरीय अधिकारी को जमाबंदी रद्द करने के लिए आवेदन दिया था। जिस पर एडीएम साहब ने सुनवाई करते हुए जमाबंदी रद्द कर दिया। उसके बाद ये लोग हाईकोर्ट में अपील किए हैं। जबकि इनके पास कोर्ट के तरफ से कोई स्टे आर्डर नहीं है। फिर भी ये लोग और कुछ ग्रामीण पंचायत सरकार भवन के शिलान्यास का विरोध किया। जबकि शिलान्यास का कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया जा रहा था। वहीं ग्रामीणों एवं अन्य जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवियों ने बताया कि ये शिलान्यास निजी अशोक यादव के निजी जमीन पर जबरदस्ती रूप से किया जा रहा था जिसको लेकर जमीन मालिक और ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया तब जाकर ये शिलान्यास का कार्यक्रम को स्थगित किया गया।

## मासूम के साथ हुई घटना ने मानवता को किया कलंकित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** विधानसभा क्षेत्र के हैबतपुर पंचायत में शनिवार को पूर्व विधायक अमिता भूषण ने पदयात्रा कर जनसम्पर्क किया। हैबतपुर पंचायत के अलग अलग गांव में लोगों से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने बासुदेवपुर, कोरिया, हैबतपूर, चंदपूरा आदि गांव का दौरा किया और लोगों से उनकी समस्याएं सुनी। पदयात्रा के उपरांत श्रीमती भूषण नाबालिग बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म और हत्या के मामले से जुड़े परिजनों से भी मुलाकात की। घटना से व्यथित श्रीमती भूषण ने सरकार और प्रशासन पर जमकर भड़ास निकाला। श्रीमती भूषण ने बातचित के क्रम में कहा कि नाबालिग बच्ची के साथ दरिंद्गी के बाद हत्या की दिल दहलाने बाली घटना घिनौनी है। बेलगाम महिला अपराध पर सरकार और प्रशासन की जुबान पर लगा ताला अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ा रही है। अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी और फास्टट्रैक कोर्ट के माध्यम से सजा दिलाने के साथ सरकार बेलगाम अपराध को रोकने की दिशा में निर्णायक कदम उठाये। श्रीमती भूषण ने पीड़ित परिजनों को सांत्वना के साथ साथ दुख की इस घड़ी में साथ खरे रहने का भरोसा भी दिया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, नवल सिंह, बलराम कुमार, पंचायत अध्यक्ष आलोक कुमार, श्रीकांत सिंह, देवेंद्र सिंह, नरेश सिंह,जोखन सिंह, पंकज मिश्र, महेश कुंवर, विपुल कुंवर, विक्रम कुमार, शंभू राय, राजबली कुंवर, टेकारी सिंह, नीतीश कुमार, गोलू कुमार, लालू कुमार, बमबम राय, शंकर सिंह, चुनचुन कुंवर, बबलू सिंह, सुधीर मिश्रा, दिनेश पासवान आदि ग्रामीण साथ थे।

## एक नजर

### जनता दरबार का आयोजन

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए भूमि विवाद के निपटारे के लिए शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए अंचल कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पूर्व के दो मामलों की सुनवाई की गई जिसमें से किसी का भी निष्पादित नहीं हो सका और न ही कोई नया आवेदन आया है। मौके पर थाना के पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बनवारीपुर में पुस्तकालय का उद्घाटन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्टीफंस पुस्तकालय का उद्घाटन गुरुवार को हनुमान चौक बनवारीपुर में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास आदि ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पुस्तकालय लोगों को किताबों से जोड़ेगी। शिक्षा ही समाज की असली पूंजी है। यह पुस्तकालय क्षेत्र के बच्चों के युवाओं के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण स्रोत बनेगा। इससे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी व अध्ययन का अवसर गांव में ही मिल जाएगा। यह पुस्तकालय पठन पाठन के सभी सुविधाओं से लैस है। क्षेत्र में पुस्तकालय की सुविधा हो जाने से छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पुस्तकालय के संचालक प्रभात कुमार ने बताया कि पुस्तकालय में एक सौ छात्रों के लिए एक साथ अध्ययन की व्यवस्था की गई है। मौके पर मुख्तियारपुर पंचायत के उप मुखिया नीरज कुमार, जद यू नेता गंगा प्रसाद यादव, गोविंदकुमार, रश्मि कुमारी, सोनू कुमार, शिल्पी कुमारी, नेहा कुमारी, सोनम कुमारी, पूजा कुमारी, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

### भूमि विवाद के सुलझाये गए मामले

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें तीन भूमि विवाद का मामला निष्पादन किया गया तथा एक भी नयामामला दर्ज नहीं किया गया। निष्पादन किये गये मामले में समसा के विमली देवी व अशोक राम वगैरह का है। प्रथम पक्ष विमली देवी को घर बनाने का आदेश दिया गया है। पहसारा के मेदनी देवी व रामाश्रयतांती के मामले में द्वितीय पक्ष द्वारा अभिरुचि नहीं लेने तथा छतौना के रंजीत पंडित व राम नंदन सिंह को नापी का आदेश दिया गया। जनता दरबार में कुल 11 मामले लंबित है। वृंदावन के अमरेश कुमार व राजा रामेश्वर सिंह, पहसारा के रमेश सहनी व नरेश सहनी, महेशवाड़ा के द्रोपदी ठाकुर व राजकुमार मिश्र, समसा के समसा के ज्योति देवी व अर्जुन साह, हसनपुर बागर के विपत महतो व सकल महतो आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख मुकर्रर की गयी। मौके पर राजस्व अधिकारी लवली कुमारी ए एस आई अबोध कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी सिया राम सहनी, अमरजीत कुमार तथा फरियादी आदि मौजूद थे।

### ठनका गिरने से मौत

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना क्षेत्र के बचरी गांव में ठनका गीरने से 61 वर्षीय कन्हैया साह की मौत हो गई। मृतक बचरी गांव निवासी स्व सुधन साह का पुत्र था। परिजनों ने बताया कि कन्हैया सुबह में अपने खेत में काम करने के लिए गया था। खेत घर के समीप था। उसी समय ठनका गिरने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार को दिया। पुलिस घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक के पांच संतान है। जिसमें तीन पुत्र और दो पुत्री (शादीशुदा) है। अंचलाधिकारी ने घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के घर पहुचें। पीड़ित परिवार को आपदा विभाग से मिलने वाली चार लाख रुपये का चेक मृतक के पत्नी नाकुरी देवी को दे दिया।

### डा. लाल पैथलैब्स का खुला अधिकृत सेंटर

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने आज ड. लाल पैथ लैब्स के अधित कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ बरौनी में किया। मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के सेंटर खुलने से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को सटीक और त्वरित जांच सुविधाएं मिलेंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी। उद्घाटन समारोह की खास बात यह रही कि बलीवुड अभिनेता अमीय कश्यप ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक जांच सुविधाओं का आमजन तक पहुँचना बेहद जरूरी है।सेंटर अनर राकेश कुमार ने बताया कि ड लाल पैथ लैब्स की विश्वसनीय जांच सेवाओं को अब स्थानीय लोगों तक पहुँचाना उनका उद्देश्य है। ताकि मरीजों को बड़े शहरों तक जाने की परेशानी न उठानी पड़े।इस अवसर पर ड लाल पैथ लैब्स कंपनी के मैनेजर आनंद कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि डा. लाल पैथ लैब्स 5000 से अधिक टेस्ट करती है। बेगूसराय जिले में सिर्फ और सिर्फ ड लाल पैथ लैब्स ही इकलौता लैब है जिसका खुद का लैब बेगूसराय शहर में है। जिससे हमलोग सेम डे में रिपोर्ट करते हैं।इस शुभारंभ में भाजपा नेता सनातन मिश्रा, ऋषिकेश पाठक, धनंजय झा, अविनाश शास्त्री रंजीत गुप्त के साथ साथ कई गणमान्य मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नए कलेक्शन सेंटर के उद्घाटन पर खुशी जताई।

## बैंकर्स को सीडी रेशियों बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विमर्श कक्ष में बैंकर्स की त्रैमासिक समीक्षात्मक बैठक शनिवार को हुई। इसकी अध्यक्षता ग्रामीण बैंक प्रबंधक बेगूसराय प्रशांत कुमार मिश्रा ने की। इस दौरान कम सीडी रेसियो वाले बैंक प्रबंधक को बढ़ाने पर जोर दिया गया। केसीसी ऋण में अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित करने, बैंकों को कम से कम दो पीएमएफएमई के तहत ऋण करने का निर्देश दिया गया। सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में बैंकों की भूमिका की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, केसीसी ऋण एनपीए, सहित अन्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैंक में आवेदन की संख्या तथा निष्पादन की स्थिति पर प्रबंधक से विमर्श किया। जीविका, मछली पालन, पशु पालन सहित अन्य पेंडिंग आवेदनों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रत्येक ब्रांच को कम से कम दो ऋण स्वीकृत करने का निर्देश दिया। पीएमईजीपी लोन करने पर बल दिया गया। पशु पालन के लिए केसीसी को बढ़ावा देने और खाद्य योजना को बढ़ावा देने के लिए ऋण देने पर विचार विमर्श किया गया। ऋण धारकों को ससमय ऋण चुकता करने तथा खाता को एनपीए होने से बचाने की अपील की। मौके पर आरसेटी प्रबंधक आभा कुमारी, यूको बैंक दीपक कुमार वर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा बभनगामा, ग्रामीण बैंक पहसारा के राजीव कुमार, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा छतौना के अभय कुमार, पीएनबी प्रबंधक शहनवाज, जीविका से दुलार चंद राम, विकास कुमार, शिक्षा विभाग से हरेराम रजक प्रकाश कुमार, अमरजीत कुमार आदि ने बैठक में हिस्सा लिया।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति सभाकक्ष का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की स्मृति में निर्मित सभाकक्ष का शिलान्यास कार्यक्रम शनिवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ। बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत दरभंगा सदर प्रखंड में जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति सभाकक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी और श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, मुख्य सचेतक विरोधी दल, बिहार विधान परिषद के करकमलों द्वारा किया गया। लगभग 1 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस भवन शिलान्यास अवसर पर कुलपति ने कहा कि ठाकुर जी हमारे विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उनके नाम पर राजनीति विभाग में 'भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर चेयर' की स्थापना पहले से की गई है। इस मांगलिक अवसर पर उनके नाम पर सभाकक्ष का निर्माण विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस सभागार का मूल उद्देश्य जननायक के विचारों के साथ ही साथ युवा छात्रों में वैचारिक समृद्धता और बौद्धिक चिंतन-मनन की क्षमता का विकास करना होगा। राष्ट्र निर्माण में विचारों की स्थापना और सामाजिक समरसता की भावना को जन- जन तक पहुंचाने की दृष्टि से विश्वविद्यालय द्वारा नियमित रूप से कॉन्फ्रेंस, सिम्पोजियम, संगोष्ठी, परिचर्चा, व्याख्यान आदि का आयोजन इसके निर्माण से सुगम हो सकेगा। लंबे समय से इसकी कमी महसूस की जा रही थी। एकेडमिक हॉल में एक साथ 750 से 1000 लोगों की बैठने हेतु सुविधा उपलब्ध होगी।

## पेज 1 का शेष

### युवाओं के लिए पूरी ...

युवा के लिए अवसर से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस पेड़ की जड़ों में कीड़ा लग जाता है उस पेड़ को फिर से जीवित करना बड़ा पराक्रम होता है। राजद के कुशासन ने बिहार की हालत उसी पेड़ की तरह कर दी थी। एनडीए सरकार ने बिगड़ी हुई व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाई है। पीएम ने कहा कि आज बिहार को एक नई स्किल यूनिवर्सिटी मिली है। बिहार की सरकार ने इस यूनिवर्सिटी का नाम भारत रत्न, जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखा है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को जननायक सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वाली आर्मी ने नहीं बनाया, उनको जननायक बिहार के जन-जन ने बनाया। बिहार की जनता को चौकन्ना रहने के लिए को कहते हुए उन्होंने कहा कि आजकल कुछ लोग जननायक पद को भी चोरी करने में लगे हैं। जननायक सिर्फ कर्पूरी ठाकुर के लिए शोभायमान है।

### देश की प्रगति में ...

50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दे दिया गया है और अब हमलोगों द्वारा ये तय कर दिया गया है कि अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी, रोजगार दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले वाली सरकार ने कोई काम नहीं किया था। पहले बहुत बुरा हाल था। जब 24 नवंबर, 2005 को एनडीए की सरकार बनी थी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुए हैं और राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है, चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो, सभी क्षेत्रों में काम हो रहा है। बिहार के विकास में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। आगे बिहार में और ज्यादा काम होगा और देश की प्रगति में बिहार महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### रेल के माध्यम से ...

आय बढ़ी है, सड़क परिवहन पर निर्भरता कम हुई है और परिवहन लागत में कमी आई है। अब 3 अक्टूबर को अनंतनाग में पहली ऑटोमोबाइल रेक का पहुंचना घाटी के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। पहली बार वाहनों को रेल द्वारा घाटी में पहुंचाया गया है। इससे निश्चित रूप से कश्मीर में औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही इससे आपूर्ति श्रृंखला बेहतर होगी और क्षेत्र में आर्थिक विकास को बल मिलेगा। इससे न केवल उपभोक्ताओं को लाभ होगा बल्कि लॉजिस्टिक्स, वितरण और ऑटोमोबाइल से जुड़े व्यवसायों में रोज़गार के अवसर भी पैदा होंगे। यूएसबीआरएल के पूरा होने से लेकर सेब पार्सल ट्रेनों की शुरुआत और अब अनंतनाग में पहली ऑटोमोबाइल रेक की डिलीवरी तक, भारतीय रेलवे ने कश्मीर घाटी की कहानी में एक नया अध्याय जोड़ा है। ये सभी कदम अर्थव्यवस्था को मज़बूत कर रहे हैं, रोज़गार पैदा कर रहे हैं और घाटी के लोगों के जीवन में सुधार ला रहे हैं।

## बखरी अनुमंडल अस्पताल का हुआ शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बखरी।** प्रखण्ड क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र के जागीर गाछी ठाकुरवाड़ी में अनुमंडलीय अस्पताल का भूमि पूजन के दौरान भाजपा एवम भाकपा के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई। शुक्रवार को लगभग 22 लाख की लागत से बनने वाली अनुमंडलीय अस्पताल का भूमि पूजन सांसद व केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इस अवसर पर डीएम तुषार सिंगला, विधायक सूर्यकांत पासवान, एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी आलाधिकारियों उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बखरी में अनुमंडलीय अस्पताल बन जाने के बाद यहां के लोगो को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बखरी सहित सम्पूर्ण बिहार के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। बखरी को पूर्ववर्ती सरकारों ने विकास के मामले में हाशिये पर रखा था। 2005 के बाद, जब बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनी तब अपराध पर अंकुश लगा और बिहार में विकास की कार्य संस्कृति शुरू हुई। मौके पर भाजपा के जिला प्रवक्ता सिधेश आर्य, जागीर गाछी ठाकुरवाङी के सचिव राजकिशोर राज, संतोष साह, पूर्व मुख्य पार्षद सरिता साह, पूर्व प्रत्याशी रामशंकर पासवान, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम, नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू साह, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री नीरज नवीन, संजय सिंह राठौड़, प्रियांशु रघुवंशी, भाकपा के शबाब आलम, जितेन्द्र जीतू आदि मौजूद थे। भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद भाजपा व भाकपा कार्यकर्ताओं के नारेबाजी से एक बार माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जाता है कि केन्द्रीय मंत्री द्वारा भूमि पूजन से निकलते ही विधायक सूर्यकांत पासवान के साथ पहुंचे भाकपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। जबाब में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् सहित केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के सर्मथन में नारा लगाया। भाजपा कार्यकर्ता विकास विरोधी सीपीआई कहते हुए भी नारेबाजी कर रहे थे। मौके की नजाकत समझ केन्द्रीय मंत्री तुरंत वापस लौटकर कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने विधायक सूर्यकांत पासवान से भी बात की। इस बीच दोनों दलों के कार्यकर्ता आपस में उलझे रहे। लेकिन केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने पहल कर कार्यकर्ताओं को शांत कराया गया।

## महात्मा गांधी की प्रासंगिकता पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** लनामिवि के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो मुनेश्वर यादव की अध्यक्षता में 'महात्मा गांधी अतीत ही नहीं, भविष्य भी हैं 'विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। आयोजन में बतौर वक्ता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व राजनीति विज्ञानी आचार्य एवं विभागाध्यक्ष प्रो.सतीश कुमार ने विषय पर विचार रखते हुए कहा कि गांधी की प्रासंगिकता सर्वकालिक है। वो न गोली से मरे, न गाली से, क्योंकि गांधी व्यक्ति नहीं, राष्ट्रनिर्माण एवं मानवता लिए विचार पुंज रहे हैं। लोकतंत्र सभ्य विश्व की सर्वोत्तम राजनीतिक प्रणाली है और कोई स्वस्थ लोकतंत्र गांधी के सत्याग्रह के बिना चल नहीं सकता। बिहार का यह सौभाग्य रहा कि वह गांधी के सत्याग्रह की प्रथम भारतीय प्रयोगशाला बना। उस प्रयोग से स्थापित सत्याग्रह की अणुशक्ति की नवचेतना ने राष्ट्र को नई दिशा दी, जिसके साथ भारतीय स्वतंत्रता का राष्ट्रीय आन्दोलन, एक राष्ट्रीय जनांदोलन बन गया। प्रो. कुमार ने आगे कहा कि इस वर्ष दशहरा एवं गांधी जयंती एक दिन होना महज़ एक संयोग था। गांधी जहां आधुनिक युग के सबसे बड़े रामभक्त थे, वहीं राम के अनुकरण में गांधी कई साम्य को अंगीकार करते हैं। राम आदर्शों की प्रयोगशाला थे, तो गांधी सत्य की। राम संकल्पों के धनी, तो गांधी व्रतों के। पिता की मृत्यु पर भी राम ने जंगल से घर आने का कोई पेरोल नहीं लिया, तो गांधी के बेटे मणिलाल अस्पताल में लावारिस मर गए पर गांधी जेल से नहीं पहुंचे। फूस की झोपड़ी में राम वनवासी वेश में रहे, तो गांधी ने भी अपने आश्रमों में उसी स्वरूप को जीया। राम संग सीता सर्वत्र रहीं, तो गांधी संग 'बा' भी सर्वत्र रहीं और अंतिम सांस भी जेल में साथ लीं। शबरी के बेर खाते राम व हरिजन बस्ती में भी रमते गांधी समान भाव से जनतादात्य को जीते रहें। दोनों सत्य के लिए लड़े तभी तो रामभक्ति की सबसे बड़ी परंपरा रामानंद सम्प्रदाय के समकालीन शीर्ष रामानंदाचार्य भगवदाचार्य जी न केवल गांधी के आंदोलनों में जेल गए बल्कि गांधी पर संस्कृत काव्य ग्रंथ तक लिख डाला। गांधी के सत्याग्रह में तीन तत्व हैं - सत्य, अहिंसा व प्रेम। सत्य पर मतभेद नहीं होता और गांधी ने उसे ईश्वर का पर्याय कहा। उनकी अहिंसा सकारात्मक वीरोचित गुण है, योद्धा का गुण है, जिसका खास वैशिष्ट्य है - प्रेम। अतः अहिंसा के अस्त्र का प्रयोग जिस प्राधिकार के विरुद्ध होता है, उसके प्रति सत्याग्रही के मन में वैर भाव की जगह प्रेम होता है, क्योंकि उसे अन्याय से न्याय के पक्ष पर ले आने का सुधारात्मक लक्ष्य संधान सत्याग्रही का अभीष्ट होता है। इस संधान की कसौटी गांधी का प्रयोगधर्मी होना है, जो गांधी की प्रासंगिकता को और पुष्ट करता है। इन सबके साथ गांधी अपनी धर्म दृष्टि के नाते भी प्रासंगिक हैं, जो नैतिक धर्म एवं संस्थागत धर्म में ऐसे संतुलन की दृष्टि है, जो धर्म विहीनता और धर्मांधता दोनों से परे गतिशील चेतना प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन डा. रघुवीर रंजन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीतू कुमारी ने किया। इस मौके पर प्रो. उमेश कुमार, प्रो. विजय कुमार, प्रो. मुकुल बिहारी, डा. उमाकांत, डा. मनोज कुमार ने भी अपने विचार रखें।

## पीएम मोदी के लाइव प्रसारण को छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ सुना

**शिवाजीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के आईटीआई टॉपर विद्यार्थियों का कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसी कार्यक्रम में शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की युवा केंद्रित योजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण भी किया गया। इस ऐतिहासिक क्षण दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लाइव प्रसारण के माध्यम से संबोधन किया। रोसड़ा विधानसभा छेत्र के राधा कृष्ण मंडल गोविन्द गोस्वामी महाविद्यालय शिवाजीनगर परिसर में प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया, जहाँ रोसड़ा विधायक बीरेंद्र कुमार के साथ सैकडो भाजपा कार्यकर्ताओं और छात्र छात्रा ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम पूरी गरिमा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रोसड़ा विधायक बीरेंद्र कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नीलम सहनी, मनीष कुमार, विमल कुमार गोलू, गुंजन कुमार , माधव झा, शिव शंकर सिंह उर्फ छोटू आदि उपस्थित थे।

## नम आंखों से की गई मां दुर्गा की विदाई, सुरक्षा की रही पुख्ता व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** तेघरा प्रखण्ड के सभी पंचायत में मां दुर्गा की प्रतिमा का शान्ति पूर्ण ढंग से विसर्जन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्रि 22 अक्टूबर से कलश स्थापन कर मां दुर्गा पूजा की नवरात्रि का शुभारंभ किया गया। जो विजयादशमी के दिन मां को विदाई दी गई। आपको बताते चले कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा में हर साल की तरह इस साल भी मां दुर्गा की भक्ति में डूबे रहे मां के भक्त। दुर्गा पूजा में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से अपनी मुराद मांगते है उसकी मुराद मां दुर्गा जरूर पूरी कर देती है। 10 दिन पूरा गांव भक्तिमय और माता के जयकारो से गूंज उठा। तो प्रतिदिन मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना की गई और विजयदशमी के एक दिन बाद मां की विदाई की गई। आपको बताते चले की दिन दयाल रोड़ काली मंदिर दुर्गा पूजा और ड्योढी दुर्गा स्थान, फल मंडी दुर्गा मंदिर, पुरानी बस स्टैंड दुर्गा



मंदिर, सिंधिया चौक दुर्गा मंदिर, मिर्चीया चौक दुर्गा मंदिर, के साथ कोई और मंदिरों की प्रतिमा को नम आंखों से विदाई दी गई। दुर्गा माता के प्रतिमा को नगर परिषद बरौनी के विभिन्न बाजारों में भ्रमण करवा कर गंगा नदी में विदाई दिया गया। जितने भी भक्त गए हुए थे। मां की विदाई में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान फूलवाड़िया थाना के थानाध्यक्ष विजय कुमार साहनी, के नितृत्व में प्रशासन अपनी पैनी नजर रखे हुए थे। भारी सुरक्षा पुलीस बल तैनात दिखे। साथ ही नगर परिषद बरौनी बारों में दोपहर को विसर्जन किया गया। जहां प्रशासनिक व्यवस्था को देखने के लिए खुद तेघड़ा एसडीएम राकेश कुमार और तेघड़ा डीएसपी श्री ष्ण कुमार स्वयं मौजूद थे। वही दो बजे फूलवाड़िया एक दो तीन के भिविन्न मंदिरों से माता की विदाई की गई। इस दौरान कई लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प बरसा रहे थे तो कहीं भक्तों को शरबत पिलाया जा रहा था। इस अवसर पर उमेश सिंह, सुबोध सिंह, वसंत भास्कर, विजय मेहता, मुखिया अर्जुन महतो, नीरज पटेल, मोहम्मद आजाद, मेराज अख्तर दाना, सहित सैकड़ों की संख्या में हिंदू मुस्लिम के बुद्धिजीवी समाजसेवी के साथ हजारों संख्या में श्रद्धालु सामिल थे।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विवि ने मनाया 9वां स्थापना दिवस



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने 9वें स्थापना दिवस को बड़े उल्लास और गरिमा के साथ मनाया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के महात्मा बुद्ध परिसर स्थित आचार्य बृहस्पति सभागार, बनकट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं माननीय सांसद श्री राधा मोहन सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार वाजपेयी तथा सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. उपेन्द्र त्रिपाठी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अध्यक्षीय उद्बोधन में विवि के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य ऐसी ज्ञान-धरा का निर्माण करना है, जहां भारतीयता के मूल्यों और परंपराओं के आलोक में नए विचारों, नवाचारों और सकारात्मक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित हो। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है और अपनी शैशव अवस्था से निकलकर अकादमिक एवं भौतिक रूप से सशक्त हो रहा है। विश्वविद्यालय ने 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण कर लिया है तथा संबंधित मंत्रालय से डीपीआर स्वीकृति के बाद शीघ्र ही शिलान्यास एवं निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अगले सत्र से पाँच वर्षीय समेकित शिक्षा प्रणाली लागू की जाएगी। अकादमिक संस्कृति को सर्वोपरि रखा जाएगा और छात्र विश्वविद्यालय की कीर्ति एवं स्मृतियों के संवाहक बने रहेंगे। साथ ही, एमजीसीयू खेल, योग, ध्यान और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। परिसर निर्माण के बाद छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय सुविधाएँ प्राथमिकता में रहेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं माननीय सांसद श्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है, जहां पर दो-दो केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं। सिर्फ नौ वर्षों में ही विश्वविद्यालय ने एक अलग ख्याति अर्जित की है। एमजीसीयू सात शाखाओं व पंद्रह विभागों से शुरू हुआ था, पर आज बीस विभागों तक पहुँच चुका है। उन्होंने कहा कि यहाँ के विद्यार्थी निरंतर उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। छात्रों को महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाने की आवश्यकता है और साथ ही महात्मा गांधी के आदर्शों को स्मरण रखने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार वाजपेयी ने कहा कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ सीखना नहीं है, बल्कि उस सीखे ज्ञान को समाज में उपयोग करना है। 2047 का भारत सक्षम भारत हो, आत्मनिर्भर भारत हो, विकसित भारत हो। बड़े होने का अर्थ सहजता से आगे बढ़ना है और एमजीसीयू इसी सहजता के साथ नौ वर्ष पूरे कर आगे बढ़ रहा है। भारत आज "आइडिया ऑफ इंडिया" के रूप में उभर रहा है और जियो-पॉलिटिकल विमर्श के केंद्र में आ चुका है। इस परिप्रेक्ष्य में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, और यह बड़ा प्रश्न है कि शिक्षा कैसी हो और उसे किस दिशा में ले जाया जाए। सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. उपेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि स्थापना दिवस का उद्देश्य विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को दोहराना है। शिक्षा के जरिए आत्मबोध व आत्मज्ञान के साथ-साथ चरित्र निर्माण भी करना है। सम्पूर्ण विश्व में शांति का ज्ञान महात्मा गांधी से मिला है। स्वागतीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों व छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आज एक महत्वपूर्ण चरण पर पहुँच गया है, जिसे हम बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। समारोह के अंत में प्रो. प्रसून दत्त ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान के समापन के उपरांत विवि के सफाई कर्मियों को कुलपति ने अंगवस्त्र व उपहार देकर उनका आभार प्रकट किया। स्थापना दिवस समारोह में विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। वक्ताओं ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शिक्षा के क्षेत्र में उसके योगदान तथा भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुकम्पा के आधार पर उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 45 पदों पर नियुक्ति पत्र वितरित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण 'जिला अंतर्गत' अनुकम्पा के आधार पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 45 विद्यालय लिपिक एवं 04 विद्यालय परिचारी के पदों पर कुल 49 चयनित अभ्यर्थियों को आज समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ. राजेंद्र भवन के सभागार में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज नवाज, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा नित्यम कुमार गौरव के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। साथ हीं नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### सीमावर्ती क्षेत्र का डीएसपी व एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने को लेकर सिकरहना डीएसपी उदय शंकर कुमार व सिकरहना एसडीएम साकेत कुमार ने जीतना पुलिस को कई आवश्यक निर्देश है। बुधवार शाम को जीतना थाना पहुंच कर सिकरहना डीएसपी व सिकरहना एसडीएम ने चुनाव को लेकर बना चेक पोस्ट का जायजा लिया। सड़कों पर आवाजाही पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिए। सिकरहना डीएसपी के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान बूथों का जायजा लिया। उन्होंने असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही शरारती तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाही करने की बात कही है। अगामी विधानसभा चुनाव भय मुक्त एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई है। डीएसपी ने विधि व्यवस्था सहित अन्य मामलों पर पदाधिकारी से बातचीत कर कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सहित जीतना पुलिस बल मौजूद थे।

### सो रहे किशोर की सांप ने काटने से हुई मौत

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के लालबेगिया गांव में एक किशोर की सांप काटने से मौत हो गई। मृतक किशोर उक्त गांव निवासी बैजू सहनी के पुत्र नीरज कुमार(14 वर्ष) है। इसकी जानकारी देते हुए समाजसेवी देवलाल सहनी ने बताया कि मृतक किशोर अपने कमरे में सोया हुआ था कि एक विषैले सांप ने डस लिया। घर में अंधेरा होने के कारण मृतक सांप को देख नहीं सका। लेकिन इसकी सूचना घर में सो रहे अपने पिता व माता फूला देवी को किया। लेकिन मां ने सांप नहीं काटने व वहम होने की बात कहकर अपने पुत्र को सोने के लिए कह दिया। सोते ही सांप का जहर पूरे शरीर में फैल गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर ग्रामीणों के सहयोग से ईलाज हेतु मोतिहारी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतक की मां व दो छोटी बहनों का रो-रोते बुरा हाल है। इधर शनिवार को क्षेत्र में भारी बारिश के कारण मृतक किशोर का दाह संस्कार करने में काफी कठिनाई हो रही है।

### बाघ ने फिर एक को बनाया निवाला, लोगों में दहशत

**बेतिया/गोनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाल्मीकि टाईगर रिजर्व में एक बार फिर बाघ ने एक और ग्रामीण को अपना शिकार बना लिया है। मृतक की पहचान गोवर्धना वन क्षेत्र के मटियरिया थाना अंतर्गत बनहवा मटियरिया निवासी नमी मांझी के पुत्र भगन मांझी के रूप में हुई है। वे गांव के ही समीप मवेशी चराने गए थे। शाम में मवेशी घर आ गए तो लेकिन वे नही लौटे तो परिजन परेशान हुए। ग्रामीण की पत्नी ग्रामीणों के साथ टोह लेने के लिए निकली तो पोखरा के पास लहूँ का धब्बा और बाघ का पग मार्क देखा गया। तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। शुक्रवार की देरशाम उनका शव बरामद किया जा सका। इधर वीटीआर के वन संरक्षक नेशामणि के ने एडवाईजरी जारी करते हुए लोगो को सर्तक रहने की हिदायत दी है। कहा है कि नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों समेत तराई एवं अन्य क्षेत्रों में तेज बारिश के कारण वीटीआर के जानवर भी सुरक्षित स्थान की खोज में है। संभव है कि जंगल में ग्रामीणों से उनका उनका संघर्ष हो जाय। ऐसे में ग्रामीण सर्तक एवं सचेत रहे। कहीं भी इस तरह की गतिविधि दिखायी दे तो तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दे। वैसे विभाग की ओर से वनपशुंओं को ट्रैक करने के लिए टीम लगाया गया है।

### शादी की नीयत से लड़की का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 24 वर्षीय लड़की लापता हो गई है। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद शिकारपुर थाना पहुच पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। मामले में लड़की के पिता ने पुलिस को एक आवेदन भी दिया है।दिए आवेदन में पिता ने बताया है कि उसकी लड़की घर में अपनी मां के साथ सोई हुई थी। सुबह में उसकी मां बिस्तर से उठी तो उसने अपनी बेटी को वहां नहीं देखा। घर मे आवाज लगाने के बाद भी उसका पता नही चला। उसके बाद काफी खोजबीन की गई लेकिन वह नहीं मिली है।लड़की के पिता ने पुलिस को बताया है कि उसकी पुत्री का शादी के नीयत से किसी ने अपहरण कर लिया है। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का शुभारंभ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में आज 04 अक्टूबर 2025 को पुनर्गठित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, प्रदीप कुमार गोंड, सहायक प्रबंधक, डीआरसीसी, राम बाबू दास एवं उद्देश कुमार साथ साथ जिले के आवेदक उपस्थित रहे।इस योजना के अंतर्गत अब तक केवल 12वीं उत्तीर्ण युवक एवं युवतियों को ही योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा हैं, किंतु अब इसका विस्तार करते हुए स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण युवाओं को भी इसका लाभ दिया जाएगा।यह योजना में 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उन स्व-रोजगारहीन या बेरोजगार युवाओं के लिए है जो सरकारी, निजी या किसी अन्य संस्थान में कार्यरत अथवा अध्ययनरत नहीं हैं। ऐसे युवाओं को रोजगार खोजने हेतु 1000 प्रतिमाह की दर से अधिकतम दो वर्षों तक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।इसके अतिरिक्त योजना का लाभ प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित ह्लकुशल युवा कार्यक्रमह्व के अंतर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण भी अनिवार्य रूप से प्राप्त करना होगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा, तभी योजना की अंतिम पांच माह की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाऐगा।

# बापूधाम महोत्सव में भजन गायक अनूप जलोटा ने दी प्रस्तुति

## सांसद राधामोहन सिंह बोले अब हर साल किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में तीन दिवसीय बापूधाम महोत्सव का शनिवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह, विधायक श्यामबाबू यादव, विधायक सुनील मणि तिवारी, जिलाधिकारी सौरभजोरवाल, नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव और उपमहापौर डॉ. लालबाबू गुप्ता उपस्थित रहे।महोत्सव के पहले दिन भजन सम्राट अनूप जलोटा ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने "ऐसी लगी लगन" और "राम आयेंगे" जैसे प्रसिद्ध भजनों से भक्तिमय वातावरण बनाया, जिस पर श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर सांसद राधामोहन सिंह ने घोषणा की कि बापूधाम महोत्सव का आयोजन अब हर साल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मंच स्थानीय कलाकारों को प्रतिभा दिखाने का अवसर देगा और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की उपस्थिति से उन्हें नई ऊर्जा मिलेगी। बारिश और प्रतिकूल मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और भजनों का आनंद लिया। अनूप जलोटा की प्रस्तुति के दौरान पूरा गांधी मैदान भक्तिरस से सराबोर हो गया, और लोगों ने तालियां बजाकर तथा झूमकर उनका उत्साह बढ़ाया।आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन बॉलीवुड गायक अंकित तिवारी अपनी प्रस्तुति देंगे। इस महोत्सव को जिले की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है । जिससे यह हर साल एक प्रमुख आकर्षण बनेगा।

# मांझी प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष व गोबरही पंचायत का सरपंच की हार्ट अटैक से निधन



**एकमा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष व गोबरही पंचायत के सरपंच, गोबरहीं टोला निवासी भरत सिंह (75) का गुरुवार की रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। परिजनों के अनुसार रात में हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें इलाज के लिए एकमा सीएचसी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। भरत सिंह लगातार तीसरी बार गोबरही पंचायत से सरपंच चुने गए थे। उनके निधन की खबर से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दरवाजे पर जुटे पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने उन्हें मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताया। परिजनों ने बताया कि बुधवार को ही उनके समधी, रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज के संस्थापक ट्रस्टी व एकमा प्रखंड के एकड़ीपुर गांव निवासी राम नारायण सिंह का भी हार्ट अटैक से निधन हो गया था। गुरुवार को दिन में डुमाईगढ़ स्थित सरयू नदी के घाट पर हुए उनके अंतिम संस्कार में भरत सिंह भी शामिल हुए थे। माना जा रहा है कि समधी की मौत का गहरा सदमा वे सहन नहीं कर सके। इससे पूर्व लगभग नौ वर्ष पहले उनके इकलौते पुत्र विवेक कुमार सिंह की रेल दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। इन घटनाओं से वे काफी दु:खी व व्यथित थे। अपने पीछे अब एक विवाहिता पुत्री-दामाद व भाई का परिवार छोड़ गये हैं। भरत सिंह के निधन पर बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की। शोक जताने वालों में जदयू नेता सुनील सिंह, निरंजन सिंह, रौशन सिंह भवानी, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, राजद नेता सुधांशु रंजन, मुखिया मनीष कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, प्रो अजीत कुमार सिंह, डीलर मदन गोपाल सिंह, पत्रकार वीरेश सिंह, मनोज कुमार सिंह, तारकेश्वर प्रसाद, केके सिंह सेंगर, संजय पांडेय, समाजसेवी डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, संजीव शर्मा, मुखिया राजेश पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश पांडेय, सरपंच विजय चौरसिया, विजय शंकर शुक्ल, पूर्व सरपंच अजय सिंह, राम नारायण सिंह, सत्य प्रकाश यादव, ब्यास अमरेश सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे। वहीं मांझी प्रखंड के मुबारकपुर निवासी व मध्य प्रदेश के इंदौर (ग्रामीण) डीआईजी मनोज कुमार सिंह व पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह ने फोन कर परिजनों से बात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उधर रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एकमा के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह व ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा ने कॉलेज के ट्रस्टी रामनारायण सिंह व सरपंच भरत सिंह की असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। बताया जा रहा है कि उनके निकट परिजनों व संबंधियों के दूसरे प्रदेश से घर पहुंचने पर उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार शनिवार को डुमाईगढ़ घाट पर किया जाएगा।

# मूसलाधार बारिश ने बिगाड़ा शहर का हाल शहर समेत जिले में लोगों की बढ़ी परेशानी





**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से शहर समेत जिले भर में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। एक ओर शहर का सुरतेहाल बिगड़ गया है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह बारिश कहर बनकर गिरा है। बारिश के दौरान वज्रपात से जहां दादी पोती की मौत हो गयी है वहीं योगापट्टी में पेड़ से दबकर एक किशोर की मौत हो गयी। बिजली आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। शहर से ग्रामीण क्षेत्र तक के लाखों परिवारों की सांसत और बढ़ गई है। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों स्थानों पर सप्लाई वायर पर पेड़ों के उखड़ कर गिर जाने से बिजली का सप्लाई सिस्टम ध्वस्त ध्वस्त हो गया है। बिजली आपूर्ति के सहायक सुशील कुमार कनीय अभियंता मोहित कुमार बिजली मिस्त्री और मजदूरों के दल बल सहित बिजली आपूर्ति को दुरुस्त बनाने के लिए ट्रिप हुए सप्लाई सिस्टम को दुरुस्त बनाने के साथ पेड़ों कटवाते देखे गए। इधर मूसलधार बारिश से शहर का कोई इलाका नही जहां पानी नही हो। स्थिति यह है कि एनएच 727 पर भी दो से ढाई फिट पानी बह रहा है। सुप्रिया रोड समेत शहर के बाजारों में भी दुकानों में बारिश का पानी घूसने से लाखों की क्षति का अनुमान लगाया गया है। हालाकि स्थिति को देखते हुए उपमहापौर गायत्री देवी भी शहर में उतर बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था में जुझती देखी गयी। इधर जिला प्रशासन ने भी जिलेवासियों के लिए एडवाईजरी जारी किया है। जिला प्रशासन ने सचेत किया है कि बारिश में वज्रपात का एर्लट किया गया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दादी-पोती की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के परसा गांव में शनिवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक दर्दनाक हादसा हो गया,जिसमें दादी-पोती की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि पास में बंधी एक गाय भी झुलसकर मर गई। घटना ने पूरे गांव को शोक में डूबो दिया है।मिली जानकारी के अनुसार,परसा पंचायत के वार्ड संख्या 1 निवासी स्व. शिवनाथ पाल की 50 वर्षीय पत्नी मुसमात सुदामा देवी अपनी 11 वर्षीय पोती पिंकी कुमारी (पिता - लाल साहब पाल) के साथ फूस के बने बंगला में बैठी थीं। दोपहर करीब 2 बजे अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ बिजली सीधे बंगला पर गिर पड़ी। घटना इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वहीं बंधी गाय भी झुलसकर दम तोड़ दी।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मझौलिया थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया गया। अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों और एक मवेशी की मौत हुई है।

# घरेलू विवाद में महिला ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के पंडई चौक पर एक महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। घटना शुक्रवार की रात्रि की बताई गई है। मृत महिला की पहचान पंडई चौक निवासी सुनील गुप्ता की पत्नी मूरत देवी के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतिका बाजार आयी थी और अपनी बेटी को खाना बनाने को कहा था। वापस जाने पर खाना तैयार नही होने पर दोनों में कहासुनी हुई। इस बात को लेकर वह नाराज होकर अपने कमरे में चली गयी और अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर के बाद उसकी बेटी उसे बुलाने गई तो कमरे का दरवाजा बंद था। आवाज लगाने के बाद किसी तरह का जवाब नही आने पर दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने आनन फानन में उसे पंखे से उतारकर अनुमंडल अस्पताल में लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ गोविंद चंद शुक्ल ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 601 को भूमि, 200 को आवास, 202 लाभुकों को जविप्र अनुज्ञप्ति, 150 अभ्यर्थियों को नौकरी, 100 लाभुकों को शौचालय

# मंत्री जनक राम ने किया सामूहिक वितरण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री सह पश्चिम चम्पारण के प्रभारी मंत्री, जनक राम ने आज स्थानीय गाँधी सभागार (प्रेक्षा गृह) में आयोजित एक भव्य समारोह में विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों लाभुकों को नियुक्ति पत्र, आवास की सांकेतिक चाबी, भूमि का पर्चा, जविप्र अनुज्ञप्ति, शौचालय निर्माण अनुदान स्वीकृति पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।इस अवसर पर मंत्री जनक राम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। आज का यह सामूहिक वितरण कार्यक्रम सुशासन और जनकल्याण की दिशा में एक सशक्त कदम है।मंत्री ने सभी लाभुकों और पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनहित की योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से सभी पात्र लोगों तक पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है।कार्यक्रम के दौरान जिले के 601 भूमिहीन लाभुकों को भूमि का पर्चा प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 200 लाभुकों को आवास निर्माण पूर्ण करने पर सांकेतिक चाबी, जबकि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत 100 लाभुकों को शौचालय अनुदान स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। वहीं 202 लाभुकों को जन वितरण प्रणाली विक्रेता का अनुज्ञप्ति प्रदान किया गया। जिसमें नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत 184 एवं बगहा अनुमंडल अंतर्गत 18 लाभुक शामिल हैं। इसके अलावा अनुकंपा के आधार पर नवनियुक्त 150 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ठकराहा, लौरिया और गौनाहा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, लौरिया एवं नौतन के प्रखंड समन्वयक, तथा सेमरा कटकुइया (बगहा-02) पंचायत की माननीय मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सांसद, डॉ. संजय जायसवाल, विधायक, विनय बिहारी, विधान पार्षद, आफाक अहमद, भीष्म सहनी, उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), कुमार रविन्द्र, निदेशक, डीआरडीए, अरुण प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, राकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अतिवृष्टि से नगर पंचायत एकमा बाजार हुआ जलमग्न, मुख्य पार्षद का आवासीय परिसर भी हुआ जलजमाव

## भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बिजली-पेयजल आपूर्ति बाधित, रेलवे परिचालन हुआ प्रभावित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** शुक्रवार की देर रात से शनिवार दोपहर तक हुई लगातार भारी बारिश से नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है। आलम यह रहा कि नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी का आवासीय परिसर भी पानी में पूरी तरह से डूब गया। तस्वीरों में बत्तख तैरते हुए नजर आए, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर पंचायत क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था कितनी बदहाल है। नगर पंचायत एकमा बाजार के ब्लॉक रोड स्थित मोहल्लों सहित नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में जलजमाव होने से लोगों के घरों में पानी घुस गया है। पर्याप्त नालियों व जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। यही स्थिति प्रखंड क्षेत्र के गांवों क्रमशः आमडाढ़ी, कर्णपुरा, भरहोपुर, राजापुर, हरपुर, हंसराजपुर, परसागढ़, रसूलपुर, योगिया, असहनी, धनाडीह, लाकठ छपरा, पचरुखिया, गौसपुर, देवकुली, रामपुर, छित्रवलिया, विशुनपुरा कला आदि अन्य में भी है, जहां रात से लगातार हुई बारिश ने ग्रामीणों का जनजीवन ठप कर दिया है। वहीं सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों के परिसरों में भी पानी भर गया है, जिससे कार्य प्रभावित हुआ है। वहीं, कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के पोल गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। इन्वर्टर डिस्चार्ज हो जाने से लोगों के घरों में अंधेरा पसरा रहा और बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल संकट भी गहरा गया, क्योंकि मोटर व जलापूर्ति व्यवस्था बंद हो गई है। उधर, छपरा-सीवान रेलखंड पर स्थित एकमा रेलवे स्टेशन पर बारिश के दौरान सुबह लगभग 6.00 बजे एक पुराना पेड़ गिरने से प्लेटफॉर्म संख्या एक से रेलगाड़ियों का परिचालन लगभग छह घंटे तक बाधित रहा। बाद में लगभग 6 घंटे बाद रेलवे द्वारा युद्ध स्तर पर पेड़ को खाकर हटाए जाने के बाद प्लेटफॉर्म संख्या एक से होकर ट्रेनों का आवागमन सामान्य हो सका। बहरहाल, लगातार बारिश व जलजमाव से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और नगर निकाय व्यवस्था की पोल खुल गई है। वहीं जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा अतिवृष्टि से उत्पन्न परेशानी को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों को शनिवार को बंद रखने का आदेश जारी किया गया। जिसके अनुपालन में सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश रहा।

### मुख्य पार्षद का आवासीय परिसर बना तालाब, बत्तखों ने तैरकर दिखाई जलजमाव की सच्चाई

**एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार में जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोलने वाली यह तस्वीर बहुत कुछ कह जाती है। मुख्य पार्षद श्वेता रानी का आवासीय परिसर भारी बारिश के बाद इतना जलमग्न हो गया कि उसमें बत्तखें तैरने लगीं। हालांकि मुख्यपर्षद का आवासीय परिसर मुख्य सड़क से कुछ नीचे भी है। जहां लोगों के घरों और गलियों में पानी भर जाने से परेशानी बढ़ी, वहीं यह दृश्य नगर निकाय की जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने का जीवंत सबूत बन गया। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि आवासीय परिसर तालाब का रूप ले चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर पंचायत एकमा बाजार के मुख्य पार्षद की आवासीय परिसर की स्थिति यह है तो आम वार्डों और मोहल्लों का हाल सहज ही समझा जा सकता है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था और नालों की सफाई नहीं होने के कारण एक रात की बारिश ने लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। इससे संबंधित तस्वीरें व फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही हैं।

# मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के लाभार्थियों को राशि वितरण कार्यक्रम का प्रसारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। स्थानीय समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना (स्नातक उत्तीर्ण युवक/युवतियों हेतु) से संबंधित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें लाभार्थियों के खातों में सहायता राशि का ऑनलाइन अंतरण किया गया। जहानाबाद जिले में आयोजित इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिंह, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला विकास पदाधिकारी, जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र की प्रबंधक सहित कई विभागीय पदाधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। लाभार्थियों ने इस योजना के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। जिले के युवाओं में इस योजना को लेकर उत्साह एवं खुशी की लहर देखी गई। जैसा कि ज्ञात हो मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत "आर्थिक हल, युवाओं को बल" संकल्प के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से संचालित की जा रही है। इस योजना का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2016 को किया गया था। इस योजना के तहत बिहार राज्य के 20 से 25 वर्ष के बेरोजगार युवक/युवतियां, जो न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण हों, रोजगार की तलाश के दौरान 1000 प्रति माह की दर से अधिकतम दो वर्षों तक सहायता प्राप्त करते हैं। वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक सात निश्चय-2 के अंतर्गत योजना का विस्तार किया गया है। अब राज्य सरकार ने योजना का दायरा बढ़ाते हुए स्नातक उत्तीर्ण (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) बेरोजगार युवक-युवतियों को भी लाभार्थी श्रेणी में शामिल किया है। ऐसे लाभुक जो किसी भी प्रकार का नियोजन, स्वरोजगार, छात्रवृत्ति या अन्य वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं करते हैं और रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें भी 1000 प्रतिमाह की सहायता अधिकतम दो वर्षों तक दी जाएगी। इसके साथ ही लाभार्थियों को श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, जिससे वे रोजगार या स्वरोजगार हेतु अपनी क्षमताओं को और सशक्त बना सकें। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, जहानाबाद के माध्यम से इस योजना का लाभ लेने के लिए जिले के पात्र युवक/युवतियां आवेदन कर सकते हैं।

# युवा मतदाताओं के साथ 'मतदाता संवाद' कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले में संचालित स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में युवा मतदाताओं के साथ एक "मतदाता संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संवाद के माध्यम से युवा एवं भावी मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया, पंजीकरण एवं सुधार से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियाँ दी गईं।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि प्रपत्र-6 के माध्यम से नए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करवा सकते हैं।प्रपत्र-7 के द्वारा नाम विलोपन कराया जा सकता है। प्रपत्र-8 के माध्यम से दिव्यांगजन अथवा अन्य सुधार संबंधी आवेदन किया जा सकता है। जिला स्वीप आइकॉन सह जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे अमित कुमार ने बताया कि एक योग्य मतदाता के रूप में मताधिकार का प्रयोग करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उपस्थित युवा मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक कहा कि वे मतदान के दिन पूरे परिवार सहित मतदान अवश्य करेंगे और जहानाबाद जिले के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।



इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों से आए युवा मतदाताओं ने अपनी बातें साझा कीं और सभी ने मिलकर "पहले मतदान, फिर कोई काम" का संकल्प लेते हुए मतदाता शपथ भी ग्रहण की। कार्यक्रम में उपस्थित अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके आस-पास जो भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें नामांकन के लिए प्रेरित करें।

# नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को किया सतर्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद के कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से जिलेवासियों को सूचित किया गया है कि मोरहर, दरधा, बलदैया, यमुन्ना, फल्गु एवं अन्य सहायक नदियों के कैचमेंट एरिया में आगामी एक सप्ताह तक झारखण्ड क्षेत्राधीन चतरा एवं हजारीबाग जिलों में लगातार भारी वर्षा की संभावना मौसम विभाग द्वारा व्यक्त की गई है।इसके साथ ही झारखण्ड स्थित छावड़ा डैम का एक गेट क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जहानाबाद जिला अंतर्गत विभिन्न नदियों में जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि की संभावना है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न नदियों एवं नहरों पर अवस्थित बराज एवं बियर के गेट खोल दिए गए हैं, जिससे डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में तेज जलप्रवाह हो सकता है। जिला प्रशासन की ओर से फल्गु ,दरधा, मोरहर एवं अन्य नदियों के किनारे या निचले इलाकों में रहने वाले सभी नागरिकों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि नदियों, बराज या पुलों के समीप अनावश्यक आवाजाही से बचें।पशुओं एवं आवश्यक वस्तुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करें।किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग से तुरंत संपर्क करें। वहीं जिला प्रशासन ने संभावित बाढ़ को देखते हुए कहा है कि जिला प्रशासन नागरिकों के सुरक्षा हेतु पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। लोगों को भी सलाह दी गई है कि किसी भी आपात स्थिति में अपने नजदीकी अंचल कार्यालय, थानाध्यक्ष, अथवा पाली प्रभारी, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र,जहानाबाद के मोबाइल संख्या 9905614917 एवं 9507716164 पर संपर्क करें। किसी भी परिस्थितियों में अफरातफरी और अफवाह से बचें।

# नवपदस्थापित बीडीओ का मुखिया संघ ने किया सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय में शनिवार को मुखिया संघ ने नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कुमार अश्विनी का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया। संघ के पदाधिकारियों ने बीडीओ को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान एक-एक कर सभी मुखियाओं ने नये बीडीओ से परिचय कराया और पंचायत से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इनमें मनरेगा, 15वां वित्त आयोग, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं प्रमुख रहीं। इस अवसर पर



मुखिया संघ के अध्यक्ष ने प्रखंड परिसर में पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा बहुउद्देशीय भवन में साउंड सिस्टम की व्यवस्था करने की मांग रखी। मुखिया संघ ने बीडीओ से आपसी समन्वय और सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की, वहीं बीडीओ कुमार अश्विनी ने भी सभी मुखियाओं से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग का आग्रह किया। इस मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिंदेश्वर प्रसाद सिंह, मुखिया युसूफ अली खान, सेराज अंसारी, नागेंद्र मिश्रा, शंकर दयाल यादव, मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी, विनोद राठौड़, रामकेश प्रसाद, अनुज कुमार सिंह, रामसेवक राम और राजेश कुमार पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**ओबरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के खुदवा थाने के कुशा गांव में दुर्गा पूजा के मौके पर देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित की गई जिसका उद्घाटन जनसुराज पार्टी के भावी प्रत्याशी अभिमन्यु शर्मा, पूर्व प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार विकल एवं पूर्व रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जबकि संचालन सचिव मनोज कुमार सिंह ने की। इस मौके पर जनसुराज पार्टी के भावी प्रत्याशी ने सरस्वती युवा क्लब कमिटी को बधाई देते हुए, आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कमिटी के सदस्यों ने भक्ति कार्यक्रम आयोजित कर एक भाईचारे का संदेश दिया जिसे भुलाया नही जा सकेगा। मां दुर्गे की आराधना करने से मनोवांक्षित फल प्राप्त होते है। आप सभी मां के आराधना जरूर करें। इस मौके पर सचिव विपिन शर्मा, कैलाश यादव, बिलाश यादव, द्वारिका सिंह एवं कामता यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं पडरिया गांव में दुर्गा पूजा कमिटी की ओर से बिरहा का कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर बिरहा का आनंद उठाया।

# स्थानांतरण पर विदाई, नए पदाधिकारी का हुआ सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। स्थानांतरण पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी विनय कुमार का समारोह पूर्वक विदाई दी। अब वे बांका जिले के जिला अग्निशम पदाधिकारी के रूप में योगदान देंगे। वहीं औरंगाबाद के नए जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रुति प्रभा का स्वागत किया गया। समारोह में कर्मियों ने दोनों अधिकारियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। लोगों ने पुराने पदाधिकारी के कार्यकाल की तारीफ करते हुए कहा कि फोन करने पर वह तुरंत मदद के लिए निकल पड़ते थे। इन्होंने ईमानदारी के साथ पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन



किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अग्निशमन पदाधिकारी विनय कुमार ने कहा कि विदाई शब्द भावनात्मक होता है, लेकिन सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक अनिवार्य प्रक्रिया होता है। इस मौके पर सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद, अग्निक हरेराम सिंह, कुंदन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न, डॉ. महेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक भव्य संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गान एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा, औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी एवं जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. महेश शर्मा और सुशील कुमार सिंह ने भाजपा




कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर एकजुट होकर कार्य करना होगा, ताकि बिहार में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि "भारत के विकास के लिए बिहार का विकास जरूरी है, और यह तभी संभव है जब हम सभी मिलकर बूथ पर मजबूती से काम करें।" पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों की अपार बहुमत से जीत सुनिश्चित करने के लिए मगध और शाहाबाद क्षेत्र की सभी सीटों पर विजय बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत कर एकजुटता के साथ चुनावी मैदान में उतरना होगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह, विधानसभा प्रभारी अनिता सिंह, जिला मंत्री सुबोध सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रदीप चौरसिया, मनोज पाठक, हेमंत कुमार, शिव नारायण साव, विधानसभा विस्तारक ब्रजेश सिंह, सुधीर दास, भाजपा नेता युगल सिंह, संतोष साव, भाजपा नेत्री शोभा सिन्हा, मिथलेश राम, धीरज खत्री, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष आलोक चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, शुभम सिंह, रामकुमार सिंह, गोपाल प्रसाद, विमलेश पासवान, बब्लू सिंह, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारिश से मिट्टी की दीवार गिरी, बाल-बाल बचे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के दधपी पंचायत के खेसर गांव में बारिश से एक मिटटी का घर ध्वस्त हो गया जिसमें जरूरत की सामग्रियां सहित बकरियों की मलवे में दबने से मौत हो गई। वहीं घर में सो रहे लोग बाल बाल बचे। यह हादसे को लेकर यमुना महतो ने बताया कि इस घटना में हमारी आशियाना उजड़ गया। घर में रखा चावल, गेहूं सहित अन्य अनाज, पहनने के लिए कपड़े व बकरियां मलवे में दब गई। सूचना पर पंचायत दधपी के मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र कुमार मेहता उर्फ टुन मेहता पहुंचे और पीड़ित व्यक्ति को मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अंचलाधकारी, बीडीओ और थानाध्यक्ष को आवेदन देकर मुआवजा दिलवाने की मांग की है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि राजस्व कर्मचारी से जांच करा कर सरकारी प्रावधान के तहत क्षतिपूर्ति सहायता राशि प्रदान किया जायेगा। समाजिक कार्यकर्ता कृष्ण पासवान ने बताया कि पीड़ित गरीब मजदूर हैं। घर बनाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने पीड़ित के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ की मांग की है।

# छठ के बाद 10-12 हजार की नौकरी के लिए रुकेगा पलायन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र के मांदिल हाइस्कूल के समीप जन सुराज पार्टी के बैनर तले बिहार बदलाव सभा आयोजित की गई। विपरीत मौसम में भी बड़ी संख्या में लोग सभा में उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते हुए जन सुराज पार्टी के कोर कमेटी के सदस्य व जहानाबाद से संभावित उम्मीदवार डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा कि इस बार छठ के बाद लोगों को 10-12 हजार रुपए की नौकरी के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। जन सुराज पार्टी की बिहार में सत्ता मिलते ही यहां की व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव दिखने लगेगा।

उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में जन सुराज पार्टी सत्ता में आई तो प्रत्येक परिवार



के हर बुजुर्ग को दो हजार रुपए मासिक सम्मान राशि मिलेगी। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार के लोगों से यह वादा किया है। परिवार लाभ कार्डधारक महिलाओं को रोजगार के लिए कम ब्याज पर पूंजी दी जाएगी। इससे गरीबों के घरों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

डॉ. शर्मा ने आगे कहा कि उनकी पार्टी बिहार में व्यवस्था में बदलाव करने को लेकर जनता से वादा कर रही है। बिहार से पलायन को रोकना है, शिक्षा में सुधार करना है, भ्रष्टाचार को खत्म करना है, लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है। यह तभी संभव है जब व्यवस्था में बदलाव होगा।

डॉ. शर्मा ने बिहार में पिछले साढ़े तीन दशकों से सत्ता पर काबिज राजनीतिक पार्टियों के क्रिया कलापों की चर्चा की और प्रदेश की दुर्दशा के लिए उन पार्टियों के नेताओं को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे नेताओं ने केवल अपने परिवारों का भला किया। बिहार की आम जनता के दुख दर्द को नहीं समझा। आज बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिहार अन्य राज्यों की तुलना में पिछड़ता चला गया और सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया है। इन नेताओं ने बिहार को गर्त में पहुंचा दिया। इस बार के चुनाव में प्रदेश की जनता ऐसे नेताओं को सबक सिखाएगी। इस मौके पर महिलाओं के बीच परिवार लाभ कार्ड का वितरण किया गया और उन्हें बताया गया कि जन सुराज की सत्ता आने पर लाभ कार्डधारी हर परिवार को बीस हजार रुपए तक का लाभ मिलेगा। खेती को मनरेगा से जोड़ा जायेगा। आमदनी वाली खेती को बढ़ावा दिया जायेगा। इस मौके पर रामबाबू पासवान, अरविंद चौधरी, संजय शर्मा, किशोरी पासवान, बबन पासवान, नवीन कुमार, सूरज कुमार, कमलेश दास, नीरज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# पांच जिलों में होगी राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता का आयोजन 5, 6 एवं 7 अक्टूबर को पटना, पूर्वी चंपारण, गयाजी, बेगूसराय एवं भोजपुर में किया जाएगा। यह आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं शिक्षा विभाग, बिहार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी-सह-जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पु राज ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार इस प्रतियोगिता में साइकिलिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में औरंगाबाद जिला से 77 खिलाड़ियों एवं सात दल प्रभारियों सहित कुल 84 सदस्यीय खिलाड़ियों का दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं में भाग लेकर औरंगाबाद का प्रतिनिधित्व करेगा। इस प्रतियोगिता में सभी एकल प्रतियोगिता के प्रथम विजेता एवं सामूहिक प्रतियोगिता के विजेता राज्य स्तरीय स्तर पर भाग लेंगे। विभिन्न रैंक प्राप्त करने वाले




प्रतिभागियों की अनुपस्थिति के मामले में मेधा सूची के अनुसार अन्य प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि खेल विभाग के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार मशाल प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर, संकुल स्तर, प्रखंड स्तर पर किया गया था। सभी स्तरों के विधावार प्रथम विजेता एवं समूह जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तर पर आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेता को विभागीय निर्देश के आलोक में सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल आदि से सम्मानित किया जा चुका है।

## स्वास्थ्य जांच को लेकर लगा शिविर

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित छोटी फिल्ड के समीप नीजी हांल में स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डा. पूनम कुमारी ने विभिन्न गांव से आए लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। जिसमें चार दर्जन से अधिक महिला-पुरुषों का स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच, में विभिन्न रोग के शिकार अधिकतर महिलाओं को देखा गया। विभिन्न रोग से शिकार महिलाओं व पुरूषों को पूरे जीवन कैसे स्वस्थ्य रहें इसके लिए परामर्श दिया और उन्हें नियमित ढ़ंग से दवा सेवन करने का सलाह दिया। उन्होंने कहा शरीर में किसी तरह की परेशानी हो तो नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे और इलाज कराएं। डा. पूनम कुमारी ने कहा आज के समय में पुरूषों से ज्यादा महिलाएं अस्वस्थ हैं। जब महिलाएं अस्वस्थ हो तो पूरा घर असहज महसूस करता है। शिविर में शशिरंजन गुप्ता, मनोज कुमार, शर्मा, शैलेश कुमार, संजय सिंह, कृष्णा प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह ने सहयोग किया।

# आजतक नहीं बनी सधान बिगहा गांव में पक्की सड़क

**ग्रामीणों ने कहा कि दस वर्ष में कभी नहीं आए गांव विधायक**
**रोड नहीं तो वोट**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़रिया टोला सधान बिगहा गांव में रोड नहीं तो वोट नहीं का ऐलान किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में वोट नहीं करने ऐलान किया है। ग्रामीण रवि कुमार, रितेश कुमार, राहुल कुमार, विकास कुमार, मुन्ना कुमार, हरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में पड़रिया की ओर जाने के लिए पक्की सड़क है। सड़क से होकर प्रखंड मुख्यालय जा सकते हैं। बता दें कि गांव से सिमरा बाजार की दूरी लगभग चार से पांच किलोमीटर है। जहां से होकर आसानी से जिला मुख्यालय तक जा सकते



हैं। सिमरा बाजार में ही उनकी थाना और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। जहां पहुंचने के लिए पहले पड़रिया गांव जाना पड़ता है। अधिक दूरी तय करते हुए सिमरा बाजार पहुंचना पड़ता है। ऐसे में समय की बर्बादी होती है। साथ ही खर्च भी ज्यादा होता है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि सिमरा से चोरहा गांव तक पक्की सड़क बनी है। चोरहा गांव से उनके गांव की दूरी मात्र दो से ढ़ाई किलोमीटर है। स्थानीय मुखिया के द्वारा गांव से कुछ दूरी तक सड़क बनरा दिया गया है। इसके आगे भरौंधा पंचायत शुरू हो जाता है। अगर चोरहा से डेढ़ किलोमीटर पक्की सड़क बना दिया जाए तो उनका गांव सिमरा से भी पक्की सड़क से जुड़ जाएगा। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला मुख्यालय आने में सुविधा होगी। ऐसी बात नहीं है कि ग्रामीणों ने इसके लिए प्रयास नहीं किया। उक्त सड़क का पक्कीकरण कराए जाने को लेकर कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का दरवाजा खटखटाया परंतु अबतक निराशा ही हाथ लगी। थक हारकर ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि दो-दो बार गठबंधन के नाम पर कुटुंबा विधायक राजेश कुमार को वोट देकर विजयी बनाया परंतु जीतने के बाद आज तक उनका चेहरा नहीं देखा। विधायक दस वर्ष में एक बार भी उनके गांव में नहीं आए। इस बार सबक सिखाएंगे।

# शोध का केंद्र रहा पचार पहाड़, पहाड़ पर है 1600 वर्ष पुराने बौद्ध विहार के अवशेष

## पहाड़ को पर्यटन मानचित्र में शामिल करने की है आवश्यकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज प्रखंड मुख्यालय से तीन किमी की दूरी पर दक्षिण-पूर्व में पचार पहाड़ स्थित है। वहीं पहाड़ के ऊपर लगभग 1600 वर्ष पुराने गुप्त कालीन दो-मंजिला बौद्ध विहार के अवशेष मौजूद हैं। यहां पहुंचने पर गुप्त कालीन बनावटें दिखती है। पहाड़ पर कई ऐसी चीजें हैं जो आकर्षित करती है। यदि पुरातत्व विभाग इस स्थल पर ध्यान दे तो इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। बता दें कि पचार पहाड़ पर स्थित यह बौद्ध विहार गुप्तकालीन स्थापत्य और बौद्ध संस्कृति का महत्वपूर्ण प्रमाण है। यहां से प्राप्त पुरावशेषों के आधार पर यह क्षेत्र भारत के समृद्ध इतिहास और प्राचीन धार्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सिद्ध होता है। यदि उचित संरक्षण और शोध किया



जाए तो यह स्थल इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। रफीगंज निवासी व पटना विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास और पुरातत्व विभाग के छात्र प्रिंस कुमार बताते हैं कि यह दो-मंजिला बौद्ध विहार गुप्तकालीन ईंटों से निर्मित है। पुरातात्विक अन्वेषण से मालूम होता है कि इस विहार की नींव एक प्राचीन और बड़े स्तूप पर रखी गई थी। बौद्ध विहार में चार कक्ष और एक बरामदा है। इसकी दीवारें 10 फुट से अधिक मोटी हैं। ऊपरी भाग गुप्तकालीन ईंटों से बना है, जबकि निचला भाग कुषाणकालीन ईंटों से निर्मित है। प्रिंस ने बताया कि यहां से भगवान बुद्ध की विभिन्न मुद्राओं में छोटी-बड़ी मूर्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें धर्मचक्र परिवर्तन मुद्रा, ध्यान मुद्रा व भूस्पर्श मुद्रा प्रमुख हैं। एक बौद्ध देवता महाकाल की प्रतिमा भी मिली है। अन्य पुरातत्विक वस्तुओं में रेड वेयर, मृदभांड व पत्थर की पट्टियां शामिल हैं। विहार के आसपास प्राचीन मिट्टी के बर्तनों और ईंटों के अवशेष भी मिले है। बौद्ध विहार के निर्माण में चूना प्लास्टर का उपयोग किया गया है। इसमें कई दीर्घाएं मौजूद हैं। फर्श की संरचना आज भी आश्चर्यजनक है। पूरी बनावट समकोणीय है जो उस समय की उत्कृष्ट वास्तुकला को दर्शाती है।

### प्राचीन काल से ही शोध का केंद्र रहा है पचार पहाड़

पचार पहाड़ प्राचीन काल से ही शोध का केंद्र रहा है। पचार गांव की तुलना नसेर, गुनेरी और मंडा, भूरहा, दुब्बा, देवकली सहित महत्वपूर्ण बौद्ध पुरातात्विक स्थलों से की जाती है। यह स्थल प्राचीन राजगृह-उरुवेला-सारनाथ मार्ग पर है। इसी मार्ग से भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद बोधगया से सारनाथ गए थे। इसी रास्ते में भूरहा और नसेर भी पड़ता है। भुरहा वहीं जगह है जहां भगवान बुद्ध सारनाथ जाने के क्रम में पहली रात गुजारे थे। प्राचीन काल में यह बोधगया और सारनाथ के बीच एक महत्वपूर्ण मार्ग था। इसके आसपास के गांवों कासमा, सरावक, चेव, भिक्षणपुरा में नवपाषाण काल से मध्यकाल तक के पुरातात्विक साक्ष्य मौजूद हैं। यहां प्राचीन नगर के संकेत भी मिलते हैं। बता दें कि पहाड़ पर पालकालीन गुफा मंदिर भी है, जो 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ को समर्पित है। पहाड़ी की तलहटी में स्थित प्राचीन तालाब जिसे ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है।

# अत्यधिक बारिश से पहाड़ी नदियां उफान पर

## कई गांवों में जलजमाव, कई कच्चे मकान गिरे, एसटीआरएफ पहुंची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल क्षेत्र में शुक्रवार रात से हो रही बारिश से कैमूर पहाड़ी की नदियां और झरने उफान पर होने से मैदानी इलाकों के दर्जनों गांव में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है। इस स्थिति से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। विद्युत आपूर्ति भी ठप्प है। अत्यधिक बारिश के कारण सोन नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है जिससे बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। काव नदी में भारी मात्रा में पानी आने से जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में जलजमाव से मरीज परेशान हैं। प्रखंड के जमुहार, महादेवा पंचायत के दर्जनों गांव में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं अभी कही से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। शाम को जल जमाव धीरे-धीरे घट रहा है। नारायण मेडिकल कालेज के इमरजेंसी में भर्ती मरीजों को अन्यत्र अस्पतालों में शिफ्ट किया गया है। एस टी आर एफ की टीम पानी में फंसे सुरक्षित जगहों पर पहुंचा रही है।

**सोन के जलस्तर में वृद्धि**

ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश से सोन के जलस्तर में वृद्धि हुई है। नहरों में पानी की आपूर्ति कम किया गया है। इंद्रपुरी बराज पर 70 हजार क्यूसेक पानी पहुंच रहा है। सोन नदी में 61 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। मध्य प्रदेश के बाणसागर से 35 हजार और उत्तर प्रदेश के रिहन्द जलाशय से 16 हजार क्यूसेक पानी शनिवार को छोड़ा गया है। तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की रात शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने प्रखंड क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं, बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की कड़क ने लोगों की नींद उड़ा दी। इस दौरान सड़कों से लेकर घरों तक पानी का जल जमाव हो गया। बिजली गुल रही और पूरी रात भय एवं दहशत में जगे रहे। यह गांव है प्रभावित तुतला भवानी झरना के उफान पर होने से प्रखंड क्षेत्र के भिषडा, नयागांव, ऊंचैला, लोहाराडिह ,केरपा, कोडर, मालपुरा, तिलौथू, भुंदरबीघा, मिजार्पुर, भदोखरा सहित अन्य गांव पूरी तरह से जलमग्न हो गया है और तिलौथू बाजार से संपर्क टूट गया है।

जगह-जगह पानी भरने से लोगों को घुटनों तक तो कहीं तीन चार फीट पानी में होकर गुजरना पड़ रहा है। कई गांवों के घरों में पानी घुस गया है जिससे लोग सामान सुरक्षित करने और बच्चों को सम्हालने में परेशान हैं। कुछ परिवार तो अपना घर छोड़कर रिश्तेदारों या सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हो गए। ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची व पक्की सड़कें पूरी तरह से जलमग्न हो गई है जिससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। हालात को देखते हुए प्रखंड प्रशासन ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के प्रभावित स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने का आदेश जारी किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार का कहना है कि भारी बारिश और जल जमाव के बीच बाढ़ से प्रभावित विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का विद्यालय आना-जाना खतरनाक हो सकता है। नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र में सोन नदी के उपरी जल संग्रहण क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिस के कारण नदी में बाढ़ आने की आशंका हो गई है। सोन के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र झारखंड व छतीसगढ़ के अलावा प्रखंड क्षेत्र मे पिछले चार दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण सोन नद में पानी बढने की आशंका को लेकर सीओ ने सोन नद मे जाने से रोक लगा दी है।

**क्या कहते हैं एसडीएम**

एसडीएम निलेश कुमार के अनुसार राहत और बचाव के लिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश को ले लोगों को अलर्ट किया है। कहा है कि काफी अधिक वर्षा होने के कारण सभी नहरों व नदियों का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। ऐसे में नदियों व नहरों में नहाने, तैराकी या अन्य प्रयोजनों से न उतरें। जानमाल की क्षति संभावित है। बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखें। विशेष रूप से सोन टीला पर न जाएं।

# मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का शुभारंभ

## स्नातक पास युवाओं को एक हजार रुपया मिलेगा प्रतिमाह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा पुनर्गठित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना (1000 रुपए प्रतिमाह) का शुभारंभ शनिवार को किया गया। सात निश्चय अन्तर्गत मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना वर्ष 2016 से प्रारंभ की गयी है जिसके तहत पूर्व में इन्टर उत्तीर्ण युवक / युवतियों को रोजगार तलाश करने हेतु भत्ता का लाभ दिया जा रहा है। अब उक्त योजना के तहत 20-25 वर्ष के आयु वर्ग में आने वाले वैसे युवक/युवतियां जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / संस्थानों से स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण हों एवं स्वरोजगार / सरकारी / निजी / गैर सरकारी नियोजन (अनुबंध / स्थायी/अस्थायी रूप से) प्राप्त नहीं किये है, कहीं अध्यनरत नहीं है तथा रोजगार की तलाश कर रहे हैं को भी 1,000 रुपए प्रतिमाह की दर से अधिकतम 02 वर्षों तक इस योजना का लाभ देय होगा। इस योजना के तहत स्नातक उत्तीर्ण युवक / युवतियां जो स्वयं सहायता भत्ता की राशि प्राप्त करेंगे उनको रोजगार / स्वरोजगार के लिए क्षमतावर्धन हेतु श्रम संसाधन विभाग द्वारा निःशुल्क कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत राशि चार लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके तहत दो लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को अधिकतम 60 मासिक किस्तों (05 वर्षों) से बढ़ाकर अधिकतम 34 मासिक किस्तों (07 वर्षो) में तथा 02 लाख के उपर ऋण राशि को 84 मासिक किस्तों (07 वर्षो) रो अधिकतम 120 मासिक किस्तों (10 वर्षो) वापस करने का प्रावधान किया गया है।

# रोहतास प्रखंड में बीस सूत्री कार्यालय का शुभारंभ

## जदयू जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को बीस सूत्री कार्यालय का भव्य उद्घाटन जदयू के जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि आज बिहार में विकास की गंगा बह रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांव-गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के हित में जो योजनाएं चलाई हैं, वे ऐतिहासिक हैं।

श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य हर वर्ग को आगे बढ़ाना और बिहार को समृद्ध राज्य बनाना है। चाहे वह जल-जीवन-हरियाली अभियान हो, महिलाओं को आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय हो या शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सुधार, हर क्षेत्र में नीतीश कुमार की नीतियां विकास का नया अध्याय लिख रही हैं। कार्यक्रम में जदयू प्रदेश सचिव सबिता नटराज, रवि पासवान, कामेश्वर सिंह, सनोज कुमार, राम पूजन ठाकुर, नवल किशोर शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष सिदेश्वर शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक कश्यप, विशाल देव, विवेक बहादुर, रघुवंशी पासवान, मिथलेश सिंह, हरि पासवान, रंजू देवी, सुनीता सिन्हा, माया देवी, फरीद अंसारी, राजू शर्मा, सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की और बिहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भैसहा पंचायत मुखिया मंजू देवी हुई सम्मानित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला प्रशासन की ओर से स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय ने भैसहां पंचायत के मुखिया मंजू देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुखिया ने बताया कि इस सम्मान का सारा श्रेय हमारे पंचायत वासियों को है। मुखिया ने पंचायत वासियों को दिल से आभार व्यक्त किया।

# रोहतास जिले में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

## विकट परिस्थितियों से निबटने के लिए सदर अस्पताल एवं सभी पीएचसी अलर्ट मोड में : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा रोहतास जिले में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बीते रात जिले में भारी बारिश हुई है। ऐसे में प्रशासन अलर्ट मोड में है। उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिला पदाधिकारी, रोहतास स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिला पदाधिकारी ने पीएचइडी को पेय जलापूर्ति को लेकर निर्देश दिया गया है। सदर अस्पताल एवं सभी पीएचसी को अलर्ट मोड में रखा गया है। ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे। अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। क्षेत्रों में भ्रमण कर सड़कों पर गिरे पेड़ों को नगर निकायों द्वारा हटाया जा रहा है। कुछ देर में यातायात सामान्य हो जाएगा। कई इलाकों में पेड़ों के गिर जाने से विद्युत आपूर्ति ठप है। विद्युत विभाग व प्रशासन की टीम पेड़ों को हटाकर बिजली आपूर्ति को सुचारू करने में लगी है। कुछ ही घंटों के अंदर विद्युत आपूर्ति चालू की जाएगी। नगर निगम सासाराम द्वारा ड्रेनेज लेवल घटाया जा रहा है। आने वाले लगभग दो घंटे के अंदर जलजमाव का पानी निकल जाएगा। सोन उच्च स्तरीय नहर में जलश्राव 600 क्यूसेक से घटाकर 200 क्यूसेक कर दिया गया है। 2 दिनों पहले जलस्त्राव 1481 क्यूसेक चल रहा था। जिला प्रशासन के माध्यम से एसडीआरएफ टीम द्वारा राहत बचाव का कार्य डिहरी जमुहार में किया जा रहा है। आपातकालीन स्थिति में जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम 06184226093 या मोबाइल नंबर 9430019550 पर संपर्क कर सकते है। जिला प्रशासन की अपील है कि आप सभी सजग और सतर्क रहें। नदी, नहर किनारे व निचले इलाकों में न जाएं। प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सूचनाओं और निर्देशों का पालन करें।

# वरिष्ठ नागरिक संघ, संगठन को मजबूत एवं विस्तृत करें : एम एम पी सिन्हा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ नागरिक संघ के नेतृत्व में विश्व बुजुर्ग दिवस समारोह कुशवाहा सभा भवन में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालजी प्रसाद जिला अध्यक्ष तथा संचालन संयुक्त सचिव भिखारी पासवान के द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एम एम पी सिन्हा अपने संबोधन में संगठन को महत्व देते हुए कहा कि हर पदाधिकारी की जिम्मेवारी बनता है कि जो जहां है वहां संगठन को मजबूत एवं विस्तार करें हर बुजुर्गों को सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधा मुहैया कराना वरिष्ठ नागरिक संघ का परम कर्तव्य है। वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। वरिष्ठ नागरिक संघ के जिला अध्यक्ष लालजी प्रसाद ने सभी पदाधिकारी को अंग वस्त्र एवं माला से सम्मानित किया। इस अवसर पर दीपू पासवान, लाल बिहारी सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, दुखराज महतो, सीताराम सिंह, कोषाध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद नगर अध्यक्ष भिखारी पासवान, विनोद बाबा बड़ी संख्या में बुजुर्ग उपस्थित हुए।

# डीडीयू मंडल में विशेष अभियान जारी

## डीडीयू जंक्शन पर यात्रियों के साथ किया गया अमृत संवाद




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में आज विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर अमृत संवाद का आयोजन किया गया। यह पहल अमृत काल की भावना और पंच प्रण के सिद्धांतों पर आधारित है जिसका उद्देश्य नागरिकों को रेलवे के विकास में भागीदार बनाना है। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन स्टाफ ने यात्रियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने स्टेशन पर सुविधाओं व सुधारों जैसे प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, आधुनिक टिकटिंग व्यवस्था, एस्केलेटर, वाई-फाई, दिव्यांग अनुकूल सेवाओं सहित 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' कियोस्क, जन औषधि केंद्र जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। यात्रियों से इन सुधारों पर प्रतिक्रिया ली गई और आगे की अपेक्षाओं व सुझावों को जाना गया। यह संवाद यात्रियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए स्वच्छता और स्टेशन की देखरेख में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता गतिविधियां सक्रिय रूप से जारी हैं। विदित हो कि विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत क्रियान्वयन चरण में आगामी दिनों में कार्यालयों और स्टेशनों की सफाई के साथ स्थान प्रबंधन, लंबित मामलों का निस्तारण, स्क्रैप निपटान, ई-वेस्ट निपटान, हरित पहल, डिजिटलीकरण को बढ़ावा, और सभी प्रमुख स्टेशनों पर अमृत संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# दुर्गावती नदी में उफान से डूबा कुदरा-रामपुर पुल

## पुल के ऊपर तेज बहाव के बावजूद भी लोगों का आना-जाना जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कुदरा।** पिछले रात हुई लगातार मूसलाधार बारिश से दुर्गावती नदी में उफान आ गया है जिसमें कुदरा-रामपुर पुल डूब गया है। पुल के ऊपर घुटने भर पानी बहने के बावजूद भी ग्रामीणों का आना-जाना जारी है जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। पुल के ऊपर बह रहे पानी में ग्रामीण पैदल व बाइक से भी आ जा रहे हैं। कुछ लोगों के मना करने का असर भी आने-जाने वाले पड़ नहीं पड़ रहा है। पुल के ऊपर तेज बहाव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ नदी के दोनों छोर पर खड़ी दिखी। रामपुर निवासी पैक्स अध्यक्ष छट्ठू पासवान ने बताया कि 12 फिट चौड़ा व 19 फीट ऊंची पुल के निर्माण पांच वर्ष पूर्व हुआ था। लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बने कुदरा-रामपुर पूरबी पुल के निर्माण में सात माह लगा था। पुल निर्माण में क्षेत्र के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। पुल निर्माण के लिए बनी समिति के सदस्यों द्वारा घूम-घूम कर सहयोग राशि जुटाई गई थी। कुदरा-रामपुर के पुल बनने से प्रखंड दक्षिणी क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिला। ग्रामीण कम दूरी व कम लागत में कुदरा बाजार व प्रखंड मुख्यालय पहुंच जा रहे हैं। पुल के बनने से कुदरा प्रखंड के मेउड़ा, डेरवा, पावरा, गोकुलपुर, बेरुआर समेत भभुआ प्रखंड के लीलापुर समेत दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोगों को कुदरा बाजार आनेजाने में आसानी हो गई है।

# बिहार को चार मंत्री देने वाली चैनपुर सीट पर सियासी पारा हाई

## बसपा के टिकट पर जीते जमा है जदयू से मंत्री, रनर रहे पूर्व मंत्री बृज किशोर भाजपा छोड़ राजद के हो गए

सुनील तिवारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** चैनपुर विधानसभा का चुनावी घमासान जोरदार होने की चर्चा आम है। दिग्गज दावेदारों से यहां का सियासी पारा हाई है। मंत्री जमा खान, पूर्व मंत्री बृज किशोर बिंद की दावेदारी, हर चुनाव में बेहतर परफॉर्मेंस वाली बसपा के साथ पहली बार जनसुराज की इंट्री ने इस साल होने वाली चुनावी जंग का रोमांच बढ़ा दिया है। चुनाव का ऐलान तो नहीं हुआ है पर अभी से ही गठबंधन दलों का सीट कोटा, टिकट, दावेदारों की दौड़ और हार जीत की खूब चर्चा हो रही है। उत्तर प्रदेश की सीमा से सटी होने के कारण यहां का राजनीतिक माहौल हमेशा थोड़ा अलग रहा है। पहाड़ी इलाकों वाले कई गांव और अधौरा प्रखंड इस क्षेत्र में आते हैं जिसकी वजह से यहां की सामाजिक बनावट और चुनावी समीकरण दोनों दिलचस्प हो जाते हैं। मां मुंडेश्वरी धाम सहित कई पर्यटन स्पॉट इसी क्षेत्र में हैं। वर्ष 2010 और 2020 में यह सीट एनडीए से भाजपा कोटे में थी। इसके पहले बीजेपी के दिग्गज नेता स्व लालमुनि चौबे यहां से चार बार विधायक चुने गए। मंत्री भी बने। बीजेपी से ही बृज किशोर बिंद भी दो चुनावों में विजई हुए,वो भी मंत्री बने। इस सीट ने बिहार को चार मंत्री दिए। बसपा की भी इस सीट पर मजबूत पकड़ रही है। वर्ष 1995 के चुनाव में यह सीट जीत कर बसपा ने बिहार में इंट्री की। तब से (वर्ष 2005 को छोड़कर) यह पार्टी चुनावी रेस में विनर रनर रही। यह बात दीगर है कि हाथी की सवारी कर जीते विधायकों ने दल बदला और मंत्री बन गए। अभी यहां के जमा खां मंत्री हैं। बसपा के टिकट पर जीते थे। दल बदल दिया। जदयू के हो गए। उन्होंने भाजपा के बृजकिशोर बिंद को हराया था। इस बार चैनपुर सीट एनडीए से जदयू कोटा में जाने की जोरदार चर्चा है। बीते चुनाव में रनर रहे भाजपा के बृजकिशोर बिंद ने नई जमीन तलाश ली है। कुछ दिन पहले वो राजद के हो गए। अब पढ़ाई, दवाई, सिंचाई और कमाई का नारा बुलंद कर रहे हैं। हालांकि महागठबंधन में भी अभी सीट कोटा का ऐलान नहीं हुआ है। बीते चुनाव में चैनपुर सीट कांग्रेस कोटे में थी। उस चुनाव के दौरान बसपा के बड़े नेता भरत बिंद ने राजद का दामन थाम लिया था। राजद ने उन्हें कांग्रेस की परंपरागत सीट रही भभुआ विधानसभा के चुनावी दंगल में उतरा। वो जीत भी गए पर बाद में वो भाजपा में चले गए। भाजपा से राजद में गए बृज किशोर का चुनावी क्षेत्र चैनपुर है। इस चुनाव में राजद कोटे में चैनपुर या भभुआ सीट आती है, ये तो ऐलान के बाद ही पता चलेगा। चैनपुर में बसपा से धीरज सिंह को टिकट मिलने की खबर आ रही है पर जनसुराज पार्टी ने भी अपने प्रत्याशी का खुलासा नहीं किया है। बीते तीन चुनाव के रिजल्ट पर नजर डालें तो यहां मुख्य मुकाबला भाजपा और बसपा में होता रहा है। वर्ष 2010 के चुनाव में अभी के मंत्री जमा खान कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े तो 19552 मत पाकर तीसरे नंबर पर थे। तब भाजपा के बृज किशोर बिंद ने बसपा के डॉ अजय आलोक को 13580 वोट से हराया था। भाजपा को 46510 मत मिले जबकि बसपा को 32930 वोटरों ने पसंद किया। वर्ष 2015 के चुनाव में भाजपा के बृज किशोर 58913 मत पाकर 671 वोट से जीते। रनर बसपा के जमा खान को 58242 वोट आए। तीसरे नंबर पर रहे जदयू के महाबली सिंह30287 मत पाने में सफल रहे। वर्ष 2020 के चुनाव में बसपा के टिकट पर जमा खान बंपर वोटों से जीते। उन्होंने भाजपा के बृज किशोर को 24 294 मतों से पराजित किया। बसपा को 95245 और भाजपा को 70951 वोट आए थे। बहरहाल चुनाव की घोषणा होने की हलचल के बीच दावेदार टिकट की दौड़ में हैं और चर्चा में कौन किस दल का होगा प्रत्याशी,किसकी होगी जीत का दौर जारी है।


**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यूटी-03-जीएसयू-एएसएन-25-26, दिनांक 03.10.2025; मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी., गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: डब्ल्यूटी-03-जीएसयू-एएसएन-25-26, कार्य का नाम: आसनसोल मंडल की गति शक्ति इकाई के अधीन (i) दुर्गापुर एवं तापसी में गुड्स शेड वॉर्फ, एप्रोच रोड, श्रमिकों के लिए विश्राम कक्ष, मर्चेंट रूम, शौचालय, पेय जल की सुविधा, स्नान की सुविधा, टावर लाइटों के निर्माण तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों, (ii) बराचक एवं रानीगंज गुड्स शेड में चहारदीवारी, फेंसिंग, स्क्रीन गार्ड, वाटर स्प्रिंकलरों के प्रावधान, पीएम 10 एनालॉजयरों की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना एवं परिवेशी वायु गुणवत्ता और ध्वनि स्तर की निगरानी के लिए डिजिटल डिस्प्ले की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना, आरडब्ल्यूएच, गार्लेंड ड्रेनों, वृक्षारोपण, परिधि के साथ ग्रीन बफर जोन विकसित करना तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। निविदा मूल्य: रु. 39,02,37,645.74; बयाना राशि: रु. 21,01,200/-। कार्य समापन अवधि: 06 महीने। बंद होने की तारीख एवं समय/बोली की नियत तारीख: 30.10.2025 को 15.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखे जा सकते हैं।

(ASN-199/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in /www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर।**

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–03/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम नौडीहा मे मुख्य पथ से नौडीहा गांव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | विश्रामपुर | 24.946 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 01/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 2 | ग्राम मझिगांवा के कृष्ण मुरारी प्रसाद के घर से नर्वदेश्वर महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ तथा नाली एवं उसका ढक्कन निर्माण | चैनपुर | 24.717 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 3 | ग्राम सरजा में उत्क्रमित प्राथमिक विधालय में दो अतिरिक्त कमरा का निर्माण। | मेदिनीनगर | 19.946 | 40000.00 | 5000.00 | 6 माह मात्र | 03/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 4 | ग्राम पनेरी बांध हरिजन टोला रामचन्द्र भुईया के घर से लेकर जय कुमार के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाली निर्माण। 400फीट। | चैनपुर | 19.954 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 04/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 5 | ग्राम ढाबकला में राजेन्द्र मेहता के घर तक दिनानाथ पासवान के घर होते हुए एन0एच098 रोड के नाला तक नाला निर्माण। | हरिहरगंज | 13.379 | 28000.00 | 2500.00 | 3 माह मात्र | 05/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 6 | ग्राम सघपुर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विघालय में एक कमरे का निर्माण एवं 02 भवनों का जीर्णोद्वार। | पाटन | 24.362 | 50000.00 | 5000.00 | 6 माह मात्र | 06/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 7 | ग्राम देवरी कला में स्कूल से गोला पर होते हुए शमशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। 1500 फीट | हुसैनाबाद | 24.886 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 07/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–07.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–15.10.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–17.10.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –9162744599
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू।

PR 363271 (Palamu) 25-26 (D)

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया 1000 विवाह मंडपों और पंचायत भवनों का उद्घाटन

## अमौर प्रखंड में विकास की नई पहल, अब पंचायतों में ही होंगे सभी जरूरी काम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर /पूर्णिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 1000 विवाह मंडपों का शिलान्यास और बिहार सरकार भवन का उद्घाटन किया। इसी क्रम में अमौर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बने पंचायत सरकार भवनों का भी उद्घाटन किया गया, जिनमें डहुआबाड़ी और बंकिनिया बरेली समेत कई पंचायत शामिल हैं।



बरवट्ठा, आमगाछी, बिशनपुर और बंकिनिया बरेली पंचायतों में कन्या विवाह मंडपों का शिलान्यास भी किया गया। बरवट्ठा पंचायत में मुखिया एवं मुखिया संघ अध्यक्ष मो. गुलाम अजहर ने फीता काटकर उद्घाटन किया, आमगाछी में मुखिया मो. सनव्वर आलम, मुखिया लीला देवी और माहे तलत जकी ने शिलान्यास किया। डहुआबाड़ी पंचायत में बने पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अफसर नदवी और मुखिया राजेश कुमार ने किया।

मुखिया मो. गुलाम अजहर ने बताया कि पंचायत सरकार भवन बनने से अब लोगों को प्रखंड मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जाति, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड समेत सभी आवश्यक कार्य अब सीधे पंचायत में ही किए जा सकेंगे। प्रत्येक विवाह मंडप के निर्माण पर लगभग 50 लाख रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से पंचायत के लोगों को बच्चों की शादी में सुविधा मिलेगी और उनका आर्थिक बोझ कम होगा। इन भवनों में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद रहेंगी।

इस अवसर पर पंचायत सचिव सौरभ सुमन, मुखिया प्रतिनिधि मो. मुख्तार आलम, विवेकानंद झा, जीविका दीदी, पंचायत सचिव और कार्यपालक सहायक सहित कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# केनगर के बिठनौली पूरब में मदरसा हयातुल उलूम का शिलान्यास

■ सरकारी मदरसा सुदृढ़ीकरण योजना के तहत नये भवन का निर्माण, शिक्षा को मिलेगा नया आयाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** प्रखंड क्षेत्र के बिठनौली पूरब पंचायत अंतर्गत सबूतर गाँव में स्थित मदरसा हयातुल उलूम का शिलान्यास बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष मो० दाऊद आलम ने की। मदरसा हयातुल उलूम के प्रधानाध्यापक मौलाना मो० इसराइल ने शिक्षा और परिसर नवीनीकरण के लिए लगातार प्रयास करने के अवसर पर मंत्री लेशी सिंह का आभार व्यक्त किया।

बिहार राज्य मदरसा बोर्ड के चेयरमैन जनाब सलीम परवेज भी इस मौके पर मौजूद रहे। मंत्री लेशी सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के सभी समाजों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया है। स्वास्थ्य, सड़क, सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा 2005 से निरंतर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य मदरसा सुदृढ़ीकरण योजना के तहत इस मदरसे में 8 कक्षा भवन, 4 शौचालय, कम्प्यूटर कक्ष, रसोई घर और परिसर की चारों ओर चहारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। इससे मदरसे में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा और विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इस मौके पर जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष मो० दाऊद आलम, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि मो० सफीक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो० शाहिल उर्फ बबलू, मदरसा निगरानी कमिटी के सचिव मो० शहवाज, सदस्य मो० जहूर, मो० इस्लाम, मो० अंजुम, मो० नजीर, हाजी हसन साहेब, हाजी अली इमाम साहेब, मो० एजाज, मो० नासिर, मो० इजहार फौजी, मो० अब्बल, मो० अकबर, सरपंच मो० सिकन्दर उर्फ मंटू, मो० जमाल के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।मंत्री लेशी सिंह ने कहा, 'शिक्षा केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के समग्र विकास की कुंजी है। इस मदरसे के नवीनीकरण से स्थानीय बच्चों और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।'

## कानून व्यवस्था पर पूर्णिया पुलिस की सख्त निगरानी

# कप्तान स्वीटी सहरावत के निर्देश पर तीन अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार मुस्तैदी दिखा रही है। पिछले 24 घंटे के भीतर पुलिस ने अलग-अलग थानों के सहयोग से अभियान चलाकर कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस कप्तान स्वीटी सहरावत के स्पष्ट निर्देशों के आलोक में की गई, जिनका उद्देश्य जिले में शांति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण बनाए रखना है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, बीते चौबीस घंटों के दौरान जिलेभर में चलाए गए विशेष अभियान में कुल तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। इनमें किसी भी प्रकार के अजमानतीय या जमानतीय वारंट की गिरफ्तारी शामिल नहीं है। सभी गिरफ्तारियां विभिन्न कांडों से संबंधित रही हैं। वहीं शराब, आर्म्स एक्ट, हत्या, लूट, पॉक्सो या किसी अन्य गंभीर अपराध में किसी प्रकार की गिरफ्तारी दर्ज नहीं की गई। यह पुलिस की सक्रियता और निरंतर निगरानी का परिणाम है कि जिले में इस अवधि के दौरान किसी बड़े अपराध की घटना दर्ज नहीं हुई।

इसी क्रम में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाई है। वाहन चेकिंग अभियान के तहत 2 लाख 23 हजार 500 रुपया का जुमार्ना वसूल किया गया है। पुलिस की यह कार्यवाही इस बात का संकेत है कि अब नियमों की अनदेखी करने वालों पर किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। पुलिस कप्तान स्वीटी सहरावत ने कहा है कि पूर्णिया पुलिस जनता की सुरक्षा और अपराध पर नकेल कसने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। थाना स्तर पर गश्ती बढ़ाई गई है, संदिग्ध तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है और सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उनका कहना है कि विधि-व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराध नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

## पूर्णिया : नेत्रदान के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक प्रयासों की मिसाल

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाज की परंपराओं और आम सोच से ऊपर उठकर अगर कोई कदम उठाया जाए, तो वह केवल व्यक्तिगत पुण्य का कारण नहीं बनता, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनता है। ऐसा ही एक प्रेरक कदम शनिवार को दधीचि देहदान समिति, पूर्णिया के माध्यम से शंभू पंडित और उनके परिवार ने उठाया। उन्होंने अपनी माता ललिता देवी के नेत्रदान के माध्यम से कई नेत्रहीनों को नई रोशनी देने का अनमोल अवसर प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में दधीचि देहदान समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष हिना शाहिद, नीलम अग्रवाल, आलोक लोहिया, प्रदीप अग्रवाल और मंटू सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# चार मासूमों के घर लौटे शव, परिजनों की पीड़ा ने पूरे गांव को हिला दिया

■ पोस्टमार्टम के बाद घर लौटे बच्चों के शव ने उजाड़ा परिवार का संसार, संवैधानिक अधिकार और समाज की जिम्मेदारी पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** जानकीनगर थाना क्षेत्र के ठाकुरबारी गांव के चार मासूम बच्चों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके घर लाए गए। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले ये बच्चे केवल अपने परिवार के नहीं थे, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता और बच्चों के प्रति जिम्मेदारी की परीक्षा बन गए। घर लौटते शवों को देखकर परिजनों की करुणामय चीखें और बिलख पूरे इलाके में गूँज उठीं। माताओं का हृदयविदारक रुदन, बड़ों की मौन स्तब्धता और छोटे भाई-बहनों की असमंजस भावनाओं ने पूरे गांव को मातमी सन्नाटा में डुबो दिया।

परिवार की टूटती दुनिया ने हर किसी के दिल को झकझोर दिया। बच्चों के नाम पुकारते परिजन और फूट-फूट कर रोते हुए परिजन इस घटना की पीड़ा को हर दिल तक पहुंचा



रहे थे। यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं थी, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 और 24 के तहत बच्चों के जीवन और सुरक्षा के अधिकार पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बच्चों की सुरक्षा केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि समाज और परिवार की संवैधानिक जिम्मेदारी भी है।घटना के बाद जानकीनगर थानाध्यक्ष परीक्षित पासवान और राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज घटनास्थल और घर पर मौजूद रहे। प्रशासन ने दाह-संस्कार हेतु आर्थिक सहायता देकर परिवार को सांत्वना दी। शव घर लौटते ही माताओं और परिजनों की पुकार ने गांव में स्तब्धता और मातमी माहौल पैदा कर दिया। परिजनों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि बच्चों को मखाना फौरी के नाम पर लालच देकर गांव के ही कुछ लोग अपने पास ले गए थे। बच्चों के साथ मारपीट और कठिन शारीरिक श्रम की घटनाएँ भी सामने आईं। भाग कर आए एक बच्चे ने बताया कि वहां 50 से 100 बच्चों को सुबह तीन बजे से रात नौ बजे तक काम कराया जाता था। यह बाल श्रम निषेध अधिनियम और संविधान के अनुच्छेद 24 का स्पष्ट उल्लंघन है।अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने परिवार से बातचीत कर प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की जानकारी दी। उन्होंने मखाना फौरी के कार्यस्थलों की पहचान कर छापेमारी और कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रशासन ने यह भी कहा कि सभी बच्चे सुरक्षित रहें और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हो।पोस्टमार्टम के बाद बच्चों के घर लौटने की यह हृदयविदारक घटना परिवार की असीम पीड़ा, समाज की संवेदनशीलता और बच्चों के अधिकारों की संवैधानिक सुरक्षा पर गहरा प्रकाश डालती है।

## कसबा में भावपूर्ण समारोह : प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो से किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कसबा /पूर्णिया।** कसबा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सरदार के स्थानांतरण के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रखंड प्रशासन और शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह की शोभा बढ़ाते हुए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष एवं महागणपति महोत्सव के संयोजक बमबम साह तथा उत्क्रमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, विशनपुर के प्रभारी प्रधानाचार्य और महागणपति महोत्सव कसबा के सह संयोजक एस कुमार रोहित्सव उर्फ पप्पु ने संयुक्त रूप से अरुण कुमार सरदार को 'द जेंटल मेन ऑफ कसबा'के खिताब से सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर उनके प्रशासनिक समर्पण, निष्ठा और जनसंपर्क कौशल की सराहना की गई। इसी क्रम में मां कामख्या ट्रस्ट के संयोजक एवं युवा राजद जिला अध्यक्ष नवीन यादव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रतेश आनंद तथा नगर परिषद मुख्य पार्षद कुमारी छाया ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और मोमेंटो के माध्यम से उन्हें सम्मानित किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2, राजेश कुमार, अंचल पदाधिकारी रीता कुमारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। सभी ने अरुण कुमार सरदार के कुशल प्रशासन, समर्पित कार्यशैली और संवेदनशील दृष्टिकोण की खुले दिल से प्रशंसा की। समारोह में विदाई की भावपूर्ण झलकें देखने को मिलीं, जहां उपस्थित जनमानस ने भावुक होते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को ले पुलिस हुई सतर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत के आदेश पर पूर्णिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने, अपराध नियंत्रण सुनिश्चित करने तथा आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से पूर्णिया पुलिस द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया।

इस दौरान थानाध्यक्षों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के सभी प्रमुख बैंकों का दौरा कर सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में बैंक परिसरों की



सीसीटीवी व्यवस्था, गार्ड की उपस्थिति, बैंक के भीतर और बाहर की सुरक्षा स्थिति, ग्राहक प्रवेश व निकास व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा बिंदुओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों को सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना को देने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि बैंक परिसरों के आसपास नियमित गश्ती व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना की संभावना पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बैंकों में सुरक्षा की चूक को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने बैंककर्मियों और ग्राहकों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

## वंदे भारत ट्रेन हादसे में सांसद ने जताया गहरा शोक

# पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बीते कल वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से चार बच्चों की दर्दनाक मौत हुई और एक बच्चा घायल हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद पप्पू यादव ने तुरंत अपने प्रतिनिधियों से संपर्क कर घटना स्थल का दौरा करवाया।

देर शाम तक बच्चों के पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार का काम सुनिश्चित करवाया गया। सांसद इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहे। घटना के एक दिन



बाद अर्थात शनिवार को सांसद पप्पू यादव ने सभी मृतक बच्चों के परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और अपनी ओर से प्रत्येक परिवार को 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को 20-20 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। सांसद ने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं में तत्काल राहत और न्याय सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बिहार सरकार और रेलवे अधिकारियों से इस मामले की त्वरित जांच कराने का आग्रह भी किया।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

जागरूकता के साथ युवा पीढ़ी ने दिखाई समाज सुधार की प्रतिबद्धता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया।** केनगर प्रखंड के परोरा पंचायत के कन्या मध्य विद्यालय परोरा में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों ने नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय से एक संयुक्त रैली निकाली गई, जो विभिन्न गाँवों और मोहल्लों से गुजरते हुए लोगों को नशे से उत्पन्न होने वाली बीमारियों, परिवार में कलह और सामाजिक असर के प्रति जागरूक करती रही।



रैली का नेतृत्व कर रही विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सुचित्रा कुमारी ने बताया कि नशे की लत केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि यह परिवार में कलह, आपसी रिश्तों में खटास और दांपत्य जीवन में दरार तक ला सकती है। उनका कहना था कि ऐसी स्थिति कभी-कभी तलाक जैसी गंभीर परिणति तक भी ले जाती है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रंजन कुमार के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों की सक्रिय भागीदारी को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया।

## नाबालिग बच्चों के असमय निधन पर राजद युवा जिलाध्यक्ष ने जताई गहरी शोक संवेदना

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वंदे भारत ट्रेन हादसे की दर्दनाक खबर ने पूर्णिया को स्तब्ध कर दिया। चार नाबालिग बच्चों की असमय मृत्यु और एक गंभीर रूप से घायल होने की खबर ने पूरे कस्बे को गहरे शोक में डुबो दिया। इस अपूरणीय क्षति पर राष्ट्रीय जनता दल के युवा जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि राज्य और रेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक का प्रतीक है। नवीन यादव ने मृत बच्चों के परिवार के प्रति कहा, 'हम उनके साथ खड़े हैं। माता-पिता की आंखों में जो अपूरणीय पीड़ा है, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है।

## विकास की नई राह : ईस्ट ब्लॉक में विधायक ने 22 सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया



■ ग्रामीणों के सहयोग से सड़क सुधार योजना से जुड़े करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य की शुरूआत, हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** सदर विधानसभा के ईस्ट ब्लॉक में विधायक विजय खेमका ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अनुसंशित ग्रामीण कार्य विभाग की उन्नयन योजना के तहत 22 सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन भोगा करियात अमीर ऋषि टोला, महराजपुर दिघ्घी पोखर, बरसानी विश्वास टोला और लालबाड़ी 87 आरडी पर हुआ, जहां ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से श्रीफल तोड़कर उद्घाटन किया।

उपस्थित कनीय अभियंता ने बताया कि इन 22 सड़कों की कुल लंबाई लगभग 33 किलोमीटर है और इनका निर्माण कार्य 21 करोड़ रुपये की राशि से ईस्ट ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों जैसे सिकंदरपुर, महराजपुर, रामपुर, वीरपुर, राजीगंज, हरदा, भोगा करियात और वार्ड बेलोरी में किया जाएगा।विधायक विजय खेमका ने इस अवसर पर कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में सड़कों का जाल बिछाने से गाँव और शहर के बीच आवागमन सुगम हुआ है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के जीर्णोद्धार से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।विधायक ने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, बिजली और आवास जैसी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुँच रहा है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रदेश की 1 करोड़ जीविका दीदियों के खाते में 1 अरब रुपये भेजे गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के 5 लाख युवाओं को 10 हजार प्रतिमाह 2 वर्ष (2025-26) तक बेरोजगारी भत्ता देने का निर्णय लिया है। छात्रों की छात्रवृत्ति दुगुनी की गई है और राज्यकर्मी, पेंशनभोगियों के भत्ते में वृद्धि की गई है।विधायक ने कहा कि जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर पूर्ण विश्वास विकास कार्यों को गति दे रहा है और यही विश्वास बिहार को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य की ओर ले जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में एनडीए कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ और पुरुष उपस्थित थे। भाजपा नेता मनोज गोश्वामी, मंगल पोद्दार, बिनोद सिंह, ज्योतिष ठाकुर, रविन्द्र मालाकार, हंजु उड़ाव, रामानंद साह, अमित विश्वास, बिरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, पवन सहनी, टुंपा बरई, बिनोद मेहता, जितेंद्र मंडल और अविनाश यादव भी मौजूद थे।

# एनडीए की जीत तय, अब बूथ ही बनेगा शक्ति केंद्र : भाजपा की पूर्णिया बैठक में रणनीति तय

■ पार्टी संगठन को पंचायत स्तर तक सशक्त करने और कार्यकताओं को एक सूत्र में पिरोने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की आहट के साथ ही राजनीतिक हलचलें तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा पूर्णिया जिला इकाई ने शुक्रवार को जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक कर चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने की दिशा में ठोस पहल की। बैठक में वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकताओं की मौजूदगी ने आगामी चुनाव के प्रति पार्टी के संकल्प और जोश स्पष्ट दिख रही थी।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने की। उन्होंने कहा कि अब हर बूथ संगठन की रीढ़ बनेगा। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे पंचायत अध्यक्षों की सूची, मोबाइल नंबर और बूथवार सूचनाओं को अद्यतन रखते हुए अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। उनका कहना था कि पंचायत स्तर पर सशक्त संगठन ही बड़ी जीत की आधारशिला होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी ने जोश भरे शब्दों में कहा एनडीए की



सरकार बननी तय है, अब हर कार्यकर्ता को जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। ह्वप्रदेश मंत्री अनिल ठाकुर ने संगठन में अनुशासन और एकजुटता को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार एनडीए रिकॉर्ड मतों से जीत का इतिहास रचेगा।विधानसभा सदस्य विजय खेमका ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को विकास की नई राह मिली है। केंद्र की योजनाओं ने राज्य की तस्वीर बदली है और अब बिहार तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है।

पूर्व जिला अध्यक्ष प्रफुल रंजन वर्मा एवं उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि कार्यकर्ता ही चुनावी सफलता की धुरी हैं। बैठक में उपस्थित नेताओं व कार्यकताओं ने विभिन्न चुनावी रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में आगामी चुनाव को लेकर गजब का उत्साह और दृढ़ संकल्प का माहौल रहा। इस अवसर पर जिला भाजपा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, इछअ-1, मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, प्रकोष्ठ संयोजक, जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, कोर कमेटी सदस्य, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, विस्तारक, विधायक, पूर्व विधायक एवं पूर्व प्रत्याशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व पशु दिवस पर विशेष : 'मूक प्राणियों के प्रति करुणा, मानवता की पहचान'

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पशु दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षिका अर्चना देव ने मूक प्राणियों के प्रति अपने गहरे लगाव और संवेदनशील दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने कहा कि ह्वपशु केवल जीवन का हिस्सा नहीं हैं, वे हमारे परिवार का अभिन्न अंग हैं। उनका सुख-दुख हमारे लिए जिम्मेदारी है। जब हम उनके दर्द को समझते हैं, तभी समाज में मानवता की असली पहचान बनती है।ह्वअर्चना देव का पशु से प्यार उनके जीवन समर्पण का जीता-जागता उदाहरण है। उनके घर में कुत्ते और बिल्लियों को परिवार की तरह पाला जाता है। किसी भी हल्की सी बीमारी पर उनका दिन-रात ध्यान रहता है। लेकिन एक बार ऐसी भी घटना हुई जिसने उनकी संवेदनशीलता और दृढ़ता को और भी उजागर किया। उनकी पालतू बिल्ली बिजली के करंट का शिकार हो गई।

# बिहार में पूर्ण बहुमत से बनेगी एनडीए की सरकार : डा. महेश

## औरंगाबाद के सभी छह विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत तय : सुशील सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां तेज हो गई है। शनिवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर से सांसद डॉ. महेश शर्मा कुटुंबा में विधानसभा स्तरीय बैठक में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी और संचालन अशोक कुमार पांडेय ने किया। बैठक में डॉ. महेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं को जीत का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। उनके बदौलत ही चुनाव में किसी भी प्रत्याशी की जीत और हार होती है। एनडीए प्रत्याशी की जीत को लेकर कमर कस लीजिए। अनुशासन ही भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान है। बेहतर सांगठनिक क्षमता के कारण ही भाजपा को विश्व का सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का गौरव प्राप्त है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बेहतर कार्य कर रही है जिसका सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। बिहार में इस बार भी एनडीए की सरकार बनेगी। सभी कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशियों को जिताने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करेंगे। उन्होंने एक-एक कर सभी मोर्चा के सदस्यों व प्रभारी से बात की और सुझाव दिए। विशेष रूप से युवा मोर्चा और आईटी सेल के सदस्यों को सक्रिय रहने को कहा। वहीं पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी को चुनाव में जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार जिले के सभी छह विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। विधानसभा चुनाव को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्र में कोर कमिटी की बैठक आयोजित की जा रही है। कार्यकर्ताओं से सुझाव लिया जा रहा है। टिकट बंटवारा और प्रत्याशियों के चयन के लिहाज से यह बैठक अत्यंत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, मनीष राज पाठक, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रेखा पासवान, मनोज शर्मा, जिला प्रभारी मनोज मेहता, विधानसभा संयोजक मनोज मेहता समेत विधानसभा के सभी मंडल के अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, सभी मोर्चा के अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्नातक पास बेरोजगारों को मिलेगी आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार ने आगामी चुनाव से पहले बेरोजगार युवक-युवतियों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने युवक-युवतियों को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का दायरा बढ़ा दिया है। यह बात समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह योजना पहले 12वीं पास बेरोजगारों के लिए थी। अब इस योजना का लाभ स्नातक (कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण युवक-युवतियों को भी मिलेगा। इस योजना के तहत 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवक-युवतियां, जो ना तो आगे की पढ़ाई कर रहे हैं और ना ही किसी प्रकार के रोजगार (सरकारी, निजी, स्वरोजगार) से जुड़े हैं, उन्हें प्रत्येक माह 1000 रूपये की दर से अधिकतम दो वर्षों तक भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले में 32416 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। इसको लेकर 50 करोड़ 81 लाख 78 हजार रूपये की राशि भुगतान के लिए अग्रसारित किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की 'सात निश्चय-2' योजना के तहत इसे वर्ष 2025-26 तक के लिए विस्तारित किया गया है। कहा कि योजना का उद्देश्य स्पष्ट है, युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। बिहार सरकार युवाओं को शून्य-ब्याज पर ऋण प्रदान करेगी। शिक्षा ऋण लेने वाले छात्र की मृत्यु कोर्स अवधि में होने पर ऋण माफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऋण चुकाने की प्रक्रिया को और भी आसान बना दिया है। अब दो लाख रुपये तक का लोन अधिकतम 84 किस्तों (7 साल) में चुकाया जा सकेगा। पहले यह अवधि 60 किस्तें (5 साल) थी। दो लाख से अधिक का लोन अधिकतम 120 किस्तों (10 साल) में चुकाया जा सकेगा। पहले यह अवधि 84 किस्तें (7 साल) थी। इस बदलाव से छात्रों और उनके परिवारों पर आर्थिक दबाव काफी हद तक कम होगा।

# आभूषण दुकान की दीवार तोड़कर लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के रामाबांध स्थित कलावती ज्वेलर्स में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। शुक्रवार की रात दुकान का दीवार तोड़कर अज्ञात चोर अंदर पहुंचे और लाखों रुपए के सोने-चांदी की ज्वेलरी चुरा ली। नावाडीह के रहने वाले दुकान के मालिक शुभम कुमार ने बताया कि उन्हें वारदात की जानकारी उस वक्त हुई जब शनिवार सुबह वे दुकान खोलने पहुंचे। शुभम कुमार ने बताया कि हर दिन की तरह शुक्रवार की रात दुकान को बंद कर घर चला गया था। सुबह आया तो शटर खोला, अंदर पहुंचा तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा है। पीछे की दीवार टूटी हुई है। उन्होंने बताया कि 6 से 8 किलो चांदी जबकि 200 ग्राम सोना और लगभग डेढ़ लाख रुपए कैश की चोरी हुई है। शुभम ने वारदात की जानकारी तत्काल नगर थाना की पुलिस को दी। नगर थाना के दारोगा चंदन कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी दल-बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है। पुलिस की टीम को जांच पड़ताल के लिए भेजा गया है। घटना का साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जाएगा। दुकान मालिक की ओर से जो आवेदन प्राप्त होगा, उसी आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही चोरों को गिरफ्त में कर लिया जाएगा।

# औरंगाबाद के 11 वरीय कलाकारों को सरकार देगी पेंशन

## पेंशन के लिए पात्र कलाकार अभी भी कर सकते हैं आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार की मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ एवं आर्थिक रूप से विपन्न कलाकारों को अब मासिक पेंशन का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले में प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद कई कलाकारों के आवेदन स्वीकृत कर लिए गए हैं। इन स्वीकृत आवेदनों की अनुशंसा राज्य सरकार को भेज दी गई है ताकि पात्र कलाकारों को शीघ्र पेंशन का लाभ मिल सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज तथा पेंशन योजना हेतु गठित चयन समिति के वरीय सदस्य वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने बताया कि उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में जिले के विभिन्न विधाओं—लोककला, नाटक, संगीत, नृत्य, चित्रकला और साहित्य—से जुड़े कलाकारों द्वारा प्राप्त आवेदनों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जांच और पात्रता की पुष्टि के बाद कई वरिष्ठ कलाकारों के नाम पेंशन के लिए राज्य सरकार को अनुशंसित किए गए हैं। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना बिहार सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक पहल है। इसका उद्देश्य राज्य के ऐसे वरिष्ठ, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा कला, संस्कृति और समाज की सेवा में समर्पित किया है। इस योजना के तहत 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे कलाकार, जो कम से कम 10 वर्षों से कला के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं और जिनकी आय सरकार द्वारा निर्धारित सीमा प्रतिवर्ष एक लाख 20 हजार से कम है, उन्हें मासिक पेंशन दी जाती है। कमल किशोर ने बताया कि यह योजना उन कलाकारों के जीवन में सम्मान और सुरक्षा का भाव लाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिन्होंने दशकों तक लोककला, नाटक, संगीत और चित्रकला के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक चेतना जगाई। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल वरिष्ठ कलाकारों को आर्थिक सहारा देगी बल्कि युवाओं में भी यह संदेश देगी कि कला और संस्कृति का क्षेत्र सम्मान और योगदान का प्रतीक है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगे और अधिक पात्र कलाकारों को चिन्हित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि कोई भी योग्य कलाकार इस योजना से वंचित न रह जाए। बिहार सरकार की यह पहल कला, संस्कृति और लोक परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ कलाकारों के जीवन में स्थायित्व और गरिमा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# 5 अक्टूबर को रिउर पंचायत में जन संवाद यात्रा करेंगे पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह आज 5 अक्टूबर को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के रिउर ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत 'जन संवाद यात्रा' करेंगे। जदयू के बारून प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के तहत सभी गांवों का दौरा हो चुका है। अब दूसरे चरण की शुरुआत कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद 5 अक्टूबर की सुबह 10:30 बजे मल्लू खैरा, 11 बजे बतसपुर, 11:30 बजे नकाईन, 12 बजे गोपी बिगहा, 12:30 बजे लोहा पिपर, 1 बजे बहुआरा, बसावन बिगहा, 1:30 बजे साहू खाप, 2 बजे रमडीहा, 2:30 बजे बघोइया, 3 बजे सोहदा, 3:30 बजे बाबूराम बिगहा, सेन्दो खाप, 4 बजे रिउर, 4:30 बजे बहुरिया बिगहा एवं 5 बजे ईगुना, मालपुर गांव में जन संवाद यात्रा करेंगे। इस कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

# एलआरडीसी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत दाउदनगर के भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा विभिन्न स्थलों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के ठहराव हेतु निर्धारित अवसान स्थलों एवं मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराना सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के क्रम में अवासन स्थलों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधा भोजन, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत आपूर्ति सहित का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही मतदान केंद्रों तक पहुंच मार्ग, संचार व्यवस्था एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता का भी परीक्षण किया गया। भूमि सुधार उपसमाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ताकि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कर ली जाएं एवं निर्वाचन कार्य निर्विघ्न संपन्न हो सके।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए के कार्यकाल का कोई मुकाबला नहीं कर सकता : संतोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा।** पिछले 15 वर्षों में बिहार की एनडीए सरकार ने विकास का जो पैमाना तय किया है, उसे बताने की जरूरत नहीं है। जनता उसे बखूबी जानती है। बिहार को जंगल राज से बाहर निकाल कर हर तरफ मंगलमय वातावरण तैयार करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए के कार्यकाल का कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। यह बातें सूबे के लघु जल संसाधन मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कही। वे शनिवार को अंबा के चिल्हकी हाई स्कूल के खेल मैदान मे आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों में राज्य में जहां बुनियादी सुविधाओं का विकास हुआ वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। साइकिल योजना, छात्रवृत्ति योजना, मध्यान भोजन योजना, मुफ्त में पुस्तक बच्चों को सुलभ कराना, राज्य के विद्यालयों को नए भवनों से सुसज्जित करना ऐसे तमाम कार्य राज्य में शिक्षा के बढ़ावा देने के लिए वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 125 यूनिट बिजली फ्री, वृद्धजन का पेंशन 400 से 11 सौ करने, बीए पास युवाओं को स्वयं सहायता भत्ता प्रदान की जा रही है, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार तथा 50 लाख लोगों को नौकरी और रोजगार देने का काम सरकार ने किया है।

# अवैध देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कुटुंबा पुलिस ने अवैध देसी कट्टा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जबकि दो फरार हो गये। फरार अभियुक्तों की पुलिस तलाश कर रही है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के फ़ेकू बिगहा निवासी भोला उर्फ़ अभिषेक कुमार एवं गोरियारपुर निवासी सचिन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि सूचना मिली कि फ़ेकू बिगहा में कुछ लड़के अवैध देसी कट्टा लेकर घूम रहे हैं। सूचना के सत्यापन में पहुंची पुलिस को देख चार युवक अचानक भागने लगे जिसमें दो फरार हो गए जबकि दो अभियुक्त फूसनुमा झोपड़ी से पकड़े गए। इनके पास से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दशहरा पूजा के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के दौरान हर्ष फायरिंग की योजना थी। जब्त देसी कट्टा और कारतूस फरार अभियुक्तों का है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया। मामले में फरार अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। जल्द ही दोनों पकड़े जायेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के मद्देनजर पुलिस विशेष छापेमारी अभियान चला रही है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे। उनके विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की जायेगी।

# चोरों ने कई घरों को बनाया निशाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के जसोइया मोड़ स्थित वार्ड नंबर-एक के कन्हाई बिगहा मुहल्ले में अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया तथा मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसा। चोरों ने तीन लाख रुपये नकदी और 15 लाख रुपये का सोने व चांदी का आभूषण गायब कर दिया। उक्त मकान आजाद समाज पार्टी के रामजन्म राम का है। मकान में रह रहे किरायेदारों के फ्लैट में भी चोरी की घटना हुई। गृहस्वामी को इस बात का पता तब चला जब दुर्गा पूजा का त्योहार समाप्त होने के बाद शुक्रवार को अपने आवास पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बुधवार को अपने पूरे परिवार के साथ दशहरा मनाने अपने पैतृक गांव ईंटहट चले गये थे। उनके मकान में रहने वाले दो किरायेदार भी दशहरा पर्व को लेकर अपने-अपने घर चले गये। शुक्रवार को जब आवास पर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ पाया। जब मकान के अंदर प्रवेश किया तो कई कमरों का भी ताला टूटा हुआ था तथा सामान बिखरे पड़े थे। उन्होंने बताया कि चोरों ने घर में रखे अलमारी का ताला तोड़ लगभग 15 लाख रुपये का आभूषण और दो लाख नकदी गायब कर दिया। इसके अलावा किरायेदारों के कमरों का भी ताला टूटा हुआ था तथा एक किरायेदार के कमरे में रखा हुआ 50 हजार रुपए नगद तथा अन्य सामान गायब थे। यही नहीं चोरों ने दूसरे किराएदार के कमरे का भी ताला तोड़कर सामान तथा नकदी गायब कर दिया है। इसके साथ ही आसपास के तीन मकानों में भी चोरी की घटना का मामला प्रकाश में आया है। चोरी की घटना के बाद गृहस्वामी द्वारा इसकी जानकारी डायल 112 को दी गयी। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिक दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# दूसरे दिन भी सामूहिक अवकाश पर रहे आइटी व कार्यपालक सहायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लेकर जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायक व आइटी सहायक दूसरे दिन भी सामूहिक अवकाश पर रहे। इस क्रम में शनिवार को बिहार राज्य आइटी कर्मी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले दानी बिगहा में धरना पर बैठे रहे। धरना का नेतृत्व कार्यपालक सहायक सेवा संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि सेवा नियमित व वेतनमान समेत विभिन्न मांगों को लेकर हम सभी लगातार मांग कर रहे हैं। इस क्रम में अधिकारियों के साथ सरकार के विभिन्न मंत्री व जनप्रतिनिधि से मिलकर ज्ञापन सौंपा परंतु सरकार द्वारा किसी तरह का विचार नहीं किया गया। संघ द्वारा दो दिनों का सामूहिक अवकाश व सोमवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। धरना प्रदर्शन को संघ के सचिव रंजन कुमार, मो जफर, धनंजय कुमार, प्रेम कुमार, संजीव कुमार, संजीव कुमार, मनीष कुमार आदि ने भी संबोधित किया। यदि सरकर हमारी मांगों पर विचार नहीं करती तो हमलोग अनिश्चितकालीन तक भूख हड़ताल पर रहेंगे। आइटी सहायक की ओर से आंदोलन का नेतृत्व बिहार राज्य आइटी सहायक सेवा संघ के जिलाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने किया। कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद किया। इस मौके पर मुरारी कुमार, आनंद कुमार, अंपु कुमार, नीरज कुमार, अमित कुमार, राजीव रंजन कुमार, कौशलेंद्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, अमित रंजन, मुकेश कुमार, रितेश कुमार, शशिकांत आदि मौजूद थे। इधर कार्यपालक व आइटी सहायक को सामूहिक अवकाश पर चले जाने से जिले के विभिन्न कार्यालय में कार्य प्रभावित रहा। इस दौरान ऑनलाइन संबंधी कार्य पूरी तरह ठप रहा। आरटीपीएस काउंटर पर सन्नाटा पसरा रहा। इसके अलावा राजस्व, मनरेगा, खाद्यान्न, कृषि विभाग, बिजली विभाग के कार्यो पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। विभिन्न कार्यों को लेकर कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को कर्मियों के नहीं रहने से वापस लौट गये।

# प्रत्येक मतदाता को सक्रिय होना अत्यंत आवश्यक : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव के दौरान शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में निर्वाचन साक्षरता क्लब अंतर्गत विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) में नामांकित छात्र एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को निर्वाचन प्रक्रिया में नागरिकों की भूमिका, मताधिकार के महत्व एवं लोकतंत्र की सुदृढ़ता में प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक तंत्र है और इसे सशक्त एवं अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रत्येक मतदाता का जागरूक एवं सक्रिय होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित सभी को स्वयं अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा आगामी निर्वाचन में भाग लेकर अपने लोकतांत्रिक दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत उपस्थित छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में सक्रिय योगदान देने हेतु शपथ ग्रहण कराई गई। सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई कि 'हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी, डीआरसीसी प्रबंधक स्नेहा कुमारी सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीआरसीसी में नामांकित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

# राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 84 सदस्यीय दल रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खेल विभाग बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं शिक्षा विभाग बिहार के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 05, 06 एवं 07 अक्टूबर को पटना, पूर्वी चंपारण, गयाजी, बेगूसराय एवं भोजपुर में यह आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी औरंगाबाद कुमार पप्पू राज ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार इस प्रतियोगिता में साइकिलिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में औरंगाबाद से 77 खिलाड़ियों एवं सात दल प्रभारियों सहित कुल 84 सदस्यीय खिलाड़ियों का दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं में भाग लेकर औरंगाबाद का प्रतिनिधित्व करेगा। जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी एकल प्रतियोगिता के प्रथम विजेता एवं सामूहिक प्रतियोगिता के विजेता राज्य स्तरीय स्तर पर भाग लेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269